

रक्षा मंत्री राजनाथ बोले- रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हम - 12




बैंक, आईटी शेयरों में तेजी से सेंसेक्स 174 अंक मजबूत, निफ्टी 42 अंक - 12



भारत अपने वैश्विक साझेदारों के साथ अधिक गहनता से जुड़ रहा : जयशंकर - 13




टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने युनाइटेड किंगडम - 14


आज का मौसम
28.0° अधिकतम तापमान
14.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.42
सूर्यास्त 06.03

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, कानपुर, मुरादाबाद, अयोध्या, हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 04:57 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

बुधवार, 18 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 185, पृष्ठ 14 | मूल्य 6 रुपये


## यूपीएसटीडीसी ने शुरू किया अयोध्या के लिए सुगम दर्शन टूर पैकेज

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने श्रद्धालुओं के लिए लखनऊ से अयोध्या तक विशेष टूर पैकेज की शुरुआत की है। सुगम दर्शन सेवा के माध्यम से अब राम भक्त बिना लंबी कतारों में प्रतीक्षा किए सीधे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में रामलला के दर्शन कर सकेंगे। उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपीएसटीडीसी से वर्ष 2025 से संचालित लखनऊ-अयोध्या टूर पैकेज को यात्रियों का भरपूर समर्थन मिला है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के मद्देनजर एक दिवसीय आरामदायक यात्रा के लिए टेंपो ट्रैवलर सेवा प्रारंभ की जा रही है। इसकी पहली यात्रा 21 फरवरी को प्रस्तावित है। इच्छुक श्रद्धालु इस विशेष टूर पैकेज की बुकिंग यूपीएसटीडीसी की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से कर सकते हैं। यात्रा की शुरुआत सुबह आठ बजे लखनऊ के होटल गोमती से होगी, यह करीब साढ़े दस बजे तक अयोध्या पहुंचेगी। इसके बाद यात्रियों को हनुमानगढ़ी, श्रीराम जन्मभूमि और कनक भवन में दर्शन कराए जाएंगे। दोपहर के समय सरयू गेस्ट हाउस में भोजन के बाद सरयू रिवर फ्रंट (राम की पैड़ी) और नागेश्वरनाथ मंदिर का भ्रमण कराया जाएगा। शाम को लगभग साढ़े आठ बजे यात्रियों की लखनऊ वापसी होगी।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए आगे आएं अखिलेश : योगी

- सीएम ने बताया, यूपी में पिछली बार से ज्यादा सीटें जीतकर भाजपा की बनेगी सरकार
- कहा- इटावा के केदारेश्वर मंदिर बनवाने में अखिलेश की नीयत साफ नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए आगे आने की सलाह दी है। इटावा में निर्माणाधीन केदारेश्वर मंदिर के संभावित निमंत्रण पर उन्होंने कहा कि यदि अखिलेश यादव शुद्ध नीयत से यह मंदिर बनवाते तो मैं अवश्य जाता, लेकिन नीयत साफ नहीं है। फिर भी मैं उनको बधाई दूंगा कि देर आए-दुरुस्त आए, आखिर मंदिर बनवा रहे हैं। अब वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए भी आगे आएं, लोग प्रशंसा करेंगे।

मुख्यमंत्री मंगलवार को एक कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। इस मौके पर योगी ने साफ शब्दों में एलान किया कि 2022 से अधिक सीटें पाकर 2027 में डबल इंजन की भाजपा सरकार फिर सत्ता में आएगी। कहा कि कांग्रेस व राजद की जो दुर्गति बिहार में हुई है, 2027 में वही दुर्गति कांग्रेस व सपा की उत्तर प्रदेश में तय है। योगी ने वंदे मातरम के जिक्र पर कहा कि यह राष्ट्रगीत है, यह आजादी का मंत्र रहा है। इस गीत को गाते-गाते क्रांतिकारियों ने फांसी के फंदे को चूमने में संकोच नहीं किया। राष्ट्र प्रतीकों का अपमान संविधान निर्माताओं, बाबा साहेब व क्रांतिकारियों का अपमान है। राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान व तिरंगा का अपमान राष्ट्रद्रोह है, जिसे भारत स्वीकार नहीं करेगा। योगी ने कहा कि भाजपा ने राममंदिर के साथ रामराज्य की अवधारणा को



लखनऊ में लोगों से रूबरू होते मुख्यमंत्री योगी।

धरातल पर उतारा है। यह डबल इंजन सरकार की ताकत है, जो कहा है, वह करके दिखाया है। आगे भी जो कहेंगे, करके दिखाएंगे।

योगी ने कहा कि सोमनाथ मंदिर को अपवित्र करने वाले और अयोध्या में श्रीराम मंदिर पर पहला आतंकी हमला करने वाले गाजी को उसके पापों की सजा महाराज सुहेलदेव ने दी थी। लेकिन सपा के लोग महाराज सुहेलदेव का गुणगान करने के बजाय गाजी का नाम लेते हैं, उसका मेला लगाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी को देश और अखिलेश यादव को यूपी गंभीरता से नहीं लेता।

### बुलडोजर और ब्रह्मोस एक-दूसरे के पूरक

योगी ने कहा कि बुलडोजर और ब्रह्मोस एक-दूसरे के पूरक हैं। बुलडोजर यूपी की स्ट्रेंथ का प्रतीक है। हम इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ देश के सबसे बड़े और सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे के नेटवर्क को यूपी में स्थापित कर सकते हैं। यूपी की जनता जिसकी अपेक्षा कर रही थी, बुलडोजर उस माफिया प्रवृत्ति को कुचल सकता है। ब्रह्मोस जैसे सेक्टर में भी यूपी में बड़े निवेश हो रहे हैं। यह भारत की सामरिक शक्ति का प्रतीक है। किसी ने गुस्ताखी करने का प्रयास किया तो दुश्मन को उसके ठिकाने पर जाकर मारेंगे।

### परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी के चेयरमैन हैं सपा मुखिया

योगी ने कहा कि पीडीए एक परिवार के विकास के लिए गठित अवसरवादी अथॉरिटी है जिसके चेयरमैन अखिलेश, शिवपाल सीईओ और रामगोपाल यादव वाइस चेयरमैन होंगे। उनके पास महाभारत के सारे रिश्ते हैं, बाकी अन्य भाई-भतीजों को भी इसमें स्थान मिलेगा। कहा कि अखिलेश यादव को संघ की शाखाओं में जाकर सामान्य आचार व नियमों की जानकारी लेनी चाहिए। अखिलेश 12 बजे सोकर उठते हैं, वे संघ की शाखा में जाएंगे तो जल्दी जगने की आदत हो जाएगी।

## ब्रीफ न्यूज

### तेलंगाना के मंत्री के काफिले पर पथराव पुलिसकर्मी घायल

**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता और तेलंगाना के श्रम मंत्री जी विवेक वेंकटस्वामी के काफिले पर मंगलवार को मंचरियाल जिले में पथराव किया गया। इस घटना में एक पुलिस कांस्टेबल घायल हो गया। यह घटना उस समय हुई जब मंत्री और अन्य कांग्रेस नेता क्याथनपल्ली नगरपालिका अध्यक्ष के चुनाव में भाग लेने जा रहे थे। पुलिस ने मंत्री के काफिले को कथित तौर पर रोकने वाले बीआरएस कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है और घटना की जांच की जा रही है।

### दुर्घटना में मारे गए व्यक्ति के परिवार को 1.5 करोड़ का मुआवजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने 2022 में एक सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले 48 वर्षीय एक व्यक्ति के परिवार को 1.53 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। पीडित रक्षा मंत्रालय में कार्यरत थे। पीठासीन अधिकारी विजय कुमार झा ने पीड़ित मुकेश कुमार कश्यप के परिवार द्वारा दायर दावा याचिका पर सुनवाई की। कश्यप, रक्षा मंत्रालय के वैमानिकी) में कार्यरत थे। कश्यप 30 मई, 2022 को काम से घर लौट रहे थे कि तभी एक अन्य मोटरसाइकिल ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी।

# फ्रांस के सहयोग से भारत बनाएगा माउंट एवरेस्ट तक उड़ान भरने वाला हेलीकॉप्टर

## राष्ट्रपति मैक्रों और प्रधानमंत्री मोदी ने रक्षा, व्यापार व प्रौद्योगिकी में सहयोग बढ़ाने का लिया संकल्प

- दोनों नेताओं ने हेलीकॉप्टरों के उत्पादन के लिए कलपुर्जों को जोड़ने वाली इकाई का डिजिटल तरीके से किया उद्घाटन

नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी

भारत और फ्रांस ने द्विपक्षीय संबंधों को मंगलवार को विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के मुकाम तक पहुंचाया और दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व ने बढ़ते भू-राजनीतिक उथल-पुथल के मद्देनजर रक्षा, व्यापार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कर्नाटक के वेमागल में एयरबस एच125 हेलीकॉप्टरों के उत्पादन के लिए कलपुर्जों को जोड़ने संबंधी इकाई का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया।

तीन दिवसीय भारत दौरे पर आए फ्रांसीसी राष्ट्रपति के मुंबई पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद, मोदी ने वहां मैक्रों के साथ व्यापक वार्ता की। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और फ्रांस के बीच एक विशेष संबंध है। राष्ट्रपति मैक्रों के साथ मिलकर हमने इस रणनीतिक साझेदारी को अभूतपूर्व गहराई और ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने कहा, इसी विश्वास और साझा दृष्टिकोण के आधार पर, आज हम अपने (द्विपक्षीय) संबंधों को 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' के रूप में स्थापित कर रहे हैं। मोदी ने एच-125 हेलीकॉप्टर 'असेंबली लाइन' का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, हमें इस बात पर गर्व है कि दोनों देश मिलकर भारत में दुनिया का एकमात्र ऐसा हेलीकॉप्टर बनाएंगे, जो माउंट एवरेस्ट (विश्व की सबसे ऊंची पर्वत चोटी) की ऊंचाई तक उड़ान भर सकेगा और इसे पूरी दुनिया में निर्यात किया जाएगा। उन्होंने कहा, 2026 भारत और यूरोप के बीच संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। कुछ ही दिन पहले, हमने यूरोपीय संघ के साथ भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और सबसे महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) किया है। प्रधानमंत्री ने भारत-फ्रांस संबंधों को वैश्विक स्थिरता का एक महत्वपूर्ण कारक बताया। उन्होंने कहा, वर्तमान में, विश्व अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। ऐसे माहौल में भारत-फ्रांस साझेदारी वैश्विक स्थिरता का एक महत्वपूर्ण कारक है।



मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### मैक्रों ने मुंबई के मरीन ड्राइव पर 'जॉगिंग' की, 26/11 हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी

**मुंबई।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मंगलवार तड़के मुंबई पहुंचे और अपने दिन की शुरुआत कोस्टल रोड के पास मरीन ड्राइव पर 'जॉगिंग' के साथ की। मैक्रों और प्रथम महिला ब्रिगिट मैक्रों ने बाद में दक्षिण मुंबई के ताज महल पैलेस होटल में नवंबर 2008 में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति मैक्रों प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर 17 से 19 फरवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। वह भारत में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेंगे और मुंबई में मोदी के साथ द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन करेंगे। राष्ट्रपति मैक्रों की यह भारत की चौथी और मुंबई की पहली यात्रा है। इससे पहले दिन में, महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया।

# सुप्रीम कोर्ट ने एआई से याचिकाएं तैयार करने पर जताई चिंता

- कहा- कुछ वकील याचिकाओं का मसौदा तैयार करने को एआई का प्रयोग कर रहे हैं जो अनुचित

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने वकीलों के एआई टूल से तैयार की गईं याचिकाएं दायर करने के बढ़ते चलन पर मंगलवार को गंभीर चिंता जताई। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, हम यह देखकर परेशान हैं कि कुछ वकीलों ने याचिकाओं का मसौदा तैयार करने के लिए एआई का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। यह बिल्कुल अनुचित है। पीठ ने यह बात शिक्षाविद रूप रेखा वर्मा की एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कही, जिसमें राजनीतिक भाषणों को लेकर दिशानिर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया था।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि उन्हें हाल में मर्सी बनाम मैनकाइंड नाम का एक ऐसा उद्धरण मिला जो अस्तित्व में है ही नहीं। प्रधान न्यायाधीश ने ऐसे ही एक मामले का जिक्र किया और कहा कि न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की अदालत में, एक नहीं बल्कि ऐसे कई फैसलों का हवाला दिया गया था। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि कई बार, जिन फैसलों का जिक्र किया जाता है वे सही होते हैं, लेकिन उन फैसलों के साथ फर्जी उद्धरण जोड़ दिए जाते हैं और इससे उनकी विषयवस्तु का सत्यापन करना बहुत मुश्किल हो जाता है।



### जजों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है : नागरत्ना

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, इससे न्यायाधीशों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। इस बीच, न्यायमूर्ति बागची ने विधिक मसौदा तैयार करने की कला में गिरावट पर दुख जताया और कहा कि कई विशेष अनुमति याचिकाओं में ज्यादातर पिछले फैसलों के लंबे उद्धरण होते हैं, जिनमें कानूनी आधारों की मौलिक जानकारी बहुत कम होती है।

# यूपी बोर्ड परीक्षाएं आज से 53 लाख छात्र होंगे शामिल

- 8033 केन्द्रों पर आयोजित होगी परीक्षा, नकलविहीन परीक्षा का लिया संकल्प
- योगी सरकार ने की ऑनलाइन मॉनिटरिंग और कड़े सुरक्षा इंतजामों की व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च, तक आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष कुल 53,37,778 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें हाईस्कूल के 27,61,696 और इंटरमीडिएट के 25,76,082 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। परीक्षाओं को नकलविहीन, पारदर्शी व सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रदेश में कुल 8033 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 596 राजकीय, 3453 अशासकीय सहायता प्राप्त और 3984 स्ववित्त पोषित विद्यालय शामिल हैं।

सरकार ने नकलविहीन परीक्षा का संकल्प लेते हुए ऑनलाइन मॉनिटरिंग समेत कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। परीक्षा की निगरानी के लिए प्रत्येक परीक्षा कक्ष में वॉयस रिकॉर्डरयुक्त दो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनके साथ राउटर, डीवीआर और हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सम्पूर्ण परीक्षा अवधि की लाइव मॉनिटरिंग वेबकास्टिंग के माध्यम से की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों पर बनाए गए स्ट्रांग रूम 24×7 सीसीटीवी निगरानी में रहेंगे। इसके अतिरिक्त सभी जिलों के प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के स्ट्रांग रूम, प्रश्नपत्र वितरण कक्ष और उत्तर पुस्तिका सीलिंग-पैकिंग कक्ष की भी ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाएगी। व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए 8033 केन्द्र व्यवस्थापक, 8033 बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, 8033 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 1210 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 427 जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।

### अनुचित क्रियाकलाप पर होगा सख्त एक्शन

प्रदेश में लागू 'उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024' के तहत प्रश्नपत्र निर्माण, मुद्रण, वितरण, मूल्यांकन आदि में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर कठोरतम कार्रवाई का प्रावधान है। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि सार्वजनिक परीक्षाओं में कदाचार युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय है, सरकार ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है।

माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने परीक्षा से पूर्व मंगलवार को शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), लखनऊ शिविर कार्यालय में स्थापित राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया।

# कोर्ट ने कुलदीप सेंगर के भाई जयदीप को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा

- उन्नाव पीड़िता के पिता की मृत्यु मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने की सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि भाजपा से निर्वासित नेता कुलदीप सेंगर के भाई जयदीप को आत्मसमर्पण कर देना चाहिए, क्योंकि पहले उन्हें चिकित्सा आधार पर दी गई अंतरिम जमानत को बढ़ाने का कोई आदेश नहीं है।

यह मामला उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत से जुड़ा है। अदालत जयदीप सेंगर की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने अपनी अंतरिम जमानत को तीन महीने तक बढ़ाने की मांग की थी, जिसका सीबीआई ने विरोध किया। इस मामले में निचली अदालत द्वारा 10 साल की सजा पाए 50-वर्षीय जयदीप सेंगर ने मुंह के कैंसर से पीड़ित होने के कारण अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाने की अपील की है।




# तारिक ने बांग्लादेश के पीएम पद की ली शपथ

- लोसकभा अध्यक्ष ओत बिरला ने समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता तारिक रहमान ने मंगलवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही, नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस नीत अंतरिम सरकार का 18 महीने से जारी शासन समाप्त हो गया, जिस दौरान बांग्लादेश में राजनीतिक अनिश्चितता और अराजकता की स्थिति रही थी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बांग्लादेश के शीर्ष राजनीतिक एवं सैन्य नेतृत्व की उपस्थिति में जातीय संसद के 'साउथ प्लाजा' के खुले परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उनके साथ विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी थे। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने रहमान (60) को परंपरा से हटते हुए, बंगभवन के बजाय जातीय संसद के 'साउथ प्लाजा' में पद की शपथ दिलाई। आम चुनावों में अपनी पार्टी को शानदार जीत दिलाने वाले रहमान ने कहा, मैं प्रधानमंत्री के तौर पर कानून के अनुसार कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगा। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत जियाउर रहमान के पुत्र तारिक रहमान 17 वर्षों तक स्वनिर्वासन में लंदन में रहने के बाद दो महीने पहले स्वदेश लौटे थे।



**आह्वान** | आरएसएस प्रमुख ने मतांतरण, घुसपैठ और जनसंख्या असंतुलन पर जताई चिंता, कहा- सामाजिक सद्भाव से ही मजबूत होगा राष्ट्र, विश्व को दिशा देगा भारत

# संघ प्रमुख भागवत बोले- संगठित और सशक्त हो हिंदू समाज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने हिंदू समाज से संगठित और सशक्त होने का आह्वान करते हुए कहा कि हमें किसी से भय नहीं है, लेकिन सजग और सावधान रहने की आवश्यकता है। समाज की मजबूती आपसी एकता, सद्भाव और कर्तव्यबोध से ही संभव है।

डॉ. भागवत लखनऊ के निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित सामाजिक सद्भाव बैठक को संबोधित कर रहे थे। हिंदुओं की घटती जनसंख्या पर चिंता जताते हुए कहा कि लालच व जबरदस्ती के जरिए हो रहे मतांतरण पर प्रभावी रोक लगनी चाहिए। घर वापसी का कार्य तेज होना चाहिए और जो लोग हिंदू समाज में लौटें, उनका समुचित ध्यान रखना भी समाज का दायित्व है। बढ़ती घुसपैठ को गंभीर समस्या बताते हुए उन्होंने कहा कि घुसपैठियों को डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट करने की नीति अपनानी होगी तथा उन्हें रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाना चाहिए। उन्होंने परिवार व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि समाज के अस्तित्व के लिए संतुलित जनसंख्या आवश्यक है। वैज्ञानिकों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जिस समाज में औसतन तीन से कम बच्चे होते हैं, वह भविष्य में समाप्त हो जाता है। यह बात नवविवाहित दंपतियों को समझाई जानी चाहिए। उन्होंने विवाह को केवल वासना पूर्ति नहीं, बल्कि सृष्टि के निरंतर प्रवाह से जोड़ते हुए कहा कि इसी से कर्तव्यबोध और जिम्मेदारी का भाव पैदा होता है। यूजीसी गाइडलाइन पर उन्होंने कहा कि कानून सभी को मानना चाहिए। यदि कोई कानून गलत है तो उसे बदलने का संवैधानिक मार्ग भी मौजूद है। जातियों को झगड़े का कारण नहीं बनना चाहिए। समाज में अपनेपन का भाव होगा तो टकराव की स्थितियां स्वतः खत्म होंगी।



### सद्भाव और समन्वय से आगे बढ़ेगा समाज

सरसंघचालक ने कहा कि सद्भाव के अभाव में भेदभाव जन्म लेता है। हम सभी एक देश और एक मातृभूमि के पुत्र हैं। मनुष्य होने के नाते हम सब समान हैं। समय के साथ जो भेदभाव की आदतें पड़ी हैं, उन्हें दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि सनातन विचारधारा मूल रूप से सद्भाव की विचारधारा है। हम किसी को मिटाने की सोच नहीं रखते, बल्कि एक ही सत्य के सर्वत्र अस्तित्व को मानते हैं। इस दर्शन को व्यवहार में लाने से समाज में व्याप्त भेदभाव स्वत: समाप्त हो जाएगा।

### मातृशक्ति समाज और परिवार की रीढ़

डॉ. भागवत ने मातृशक्ति को परिवार और समाज की आधारशिला बताते हुए कहा कि हमारी परंपरा में स्त्री को अबला नहीं, बल्कि असुर मर्दिनी माना गया है। महिलाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण मिलना चाहिए। पश्चिमी दृष्टि से अलग भारतीय संस्कृति में महिला को माता का स्थान दिया गया है, जहां सौंदर्य से अधिक वात्सल्य को महत्व मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत निकट भविष्य में विश्व का मार्गदर्शन करेगा, क्योंकि विश्व की अनेक समस्याओं का समाधान भारतीय जीवन दर्शन में निहित है।

## न्यूज ब्रीफ

### बसपा में सिद्धार्थ राजाराम व नौशाद का बढ़ा कद

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा सुप्रीमो मायावती ने संगठन में उच्च पदों पर फेरबदल किया है। माना जा रहा है कि आने वाले पंचायत और विधान सभा चुनावों के चलते पार्टी को गतिशील करने के लिए यह कदम उठाया गया है। बसपा प्रमुख के भतीजे आकाश आनंद के ससुर सिद्धार्थ गौतम का कद बढ़ा दिया है। उन्हें दिल्ली, गुजरात, छत्तीसगढ़ और केरल का प्रभारी बनाया गया है। राजाराम का भी कद बढ़ाया गया है। उन्हें मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा रामजी गौतम को महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु का प्रभारी बनाया गया है। उत्तर प्रदेश के 18 मंडल प्रभारियों की जिम्मेदारियों में भी फेरबदल किया गए हैं। मुस्लिम चेहरे नौशाद अली को यूपी के कानपुर, लखनऊ, आगरा और मेरठ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### निर्धारित स्टॉप पर बसों का ठहराव सुनिश्चित करें

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु एन. सिंह ने कहा कि सभी बसों का संचालन निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही निर्देश दिए कि सभी चालक एवं परिचालक प्रत्येक निर्धारित स्टॉप पर बस को अनिवार्य रूप से रोकें तथा यात्रियों को सुरक्षित रूप से उनके गंतव्य तक पहुँचाएं। इससे जहां यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी, वहीं निगम के राजस्व में भी वृद्धि सुनिश्चित होगी। प्रबंध निदेशक, मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त क्षेत्रों की समीक्षा कर रहे थे। निगम मुख्यालय में संपन्न बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों एवं सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी जांच स्कॉड दल दिन एवं रात्रि दोनों समय प्रभावी जांच व्यवस्था लागू करें। प्रभु एन सिंह ने कहा कि नियमित एवं सख्त जांच व्यवस्था से अनियमितताओं पर नियंत्रण पाया जा सकेगा तथा निगम की आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित होगी।

### दो आईपीएस का केन्द्र में हुआ इन्पैनलमेंट

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी कैडर के दो आईपीएस अफसरों का केन्द्र में आईजी पद के लिए इन्पैनलमेंट हुआ है। वर्ष 2006 के आईपीएस आकाश कुलहरि और मनोज कुमार हैं। आकाश कुलहरि मौजूदा समय में झांसी रेंज के आईजी हैं। इन्पैनलमेंट होने के बाद दोनों अधिकारियों की केन्द्र में आईजी पद पर सेवा ली जा सकती हैं।

### वसूली 70 फीसदी से कम तो होगी कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी पावर कारपोरेशन के प्रबन्ध निदेशक पंकज कुमार ने तल्ख लहजे में अफसरों को निर्देश दिए कि बिजली बिल वसूली और बिल राहत योजना में तेजी लाई जाए। यदि संतोषजनक परिणाम नहीं आ रहे तो फिर जिम्मेदार अफसरों से जवाब तलब किया जाए। साथ ही कहा कि एक दिसंबर-25 से अभी तक ढाई महाने में कारपोरेशन को 4,934 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ हैप्रबन्ध निदेशक ने मंगलवार को शक्ति भवन में बिल वसूली को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जहां भी बिजली बिल राहत योजना में प्रगति सही नहीं है, वहां कार्रवाई की जायेगी। इसमें एक-एक बकायेदार उपभोक्ता को ढूढ़कर पैसा जमा कराया जाए। जहां भी फीडर घाटे में है, वहां अभियान चलाकर व्यवस्था सुधारें। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वसूली की धनराशि जहां 70 फीसदी से कम हैं, वहां कार्रवाई होनी चाहिए। पांच किलोवाट से ऊपर के उपभोक्ताओं से सम्पर्क कर उनका बकाया जमा कराएं।



# हमने शंकराचार्य से क्षमा मांग अपनी गलती स्वीकार कर ली थी : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** शंकराचार्य मामले में सफाई देते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी कुछ नहीं जानते हैं, सपा सरकार के दौरान काशी में वह घटना गलत परिस्थितियों और भाजपा के तांडव की वजह से हुई थी, तब स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, शंकराचार्य नहीं थे, लेकिन उस घटना के बाद शंकराचार्य से हम लोगों ने क्षमा मांगते हुए अपनी गलती स्वीकार कर ली थी। हम लोग शंकराचार्य जी के साथ हैं।

### भाजपाइयों ने मेडिकल कॉलेजों की बिल्डिंग खड़ी करने में केवल कमीशन खाया

■ अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने सपा के समय में बने मेडिकल कॉलेज, कैंसर इंस्टीट्यूट व अन्य अस्पतालों की जानबूझकर अनदेखी की है। भाजपाइयों ने अपने समय में बने मेडिकल कॉलेजों की बिल्डिंग खड़ी करने में केवल कमीशन खाया है लेकिन उन्हें चलाया नहीं है। मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल, ट्रामा सेंटर बिना स्टॉफ के खड़े हैं। सपा प्रमुख ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि भाजपाइयों ने अपने कार्यालय, और मुख्य भाजपाई जी ने अपनी आयुष यूनिवर्सिटी तो खोल ली है परंतु जनहित में काम करने वाले आम अस्पतालों की पूरी तरह उपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री को तो ये समझ लेना चाहिए कि अगले मंत्रिमंडल विस्तार में उनसे विभाग छीनने का आधार बनाया जा रहा है। विभाग में वो नेम प्लेट पर ही मंत्री हैं, कोई उनकी सुनता भी नहीं है।

सपा प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि, यूपी में अपराधियों के डर व वसूली की वजह से कर्फ्यू जैसी पाबंदी रहती है। पूरे यूपी में गैरकानूनी लोगों का राज है। कमीशनखोर ही सरकार चला रहे हैं। भाजपा ने कुंभ और माघ मेले की सनातन परंपरा को तोड़ा, परम पूज्य शंकराचार्य का अपमान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की धरोहर को तोड़ने का पाप किया उसे एआई बताने का झूठा प्रचार किया। सनातन समाज और पाल समाज के लोग मुख्यमंत्री से बहुत नाराज हैं। धोखेबाज भाजपा लोगों को ठगने का काम कर रही है। कहा कि इन्होंने काशी में करीब सौ मंदिर भी तोड़े हैं। नेपाल नरेश का दान किया हुआ घंटा भी गायब हो गया है।

### अनुदान पर पाएं यंत्र 20 तक करें आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि विभाग ने फसल अवशेष के इन-सीटू एवं एक्स सीटू प्रबंधन के यंत्रों की बिक्री के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाकर 20 फरवरी कर दी है। एग्रीग्रेटर का लक्ष्य दो यंत्र वितरण का है, इसके सापेक्ष आवेदन तीन आए हैं और अधिक एफपीओ के प्रतिभाग करने के लिए मौका दिया है। उपनिदेशक कृषि विनय कुमार कौशल ने बताया कि एफपीओ को अनुदान पर यंत्र दिए जाएंगे। यह यंत्र फसल कटाते समय अवशेष जमीन में दबा देती है।

# एम-पैक्स से आत्मनिर्भर बने 54 लाख किसान

## सरकार ने सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया ऋण, उन्नत बीज और उर्वरक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में सहकारिता आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में योगी सरकार के एम-पैक्स सदस्यता महाअभियान का व्यापक परिणाम दिख रहा है। अभियान के जरिए अब तक करीब 54 लाख किसान सहकारी ढांचे से जुड़कर आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़े हैं। योगी सरकार का फोकस बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (एम-पैक्स) से लोगों को जोड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ती वित्तीय और कृषि सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

- **जिला सहकारी बैंकों में दो लाख से अधिक नए खाते खोले गए, 550 करोड़ की राशि खातों में जमा हुई**

विशेष अभियान के तहत किसानों को कम ब्याज दरों पर फसली ऋण, उन्नत गुणवत्ता के बीज और उर्वरक उपलब्ध कराए गए। इससे खेती की लागत घटाने और उत्पादन बढ़ाने में मदद मिली है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सहकारी बैंकों में दो लाख से अधिक नए खाते खोले गए हैं। इन खातों में अब तक लगभग 550 करोड़ रुपये की राशि जमा कराई जा चुकी है। वहीं, सदस्यों की भागीदारी से 110 करोड़ रुपये की अंश पूंजी जुटाई गई जिसके आधार पर कुल 660 करोड़ रुपये की धनराशि सहकारी तंत्र में प्रवाहित हुई। इससे गांवों में ऋण प्रवाह बढ़ा है और छोटे किसानों को सहूलियतें आसान हुई हैं।

### ग्रामीणों को घर के पास ही पंजीकरण और अन्य सेवाएं

■ योगी सरकार ने सहकारी ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए सदस्यता प्रक्रिया को भी पूरी तरह डिजिटल किया है। अब एम-पैक्स से जुड़ने के लिए डिजिटल पोर्टल और मोबाइल आधारित पंजीकरण की सुविधा लागू कर दी गई है। इससे ग्रामीणों को घर के पास ही पंजीकरण और अन्य सेवाएं मिल रहीं हैं। देश में पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एम-पैक्स का सदस्यता महाअभियान शुरू किया। यह सदस्यता महाअभियान दो चरणों में चलाया गया।

### क्यूआर कोड और यूपीआई भुगतान से आई पारदर्शिता

■ सहकारी समितियों को मजबूत करना योगी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। एम-पैक्स पर डिजिटल भुगतान प्रणाली क्यूआर कोड के जरिए शुरू की गई है। क्यूआर कोड और यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान प्रणाली शुरु हो जाने से कैशलेस एवं पारदर्शी भुगतान व्यवस्था लागू हुई है। इससे उर्वरक वितरण में पारदर्शी एवं सुविधाजनक तरीके से वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि सहकार से समृद्धि का लक्ष्य तेजी से हासिल किया जा सके।

### अब एक क्लिक पर होगा समस्याओं का समाधान

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जयपुर (राजस्थान) से किसानों के समर्पित एआई प्लेटफार्म "भारत विस्तार" 2026 का मंगलवार को विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में सहभागिता की। इस नवाचारपूर्ण प्लेटफार्म का उद्देश्य आधुनिक तकनीक के माध्यम से खेती-किसानी को अधिक समृद्ध, सशक्त और सरल बनाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि "भारत विस्तार" देश की कृषि व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला एक क्रांतिकारी कदम है। इसके माध्यम से किसानों को अपनी समस्याओं का समाधान अब एक क्लिक पर उपलब्ध होगा। किसान अपने मोबाइल फोन से 155261 डायल कर खेती से जुड़े प्रश्नों के त्वरित और सटीक उत्तर प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) तकनीक पर आधारित यह प्रणाली किसानों को मौसम, बीज, खाद, फसल प्रबंधन एवं सरकारी योजनाओं की अद्यतन जानकारी प्रदान करेगी। इससे कृषि क्षेत्र अधिक आधुनिक, वैज्ञानिक एवं लाभकारी बनेगा।



सूर्य प्रताप शाही।



राजधानी में मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान बैरिकेडिंग पर चढ़कर नारेबाजी करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य।

# कांग्रेसियों की पुलिस से नोकझोंक, धक्का-मुक्की

## मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में विधानसभा घेरने जाते समय हिरासत में लिए गए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मनरेगा बचाओ अभियान के तहत मंगलवार को विधानसभा का घेराव करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस ने पुलिस ने नोकझोंक और धक्का-मुक्की हो गई। कांग्रेसी नारेबाजी करते हुए बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। काफी जद्दोजहद के बाद पुलिस ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राज, विधायक अराधना मिश्रा मोना समेत करीब 50 नेताओं को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया, जहां से सभी को रिहा कर दिया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वह पुलिस का भय दिखाकर रोकने का प्रयास है, लेकिन वह रुकने वाले नहीं हैं। मनरेगा रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आत्मा है। मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस नेता माल ऐवेन्यू स्थित प्रदेश कार्यालय पर एकत्र हुए। दोपहर में वहां से विधानसभा का घेराव करने के लिए निकले। विधानभवन से पहले पुलिस व आरएएफ के जवानों ने बैरिकेडिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक लिया। इस दौरान प्रदेश प्रभारी ने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की समग्र आर्थिक प्रणाली को चलाने वाला आधार स्तंभ था। मनरेगा कोरोना काल की भीषण महामारी के दौर में प्रवासियों को रोजगार उपलब्ध कराकर जीवनदायिनी साबित हुई। अब मोदी सरकार खत्म करने पर अमादा है।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया कि सरकार के इशारे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस बल का प्रयोग किया गया है। इसकी वह कड़ी निंदा करते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया है सरकार इतनी डर गई कि लखनऊ समेत प्रदेश भर में कई बड़े नेताओं को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर दिया। इसके बाद भी भारी संख्या में कोने-कोने से नेता और कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल रहे। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकार को मनरेगा को पूर्व की तरह लागू करना चाहिए। विधायक अराधना मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस सदा गांव व गरीब के साथ खड़ी है। प्रदर्शन में सांसद किशोरी लाल शर्मा, राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, राजेश तिवारी, नीलांशु चतुर्वेदी, प्रदीप नरवाल, वीरेन्द्र चौधरी, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, लखनऊ के जिला अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह बबलू, शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव और शहजाद आलम सहित बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।



विधायक आराधना मिश्रा को बैरिकेडिंग पर चढ़ने से रोकते पुलिसकर्मी।

# सपा सरकार में बिजली के तारों पर महिलाएं सुखाती थीं कपड़े

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **विधान परिषद में ऊर्जा मंत्री के आरोप पर सपा सदस्य भड़के**

**अमृत विचार :** उप्र. विधान परिषद के बजट सत्र में मंगलवार को बिजली व्यवस्था को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। नियम 105 के तहत सपा सदस्यों ने प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को बदहाल बताते हुए सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा और मुकुल यादव ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली आपूर्ति के दावे जमीनी हकीकत से परे हैं। उत्पादन न बढ़ने से कटौती बढ़ी है और आमजन परेशान है। कनेक्शन शुल्क 500 रुपये से बढ़कर 6000 रुपये कर दिया गया है।

इस पर जवाब देते हुए ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सपा सरकार ने भ्रष्टाचार के बबूल लगाए थे, उन्हें साफ करने का कार्य हमारी सरकार ने किया है। उन्होंने दावा किया कि बिजली उत्पादन और आपूर्ति के मामले में उत्तर प्रदेश ने रिकॉर्ड बनाया है। वर्ष 2017 से अब तक उपभोक्ताओं की संख्या दोगुने से अधिक हो गई है। आपूर्ति भी उसी अनुपात में बढ़ी है। इसी दौरान मंत्री के "सपा सरकार में बिजली के तारों पर महिलाएं कपड़े सुखाती थीं" वाले बयान पर सपा सदस्यों ने कड़ा विरोध जताया और सदन से बहिर्गमन कर दिया। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने कार्यस्थगन प्रस्ताव अस्वीकार करते हुए विषय को सरकार को भेज दिया।

शून्य प्रहर में नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव और सत्ता पक्ष के सदस्यों के बीच भगवान राम के संदर्भ में भी तीखी बहस हुई। वहीं निर्दलीय सदस्य डॉ. आकाश अग्रवाल और राज बहादुर सिंह चंदेल ने निजी विद्यालयों में में 6 से 14 साल तक के गरीब परिवार के बच्चों के प्रवेश व प्रतिपूर्ति राशि का मुद्दा उठाया। सरकारी स्कूलों में प्रतिछात्र आने वाले प्रतिवर्ष 38859 रूपए का खर्च के सापेक्ष निजी विद्यालयों को मिलने वाले प्रति छात्र मात्र 450 रूपए को बढ़ाने की मांग की। शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने श्रावस्ती में सेवानिवृत्त शिक्षकों को जीपीएफ भुगतान न मिलने का प्रश्न उठाया, जिस पर माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने एक माह में भुगतान का आश्वासन दिया। सत्र के दौरान सदन में कई मुद्दों पर गर्मागर्म बहस देखने को मिली

### व्यावसायिक शिक्षकों के विनियमितीकरण की मांग

■ अमृत विचार, लखनऊ : विधान परिषद में बजट पर चर्चा से पहले व्यावसायिक शिक्षकों के विनियमितीकरण का मुद्दा जोर-शोर से उठा। नियम 110 के तहत शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी और अक्षय प्रताप सिंह ने वर्ष 1989-90 से निर्धारित मानदेय पर कार्यरत व्यावसायिक शिक्षकों को नियमित करने की मांग की।भोजनावकाश के बाद चर्चा में सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा, डॉ. मान सिंह और नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने कहा कि प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षकों के करीब 2500 पद रिक्त हैं। उन्होंने मांग की कि माध्यमिक व बेसिक विद्यालयों में इन पदों को मान्यता देकर शिक्षकों का विनियमितीकरण किया जाए। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने जवाब देते हुए कहा कि संबंधित शिक्षक प्रारंभ में 1500 रुपये मानदेय पर तैनात हुए थे, जिसे बढ़ाकर वर्तमान में 20 हजार रुपये कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये अतिथि विषय विशेषज्ञ प्रति व्याख्यान मानदेय प्राप्त करते हैं और इनके विनियमितीकरण की फिलहाल कोई योजना नहीं है। शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी के आग्रह पर सभापति ने मामले में सहानुभूतिपूर्वक विचार करने के निर्देश राज्य सरकार को दिए। इससे पूर्व प्रमुख सचिव ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2026 तथा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2026 सदन के पटल पर रखे, जिन्हें पारित कर दिया गया।

### 'कुष्टआश्रम' शब्द हटाने को लेकर विधेयक पारित

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा में मंगलवार को नगर विकास मंत्री ने 'कुष्टआश्रम' शब्द को हटाने संबंधी संशोधन विधेयक पेश किया। मंत्री ने कहा कि समय के साथ सामाजिक सोच और भाषा में बदलाव आवश्यक है तथा सम्मानजनक शब्दावली का उपयोग किया जाना चाहिए। बाद में सपा की प्रवर समिति की मांग विधानसभा अध्यक्ष ने खारिज कर दी। मंत्री ने सदन को बताया कि संबंधित अधिनियम/नियमावली में प्रयुक्त 'कुष्टआश्रम' शब्द अब सामाजिक रूप से संवेदनशील माना जाता है। इसे हटाकर अधिक सम्मानजनक और मानवीय शब्द का प्रयोग किया जाएगा, ताकि किसी भी वर्ग की भावनाएं आहत न हों।

**विधानसभा** | चित्रकूट से सपा विधायक अनिल प्रधान के प्रश्न के उत्तर में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने

# बेसिक शिक्षा में 46,944 पद रिक्त, फिलहाल भर्ती की योजना नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों में सहायक अध्यापक सीधी भर्ती के 46,944 पद रिक्त हैं, लेकिन सरकार की ओर से फिलहाल नई भर्ती की कोई योजना नहीं है। यह जानकारी बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने मंगलवार को विधानसभा में दी।

चित्रकूट से सपा विधायक अनिल प्रधान के प्रश्न के लिखित उत्तर में मंत्री ने बताया कि 1 अप्रैल 2022 से 8 जनवरी 2026 के बीच सरकार ने 5,856 अभ्यर्थियों का चयन एवं नियुक्ति की है। हालांकि, प्राथमिक विद्यालयों में बड़ी संख्या में पद खाली होने के बावजूद नई भर्ती पर सरकार विचार नहीं कर रही है। विधायक ने यह भी पूछा कि क्या शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए नए पद सृजित कर भर्ती परीक्षा कराने पर विचार किया जा रहा है। इस पर सरकार की ओर से स्पष्ट जवाब दिया गया- जी नहीं।मंत्री ने कहा कि प्रदेश में पर्याप्त संख्या में शिक्षक और शिक्षामित्र कार्यरत हैं तथा एक भी परिषदीय विद्यालय बंद नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को सरकार पांच-पांच लाख रुपये की कैशलेस चिकित्सा सुविधा दे रही है। इनके मानदेय में वृद्धि पर भी विचार किया जा रहा है, जिसकी जानकारी शीघ्र सदन को दी जाएगी।

### बगैर कागज पढ़े बोलेंगे तो दिक्कत हो जाएगी : राजभर

■ पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने प्रश्नकाल में कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष का सीधे जनता के द्वारा चुनाव कराने के लिए दो बार केंद्र को पत्र लिख चुके हैं। सपा सदस्य अतुल प्रधान के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि इसमें जो संशोधन होना है उसे केंद्र सरकार को ही करना है। विपक्ष ने डबल इंजन सरकार का हवाला दिया तो मंत्री बोले...तभी तो भइया दो बार पत्र लिख चुके हैं और मिल भी आए हैं। सिंगल इंजन की सरकार होती तो यह भी न हो पाता। एक प्रश्न के जवाब में मंत्री लिखित उत्तर पढ़ने लगे तो विपक्ष ने इस पर तंज कसा। राजभर बोले बगैर कागज पढ़े यदि हम बोलेंगे तो आपको दिक्कत हो जाएगी।

### कॉल न उठाने पर बने 'अलर्ट नंबर' की व्यवस्था

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा की कार्यवाही के दौरान समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक नई व्यवस्था लागू करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कई बार जनप्रतिनिधि या आम नागरिक किसी अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश करते हैं, लेकिन कॉल रिसीव नहीं होती। ऐसी स्थिति में एक अधिकृत "अलर्ट नंबर" की व्यवस्था बनाई जानी चाहिए, जिससे तत्काल ध्यान दिया जा सके। वे विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर सुझाव प्रस्तुत कर रहे थे। मंत्री ने प्रस्ताव रखा कि प्रदेश स्तर पर एक केंद्रीय अलर्ट नंबर हो और हर जिले में अलग कंट्रोल नंबर निर्धारित किया जाए। यदि कोई अधिकारी कॉल रिसीव नहीं करता, तो शिकायतकर्ता उस अधिकृत नंबर पर सूचना दे सके। इसके बाद संबंधित अधिकारी को कॉल या संदेश जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि उनसे तुरंत संपर्क अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि यह नंबर ऐसा हो, जिसे सभी अधिकारी पहचानें और कॉल आते ही उसकी गंभीरता समझें। असीम अरुण ने यह भी कहा कि कई बार अधिकारी अवकाश, शोक या आपात स्थिति के कारण कॉल नहीं उठा पाते। ऐसे मामलों में फीडबैक सिस्टम होना चाहिए, जिससे अनुपस्थिति का कारण स्पष्ट हो और अनावश्यक गलतफहमी न बने। उन्होंने सुझाव दिया कि पूरी प्रक्रिया में डिजिटल रिकॉर्ड, रिस्पॉन्स टाइम की निगरानी और लंबित मामलों की उच्च स्तर पर समीक्षा हो। इससे प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ेगी और जनता की समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

# जन्म-मृत्यु और निवास प्रमाण पत्र न बनने के मुद्दे पर सपा का बहिर्गमन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **विपक्ष का आरोप: प्रमाण पत्र रोककर एसआईआर प्रभावित कर रही सरकार**
- **सरकार का जवाब: आरोप निराधार, जहां दिक्कत होगी वहां कराई जाएगी जांच**

**अमृत विचारः** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सोमवार को जन्म-मृत्यु और मूल निवास प्रमाण पत्र जारी न होने के मुद्दे पर सदन में तीखी नोकझोंक देखने को मिली। सपा सदस्यों ने आरोप लगाया कि एसआईआर के दौरान विपक्ष समर्थकों को मतदाता बनने से रोकने के उद्देश्य से जानबूझकर प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। सरकार ने इन आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि प्रदेश में हर जगह प्रमाण पत्र बन रहे हैं और यदि कहीं किसी स्तर पर समस्या है तो जांच कराकर समाधान होगा। जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

सपा की ओर से यह मुद्दा सदन में मनोज कुमार पारस और कमाल अख्तर ने उठाया। मनोज कुमार पारस ने कहा कि वर्तमान समय में जन्म-मृत्यु और मूल निवास प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़ी संख्या में आवेदन उपजिलाधिकारी कार्यालयों में लंबित पड़े हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

पारस ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण में मूल निवास प्रमाण पत्र की अनिवार्यता है, जबकि प्रशासन उसे जारी नहीं कर रहा है, जिससे बड़ी संख्या में लोग मतदाता बनने से वंचित हो सकते हैं।कमाल अख्तर ने भी सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि नगरीय निकाय क्षेत्रों में पहले जिस प्रक्रिया के तहत प्रमाण पत्र बनाए जाते थे, उसे समाप्त कर दिया गया है।

उन्होंने नगर विकास मंत्री से मांग की कि पुरानी व्यवस्था को बहाल किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने आरोपों को और गंभीर बताते हुए कहा कि एक एसडीएम ने स्वयं उन्हें बताया है कि ऊपर से प्रमाण पत्र न बनाने के निर्देश दिए गए हैं।




## न्यूज ब्रीफ

### सतर्कता से बड़ा हादसा टला

**अयोध्या, अमृत विचार :** शहर के फतेहगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास युवक ने रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर जान देने का प्रयास किया। ऐसा लोगों का कहना है। लोगों के प्रयास से उसे बचा लिया गया। घटना सोमवार देर शाम नगर कोतवाली क्षेत्र के फतेहगंज चौकी क्षेत्र की बताई गई है। उधर से ट्रेन आ रही थी। इधर क्रॉसिंग के पास मौजूद लोगों ने देखा कि एक युवक ट्रैक पर खड़ा हो गया है। उन लोगों ने शोर मचाया। ट्रेन चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी। मौके पर पहुंचे रेलवे कर्मियों ने युवक को सुरक्षित हटाया।

### 14 कोसी परिक्रमा पथ का किया निरीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया गया। पूरे परिक्रमा पथ पर चैनेज वाइस जानकारी ली। कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा कराने का निर्देश दिया। कार्यों को लेकर आने वाली दिक्कतों के समाधान के लिए निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नगर योगानन्द पाण्डेय, अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-तीन, लोनिवि सत्यपाल सिंह, सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लोनिवि विपिन कुशवाहा, अधिशासी अभियन्ता संजय शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### लापता किशोर मिला

**बीकापुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने 12 फरवरी से लापता अर्जुन (14) पुत्र विजय कुमार को खोजकर परिजनों को सौंप दिया। इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद उपनिरीक्षक अनुज सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर तलाश कराई गई। लापता किशोर कूरेभार थाना क्षेत्र के एक ढाबे पर सोमवार को मिला। जो अभी ज्यादा कुछ नहीं बता पा रहा है।

### महाशिवरात्रि पर्व का हुआ समापन

**शाहगंज, अमृत विचार :** मुकीमपुर शाहगंज स्थित 365 पुजारी वाले सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में कई दिनों से आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव का मंगलवार को सामूहिक भंडारे के साथ समापन हो गया। सामूहिक भंडारे के लिए ग्राम पंचायत के और क्षेत्रीय श्रद्धालु सक्रिय रूप से सहयोग करते हैं।

# स्मारक बन रहा पुराना मंदिर जहां बिराजे थे रामलला

- बोले, मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष, कहा-31 अप्रैल तक पूरा हो जाएगा निर्माण
- मंदिर के द्वितीय तल पर 19 मार्च को राष्ट्रपति के हाथों स्थापित किया जाएगा श्रीराम महायंत्र

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राम मंदिर में अस्थाई मंदिर स्थल को भी स्मारक के रूप में बनाया जा रहा है। जिसे 31 अप्रैल तक पूर्ण कर लिया जाएगा। ये बात मंगलवार को मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में शामिल होने पहुंचे अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कही। कहा कि 19 मार्च मंदिर के द्वितीय तल पर श्री राम महा यंत्र को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों स्थापित किया जाएगा।राष्ट्रपति 2020 से मंदिर निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले 400 श्रमिकों को भी सम्मानित करेंगी। अन्य धार्मिक कार्यक्रम में भी शामिल होंगी। इस पूरे कार्यक्रम को संपन्न करने के लिए लगभग चार घंटे का समय अयोध्या में बिताएंगी।

मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि सभी निर्माण कार्य को पूर्ण करने के प्रयासरत है। बाउंड्रीवाल को लेकर उन्होंने बताया कि कुछ ऐसी चीज हैं जो अरविंदो आश्रम के नजदीक आ रही हैं। अरविंदो आश्रम के लोगों से अनुरोध किया गया है कि वह कुछ जमीन को दे दें तो बाउंड्रीवॉल बनाने में आसानी होगी, अगर वह नहीं देते हैं तो ट्रस्ट अपनी ही जमीन में बाउंड्रीवॉल बनाएगा। उन्होंने कहा कि राम मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को दर्शन कराने के लिए राष्ट्रपति के आने के आने के बाद दर्शन की अनुमति दी जाएगी। जहां शुरुआत में लगभग 1000 से 1500 तक की संख्या में ट्रस्ट पास जारी कर अनुमति देगा।


राम मंदिर में निरीक्षण करते हुए नृपेंद्र मिश्र और अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### थ्री डी में दिखेगी हनुमान जी की गाथा

**अयोध्या, अमृत विचार :** सरयू के तट पर निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय श्रीराम कथा संग्रहालय में अत्याधुनिक 20 गैलरी बनाई जा रही हैं। उसमें एक थ्री डी तकनीक से लैस हनुमान गैलरी होगी। विषय आईआईटी चेन्नई के द्वारा तैयार किया जा रहा है। जहां एक बार में सीमित लोग 12 मिनट तक हनुमान जी की गाथा देख सकेंगे। निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि वर्तमान में सबसे बड़ी चुनौती सिर्फ संग्रहालय की है। जिसकी समीक्षा की जानी है। संग्रहालय में जो गैलरी बन रहे है। उसमें क्या कंटेंट जाएगा। उसका एक स्क्रिप्ट लिखा जा रहा है। वह लगभग 30 सितंबर को पूर्ण हो जाएगा। उसके बाद सीमित रूप से संग्रहालय में जाने की अनुमति मिलनी चाहिए। इसमें महत्वपूर्ण है कि संग्रहालय की आम श्रद्धालुओं का प्रवेश निशुल्क होगा। कुछ गैलरियों में सीमित संख्या में ही लोगों का प्रवेश दिया जायेगा। इसके लिए कुछ टिकट या पास के माध्यम से अनुमति दी जाएगी। जिस पर ट्रस्ट के द्वारा अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

### हत्या के आरोपी की जमानत नहीं

**अयोध्या, अमृत विचार :** कुल्हाड़ी से वार करके साधुवेश धारी बाबा की हत्या कर देने के मामले में सुरेंद्र सिंह उर्फ घोड़ा बाबा को कोर्ट ने जमानत देने से मना कर दिया। यह आदेश अपर जिला जज सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत से मंगलवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय और रोहित पांडेय ने बताया कि घटना 24 फरवरी 2025 की है। इसकी रिपोर्ट प्रद्युम्न कुमार ने घटना वाले दिन ही दर्ज कराई थी। कहा था कि उनके आश्रम में रहने वाले लालता प्रसाद सुबह आश्रम से निकले मणिकुंड तालाब पर कूड़ा बीनने वाले लड़के सुरेंद्र सिंह घोड़ा बाबा ने कुल्हाड़ी से वार करके उनकी हत्या कर दी। इसकी रिपोर्ट हत्या की धारा में दर्ज हुई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने जमानत पर रिहा करने से इनकार कर दिया।

# धरना दिया तो लावारिस भर्ती किया

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में मंगलवार को एक बीमार लावारिस को भर्ती कराने के लिए धरना देना पड़ गया। भारी भरकम फोर्स पहुंच गई। अधिकारी पहुंचे तब जाकर मरीज को मेडिकल वार्ड में भर्ती किया गया। घटना का वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि अमृत विचार इसकी पुष्टी नहीं करता है। मामला मंगलवार सुबह साढ़े 11 बजे का है। समाजसेवी प्रदीप यादव एक लावारिस मरीज लेकर पहुंचे थे। वायरल वीडियो के मुताबिक चिकित्सालय की इमरजेंसी ओपीडी में स्टाफ ने मरीज को लेने से इन्कार करते हुए दर्शननगर ले जाने के लिए कह दिया। प्रदीप मरीज को भर्ती कराने की मांग पर अड़ गए और वहीं धरने पर बैठ गए। हंगामा बढ़ता देख मौके पर रिकाबगंज चौकी प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी भी आ गए। डॉ. अजय चौधरी ने स्टाफ को फटकार लगाई और मरीज को भर्ती कराने को निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि मरीज का पल्स, ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल सामान्य है। प्रारंभिक जांच में वह मानसिक रोगी लग रहा है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में मानसिक रोगियों के लिए विशेष वार्ड नहीं है।


लोगों को शांत कराते चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी व रिकाबगंज चौकी प्रभारी।

# बाबा मनीरामदास ने जीता एक लाख का इनाम

तारुन, अयोध्या

**अमृत विचार:** टिकरी दंगल में हनुमानगढ़ी अयोध्या के पहलवान बाबा मनीरामदास ने मध्य प्रदेश के सुरेंद्र पहलवान व दूसरी कुश्ती सोनू हरियाणा को पटकनी देकर एक लाख रुपये का नगद इनाम अपने नाम किया। वहीं सुल्तान उन्नाव ने कालाजंग दांव मारकर विजय पहलवान झांसी को पटकनी दी। विक्की पहलवान शेरे पंजाब ने ढाख दांव मारकर प्रवेश सहारनपुर को हराया। सोनू पहलवान चंडीगढ़ ने करगा दांव लगाकर लकी थापा पहलवान काठमांडू नेपाल को दिन में तारे दिखाए। बाबा गौरी शंकर हनुमानगढ़ी अयोध्या पहलवान ने अमित पहलवान उत्तराखंड को पटकनी देकर दर्शकों से खूब वाहवाही लूटी। हनुमानगढ़ी के पहलवान विशाल यादव ने मो. मोहसिन बागपत को हराया। मनसा पहलवान हरिद्वार ने अब्दुल्ला पहलवान मध्य प्रदेश कोपटकनी दी। जम्मू के पहलवान भूरागनी व जल्लाद सिंह राजस्थान के मध्य हुए कड़े संघर्ष में जल्लाद सिंह ने बाजी मारी। राजा पहलवान हरिद्वार ने काली घटा पहलवान मध्य प्रदेश को कड़ी शिकस्त देकर विजय की पताका फहराई। दंगल का समापन थाना प्रभारी तारुन देवेंद्र पांडे ने पहलवानों से हाथ मिलवाकर कराया। उद्घोषक पवन रेफरी गुड्डू व कालू पहलवान रहे। इस मौके पर आयोजक राकेश सिंह, अनुपम सिंह, धीरेंद्र सिंह, अर्जुन यादव, आशु सिंह, प्रधान विनोद सिंह आदि मौजूद रहे।


तारुन के टिकरी दंगल में कुश्ती के दांव पेच करते पहलवान। अमृत विचार

# योगी सरकार में सरकारी स्कूलों को लेकर बदली सोच

रुदौली / मवई, अयोध्या

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास पुष्टाहार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ब्लॉक संसाधन केंद्र खैरनपुर परिसर में हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि योगी सरकार में सरकारी स्कूलों की सोच आम जनमानस में बदल गई है। ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से सरकारी विद्यालयों का ढांचागत विकास हुआ है, बुनियादी सुविधाओं में वृद्धि हुई है।आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और शिक्षिकाओं को आह्वान किया कि जैसे मां यशोदा ने भगवान कृष्ण का पालन-पोषण किया, वैसे ही तीन से छह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की देखभाल और शिक्षा का ध्यान रखा जाए।

विकासखंड रुदौली की 10 न्याय पंचायतों के 50 बच्चों को शैक्षिक सामग्री किट वितरित की गई।मवई क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेवरा में भी इसी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को शैक्षिक सामग्री दी गई।प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने सम्बोधित किया। संचालन रामकृष्ण गुप्ता ने किया और आभार ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत राम ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता रामकृष्ण गुप्ता, जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र प्रताप मौर्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम सुरेश, कोषाध्यक्ष मोहम्मद गयास, रामानुज तिवारी, अनीता यादव आदि मौजूद रहे।


मवई में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित बच्चों के साथ विधायक रामचंद्र यादव।

# रंजिश में फायरिंग, हिस्ट्रीशीटर घायल

**मिल्कीपुर, अयोध्या:** इनायतनगर थाना क्षेत्र के ईंट गांव में सोमवार देर रात रंजिश के चलते फायरिंग की घटना सामने आई। हमले में हिस्ट्रीशीटर संजय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि संजय सिंह पर उसके विरोधियों ने जानलेवा हमला किया। घायल की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है, जिसमें विपिन दुबे, अभय दुबे और गिरजा शंकर दुबे को नामजद किया गया है। पीड़ित ने गिरजा शंकर दुबे पर साजिश रचने का आरोप भी लगाया है। इनायत नगर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने रंजिश के चलते फायरिंग करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध असलहा भी बरामद कर लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है।


अस्पताल में घायल हिस्ट्रीशीटर संजय सिंह। अमृत विचार

# केंद्र की एनओसी के बाद कुर्सी संभालेंगे कुलपति डॉ. ज्ञानेंद्र

**अयोध्या कार्यालय:** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज में नए कुलपति डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय नियमों के अनुसार केंद्र सरकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने के बाद ही यहां पदभार ग्रहण करेंगे। प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए की गई है। डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह वर्तमान में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत राष्ट्रीय पादप अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो नई दिल्ली के निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। वे गेहूं के अभिजनन के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखते हैं और कृषि अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान दे चुके हैं। सप्ताह भर पहले उनकी नियुक्ति की घोषणा हुई थी।अभी उन्हें एनओसी नहीं मिली है और वह दिल्ली में ही हैं। एनओसी मिलने पर वे अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो से मुक्त होकर विवि में पदभार संभालेंगे, जिससे कृषि शिक्षा, अनुसंधान और किसानों के लिए नई दिशा मिलने की उम्मीद है। इस बीच प्रभारी कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह गुजरात दौरे से मंगलवार को विवि लौट आए हैं। वे नए कुलपति के पदभार ग्रहण तक विश्वविद्यालय की जिम्मेदारियां संभाल रहे हैं।



# ईओ ने दी पदोन्नति, अध्यक्ष ने कर दिया निलंबित

**गोसाईगंज, अयोध्या:** गोसाईगंज नगर पंचायत की अधिशाषी अधिकारी ने एक कर्मचारी को पदोन्नति दी। अध्यक्ष ने औचक निरीक्षण में उसे निलंबित करने का निर्देश दे दिया। इससे नगर पंचायत प्रशासन और अध्यक्ष के बीच रिश्ते तल्ख होने के संकेत हैं। बताया गया कि सहायक पम्पकर्मी शिवशंकर वर्मा को अधिशासी अधिकारी सीमा राय ने लिपिक (बाबू) पद पर तैनात कर दिया। यह जानकारी अध्यक्ष विजय लक्ष्मी को भी हो गई। लिपिक की हैसियत से वर्मा काम करने पहुंच गए। दूसरी ओर नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. विजयलक्ष्मी जायसवाल ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में शिवशंकर वर्मा पम्प ड्यूटी पर अनुपस्थित पाए गए तो अध्यक्ष ने उन्हें निलंबित कर दिया। घटनाक्रम इतना तेज रहा कि कर्मचारी सुबह पंपकर्मी, दोपहर तक बाबू और शाम तक निलंबित हो गया। पूरे प्रकरण को लेकर अध्यक्ष ने जिला प्रशासन में निकायों के नोडल अफसर को पत्र भेज दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष जायसवाल ने बताया कि पंचायत कार्यालय के किसी भी कर्मचारी के प्रमोशन और तैनाती का अधिकार बोर्ड को है। बगैर बोर्ड की जानकारी इसका उल्लंघन है। निलंबन के सवाल पर उन्होंने कहा कि औचक निरीक्षण में वह अपने डियूटी पर अनुपस्थित पाया गया। इस मामले को लेकर पत्र प्रशासन के नोडल अफसर को भेज दिया गया है।

# मंडलीय जूनियर बालिका हॉकी टीम की गई चयनित

**अयोध्या, अमृत विचार:** क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के तत्वावधान में मंगलवार को डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में जूनियर बालिका हॉकी का मंडलीय चयन ट्रायल आयोजित किया गया। इसमें अयोध्या, अमेठी, आंबेडकरनगर, बाराबंकी व सुलतानपुर की 30 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। ट्रायल के बाद चयनित मंडलीय टीम क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना की ओर से घोषित कर दी गई। चयनित मंडलीय टीम उप्र खेल निदेशालय के तत्वावधान में गोरखपुर में 23 से 28 फरवरी तक आयोजित प्रदेशीय जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। टीम में अयोध्या की नीलाक्षी, शैलजा चतुर्वेदी, विभा, सुनैना, आरती, सुरभि चौहान, मोहिनी कुशवाहा, फरीदा, अमेठी की आंचल यादव व करिश्मा चौहान, बाराबंकी की खतीजा, खुशबू, प्रिया प्रजापति, सुल्तानपुर की स्वाति सरोज, आंबेडकरनगर की श्रेया मौर्या व सुषमा गुप्ता शामिल हैं। आंबेडकरनगर की अरुणिमा, अनुष्का, कहकशा, मुस्कान को आरक्षित में रखा गया है। मंडलीय टीम 22 फरवरी को प्रतियोगिता के लिए रवाना होगी।

**सफलता**

लंबी जद्दोजहद के बाद तिलोदकी को मिली नदी के रूप पहचान, डीएम और सीडीओ के नदी भ्रमण के बाद बनी इसकी पृष्ठभूमि, अधूरे काम कराए जाएंगे पूरे

# नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में प्रशासन ने माना अयोध्या की नदी है तिलोदकी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** तिलोदकी को लेकर मंगलवार को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में सुनवाई थी। यहां प्रशासन ने भी मान लिया कि तिलोदकी अयोध्या की नदी है। लंबी जद्दोजहद के बाद तिलोदकी को नदी के रूप में मान्यता मिली। डीएम और सीडीओ के नदी भ्रमण के बाद इसकी पृष्ठभूमि बनी। सुनवाई में फैक्ट्री से निकलने वाले दूषित पानी से फसलों के सूखने का मामला भी उठा।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में तिलोदकी के पुनरुद्धार/कायाकल्प और फैक्ट्री से निकलने वाले दूषित पानी को लेकर सुनवाई वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए की गई। यहां एनआईसी में एडीएम वित्त एवं राजस्व, अधिशासी अभियंता सिंचाई आरके गौतम के साथ वादी दुर्गा प्रसाद यादव मौजूद थे। बता दें कि तिलोदकी के मूल स्वरूप में पुनरुद्धार/कायाकल्प के लिए छह महीने का समय तय किया गया है। एनजीटी के जज और सदस्य के सामने सुनवाई शुरू हुई तो सरकार की ओर से पैरवी कर रहे वकील ने अपना पक्ष रखा। बकौल वादी सरकारी वकील ने एनजीटी को बताया कि तिलोदकी नदी के लिए सारी व्यवस्था कर ली गई है। इसकी जद में कुछ किसानों की जमीन आ रही है। उसके मुआवजे के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। शासन से बजट आवंटन के बाद तिलोदकी को पूरी तरह से क्लियर करा दिया जाएगा। इसके बाद तिलोदकी को नदी के रूप में विकसित करने को लेकर जज से लेकर सभी ने एक दूसरे तो बधाई दी।

**डीएम व सीडीओ के दौरे के बाद बनी पृष्ठभूमि:** तिलोदकी को नदी के रूप में कायाकल्प कराने की सहमति के लिए डीएम और सीडीओ का नाम भी इतिहास में दर्ज हो गया। बारिश के पहले डीएम निखिल टी. फुंडे और सीडीओ केके सिंह ने तिलोदकी के पुनरुद्धार/कायाकल्प के लिए सोहावल क्षेत्र में इसके उद्गम स्थल के साथ लगभग छह किमी. का दौरा किया था। समदा पक्षी अभ्यारण्य भी देखा। नदी के तटों की सफाई और अतिक्रमण पर चर्चा की। विस्तृत निरीक्षण आख्या जारी की। इसके बाद काम भी हुआ। इसके बाद बारिश के मौसम में काम रुक गया। एनजीटी में आई नई जानकारी को दोनों अफसरों के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। अब इस पर काम आगे बढ़ने की संभावना है।

**तिलोदकी को लेकर चली लंबी जद्दोजहद:** तिलोदकी को लेकर लंबी जद्दोजहद चली थी। पिछली सुनवाईयों में तिलोदकी को कहीं बाहा तो कहीं नाला बताया गया। राजस्व अभिलेखों में था भी ऐसा ही लेकिन इतनी लंबी दूरी तक लगातार मिलना नदी के अलावा नाला नहीं हो सकता। बाद में एनजीटी के सामने स्कंद पुराण के अयोध्या खंड की प्रतिलिपि रखी गई। जिसमें अयोध्या की तिलोदकी का माहात्म्य बताया गया था। एनजीटी ने अयोध्या, श्री राम और तिलोदकी को लेकर सख्त टिप्पणी की थी। इसके बाद एनजीटी ने कार्रवाई शुरू की। एयरपोर्ट के पास नदी के पुनरुद्धार के लिए लगभग 56 करोड़ रुपये जारी किए गए। पक्का काम भी कराया गया। अब प्रशासन ने इसे नदी मानते हुए इसको जोड़ने के साथ पुनरुद्धार की बात एनजीटी में कही है।


सोहावल ब्लाक क्षेत्र में मंगलवार की शाम तिलोदकी का दृश्य। अमृत विचार


एनजीटी की सुनवाई के लिए एनआईसी में बैठे अधिकारी व वादी। अमृत विचार


एयरपोर्ट के पास गंजा में फैक्ट्री के दूषित पानी से सूखी फसल। अमृत विचार

### फैक्ट्री के दूषित पानी से सूख गई फसलें

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर स्थित ठंडे पेय की फैक्ट्री से निकलने वाले दूषित पानी से फसलें सूख रही हैं। पशु-पक्षियों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। गांव तक गंदा पानी पहुंच रहा है। तिलोदकी के साथ इसका भी मुद्दा एनजीटी में उठा। सुनवाई के दौरान फैक्ट्री की ओर से उसके वकील ने इसे बनवाने दुरुस्त करवाने के लिए समय मांगा। वादी दुर्गा ने जीपीआरएस आधारित भरे पानी, सूखी फसलों का वीडियो भेजा। इसे चलाया गया तो तस्वीर साफ हो गई।वादी बताते हैं कि इसके बाद एनजीटी के जज ने अप्रैल तक इसे बनवाकर पानी को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि यह नहीं हुआ तो सख्त कार्रवाई होगी। बता दें पिछली सुनवाई में एनजीटी ने फैक्ट्री से निकलने वाले दूषित पानी को साफ करक नाला बनवा उसमें छोड़ने को कहा था।

### जश्न-ए-दस्तारबंदी का हुआ आयोजन

**बारुन, अमृत विचार:** मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत मेहदौना में जश्न-ए-दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मदरसा इस्लामिया रिजिविया दारुल कुरान के प्रांगण में आयोजित हुआ। यहां चार बच्चों को हाफिज-ए-कुरान की उपाधि से नवाजा गया। मदरसे के प्रिंसिपल मौलाना रफीक ने बताया कि जिन चार बच्चों की दस्तारबंदी की गई, उनमें हाफिज सिराज अहमद मेहदौना, हाफिज कैफ अरुवावां, हाफिज फैसल गोंडा और हाफिज हसनैन मेहदौना शामिल हैं। इस अवसर पर जलसे का भी आयोजन किया गया। उलेमाओं ने लोगों के बीच खिताब फरमाए, तकरीरें दीं और नात शरीफ पढ़ीं। मुख्य अतिथि सैयद गयासे मिल्लत कल्कि शरीफ और विशिष्ट अतिथि मुमताज टांडवी रहे। नात ख्वाह अख्तर काशिफ, मौलाना इलियास, मौलाना जुनैदुल कादरी, हाफिज सरफराज सहित कई अन्य उलेमाओं ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता कारी अब्दुल कुद्दूस ने की।

# यूपी बोर्ड: 115 केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटर परीक्षाएं आज से

## 79206 परीक्षार्थियों संग 4500 निगहबानों का भी इम्तेहान, 115 स्टेटिक मजिस्ट्रेट सभी 12 ब्लॉकों में एक-एक सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात



कंट्रोल रूम में सीसीटीवी निगरानी करते कंट्रोलर। अमृत विचार



प्रिय छात्र-छात्राओं मंडल के सभी परीक्षा केंद्रों पर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित किया गया है। आपकी मेहनत और एकाग्रता ही निर्णायक होगी। हर प्रश्न के साथ अपने सपनों को साकार करने का यह सुनहरा अवसर है। -राजेश कुमार, मंडलायुक्त, अयोध्या मंडल



आपका कठिन परिश्रम, लगन और आत्मविश्वास इस बार बोर्ड परीक्षा में अवश्य चमकेगा। शांत मन, स्पष्ट दृष्टि और पूर्ण आत्मबल के साथ परीक्षा दें। जिला प्रशासन आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। -निखिल टीकाराम फुंडे, जिलाधिकारी



प्यारे बच्चों, आपने पूरे वर्ष जो परिश्रम किया, वह आज फलीभूत होने जा रहा है। बोर्ड परीक्षा केवल एक पड़ाव है, आपका लक्ष्य उससे कहीं आगे है। शांतचित्त रहें, समय का सदुपयोग करें और जो पढ़ा है उस पर भरोसा रखें। -डॉ. पवन कुमार तिवारी, डीआईओएस



परीक्षाएं जीवन का सिर्फ एक पड़ाव हैं। आपकी असली ताकत मेहनत और शांत मन में है, न कि सिर्फ अंक में। आप तैयार हो, मन को स्थिर रखो। रात को अच्छी नींद लो। पेपर में जो आता है वही लिखो, बाकी चिंता मत करो, आप सभी कर लोगे। -डॉ. आलोक मनदर्शन, मनोपरामर्श दाता

- 11 संवेदनशील और 5 अति संवेदनशील केंद्र, हाईटेक निगरानी को पहली बार सर्विलांस
- 24 घंटे कंट्रोल से होगी सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी

### आज की परीक्षा

प्रथम पाली हाईस्कूल - हिंदी परीक्षार्थी

द्वितीय पाली इंटरमीडिएट - हिंदी / सामान्य हिंदी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं आज बुधवार से 115 केंद्रों पर शुरू हो रही हैं। जिले में 12 मार्च तक परीक्षा जारी रहेंगी। इस वर्ष कुल 79,206 परीक्षार्थी इन परीक्षाओं में शामिल होंगे, जिनमें हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के नियमित तथा निजी छात्र-छात्राएं शामिल हैं। परीक्षा को सकुशल नकलविहीन कराने के लिए कुल 4500 कर्मी निगरानी के लिए तैनात किए गए हैं। जिनमें मजिस्ट्रेट से लेकर कक्ष निरीक्षक समेत अन्य शामिल हैं। बोर्ड की ओर से कड़ी निगरानी के लिए पहली बार सर्विलांस और सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए हैंडलर तैनात किए गए हैं। इतना ही नहीं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में हाईटेक कंट्रोल रूम और जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में अतिरिक्त टीम लगाई गई है। जिले में परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए प्रत्येक केंद्र पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किया गया है। सभी 12 ब्लॉकों में एक-एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है, जो केंद्रों की निगरानी और समन्वय का कार्य संभालेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए 11 संवेदनशील और 5 अति संवेदनशील केंद्र घोषित किये हैं। इन केंद्रों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। परीक्षा में पहली बार सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी सर्विलांस के माध्यम से 24 घंटे कंट्रोल रूम से लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला प्रशासन का कहना है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा के लिए सभी केंद्रों को सीसीटीवी कैमरे और वायस रिकॉर्डर से लैस किया गया है। 115 परीक्षा केंद्रों पर 3600 सीसीटीवी बताएं गए हैं। सभी का लिंक जीआईसी में कंट्रोल रूम से जोड़ दिया गया है। एक भी सीसीटीवी की पलक भी झपकी तो तत्काल कारण पूछा जाएगा। सभी थानों की पुलिस केंद्रों की निगरानी करेगी और स्ट्रॉन्ग रूम की एक चाबी थानाध्यक्ष के पास रहेगी। रात में पुलिस केंद्रों का गश्त कर रिपोर्ट देगी।

**समय से परीक्षा केंद्र पहुंचें:** जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे समय से परीक्षा केंद्र पहुंचें। आवश्यक दस्तावेज जैसे एडमिट कार्ड साथ रखें और बोर्ड के निर्देशों का पालन करें। परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित हो रही हैं। प्रथम पाली सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक और द्वितीय पाली दोपहर 2:00 से शाम 5:15 बजे तक।

## शिव मंदिर की वर्षगांठ पर भंडारा, उमड़े भक्त



भंडारे में मौजूद अवधेश प्रसाद, राजा दरियाबाद रिकू सिंह व चमन सिंह।

**बड़ागांव, अयोध्या, अमृत विचार :** सोहावल क्षेत्र की ग्राम पंचायत डेरामुंशी निवासी कृष्ण मोहन सिंह के आवास स्थित शिव मंदिर पर 24वीं वर्षगांठ पर भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें भक्तों की भीड़ उमड़ी। आयोजक कृष्ण मोहन ने कहा कि 24 वर्षों से निरंतर भंडारे का आयोजन कर रहे हैं। इस मौके पर सांसद अवधेश प्रसाद, विधायक अमित सिंह चौहान, राजा दरियाबाद रिकू सिंह, ब्लॉक प्रमुख चमन सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू, राघवेंद्र सिंह आदि रहे।

## मवई पुलिस टीम को किया गया सम्मानित



पुलिसकर्मी को सम्मानित करते व्यापारी। अमृत विचार

**मवई, अयोध्या :** मवई चौराहा बैंक ऑफ इंडिया के पास रामफेर चौरसिया की किराना दुकान में हुई चोरी की घटना का महज तीन दिन में खुलासा करने पर व्यापारियों ने पुलिस टीम को सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह मवई चौराहा स्थित दुल्लापुर पंचायत भवन के प्रांगण में आयोजित हुआ। मवई व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा के नेतृत्व में व्यापारियों ने रुदौली क्षेत्राधिकारी आशीष निगम, मवई थाना प्रभारी सुरेश कुमार पटेल, उपनिरीक्षक मोहम्मद इदरीश, उपनिरीक्षक शिवम सिंह, हेड कांस्टेबल संतोष कुमार सरोज, कांस्टेबल अनूप चौधरी, कांस्टेबल विजय शंकर, कांस्टेबल रामाश्रय यादव, कांस्टेबल विशाल यादव सहित पुलिस टीम का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान टीम को डायरी और कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। क्षेत्राधिकारी आशीष निगम ने कहा कि अपराध के मामलों में त्वरित कार्रवाई पुलिस की प्राथमिकता है। जनता के सहयोग से ही अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। इस मौके पर ग्राम प्रधान संतोष यादव, प्रधान सुनील मिश्रा, रामफेर चौरसिया, शराफत अली, संदीप यादव सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

# जिले के 13 केन्द्रों पर शुरू हुई सीबीएसई बोर्ड परीक्षा

- पहले दिन 10 वीं के लगभग 40 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा
- आज होगी 12वीं की फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा

अयोध्या कार्यालय



केंद्रीय विद्यालय में सीबीएसई की परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा जिले में मंगलवार को शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुई। सीबीएसई के जिला को-आर्डिनेटर अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि पहले दिन 10वीं की गणित की परीक्षा हुई। 56 विद्यालयों के 4600 परीक्षार्थी नामांकित थे। इनमें से लगभग 4560 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 40 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल सम्बन्धी कोई मामला नहीं मिला। उन्होंने बताया कि सीबीएसई बोर्ड के मुताबिक 10वीं की वर्ष में दो बार होने वाली परीक्षा में पहली बार की परीक्षा में परीक्षार्थी को शामिल होना जरूरी है। दूसरी बार होने वाली परीक्षा में अपने विषय के अंक सुधारने के उद्देश्य से परीक्षार्थी शामिल होंगे।

**10 वीं कक्षा का मैथ्स पेपर बच्चों को लगा आसान:** सीबीएसई 10 वीं की हुई मैथ्स बेसिक व मैथ्स स्टैंडर्ड परीक्षा का पेपर बच्चों को आसान लगी। परीक्षा का पहला पेपर अच्छा हो जाने के बाद बच्चों में बोर्ड परीक्षा को लेकर आत्मविश्वास बढ़ा है।



बोर्ड परीक्षा का मेरा पहला पेपर मैथ्स आसान रहा। इसी के साथ बोर्ड परीक्षा का हौव्वा भी समाप्त हो गया। अब आगे भी पेपर अच्छे होंगे। -साक्षी सिंह।



मैथ्स का पेपर जैसा सोचा था उसके मुकाबले सचमुच बेहद आसान रहा। आसानी से समय रहते सारे सवाल हल हो गए। -पंखुड़ी पाण्डेय।



मैथ्स का पेपर इतना आसान होगा, सोचा नहीं था। पेपर बहुत शानदार गया। आगे भी ऐसा पेपर होगा तो मजा आ जाएगा। -अमर प्रताप।



मेरा मैथ्स स्टैंडर्ड का पेपर था और बहुत अच्छा रहा। सारे प्रश्न आसान लगे। जैसी स्कूल और घर में प्रैक्टिस की थी वैसा ही पेपर आया था। -मिन्हाल।



जिसने मेहनत की उसका पेपर अच्छा हुआ, मैने भी मेहनत की थी और मेरा भी अच्छा रहा। अब मेहनत से पीछे नहीं हटना है। -ओजस्विनी।



मैथ्स का मेरा पेपर बहुत ही आसान रहा। पेपर सॉल्व करने में बहुत मजा आया। समय से पहले ही पूरा पेपर सॉल्व हो गया था। -दक्ष।

**श्री हरिप्रसाद महाविद्यालय फिरोजपुर मख्दूमी, रुदौली अयोध्या**

**सम्बद्ध - डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है।**

**प्राचार्य 01**– स्नातक स्तर पर कला संकाय (बी0ए0) पाठ्यक्रम हेतु हिन्दी, अंग्रेजी, शिक्षा शास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, भूगोल, गृहविज्ञान, प्रत्येक विषयों में 01–01 पद प्रवक्ता की स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय (बी0एस0सी0) पाठ्यक्रम हेतु भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञानगणित, जन्तु विज्ञान एंव वनस्पति विज्ञान प्रत्येक विषय मे 01–01 पद प्रवक्ताओं की।

**योग्यता एवं वेतनमान** – यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 दिवसों के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की स्व प्रमाणित छाया प्रति एवं दो फोटो के साथ विद्यालय के पते पर संपर्क करें।

**मो0नं0 –9455911771, 7905577324** **नेहा यादव, प्रबन्धक**

**माँ सरस्वती महिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान, नरसिंहपुर (अटरा) कादीपुर, सुलतानपुर, उ0प्र0–228131**

**सम्बद्ध - डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है।**

प्राचार्य / विभागाध्यक्ष– 01 पद, बी0एड0 प्रवक्ता 15 पद, ललित कला प्रवक्ता – 01 पद
निष्पादन कला प्रवक्ता – 01 पद, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता– 01 पद

**योग्यता एवं वेतनमान**– यू0जी0सी0, एन0 सी0टी0ई0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार– इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 दिवसो के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखो की स्व0 प्रमाणित छायाप्रति एवं दो फोटो के साथ विद्यालय के पते पर सम्पर्क करें।

**प्रबंधक, (मो0न0–995661541)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स आदर्श कान्स्ट्रक्शन सिविल लाइन जेल रोड, जनपद–गोण्डा, उ0प्र0 (पंजीकरण संख्या 7F–3940) पंजीकृत हुआ था, उपर्युक्त पंजीकृत फर्म के साझेदार श्री राजीव कुमार शुक्ला पुत्र श्री केशव प्रसाद शुक्ला निवासी भंडाहा, पंडरी कृपाल, जनपद–गोण्डा, उ0प्र0 एवं श्री अजय कुमार मिश्रा पुत्र श्री नर सिंह नारायण मिश्रा निवासी 55, छावनी सरकार, सिविल लाइन जेल रोड, जनपद–गोण्डा, उ0प्र0 ने व्यक्तिगत कारणों से स्वेच्छा पूर्वक उपरोक्त फर्म से अपनी साझेदारी समाप्त कर ली है उनके स्थान पर नये साझेदार के रूप में श्री ओम प्रकाश चौबे पुत्र श्री हृदय नारायण चौबे निवासी रेवले क्रासिंग बांसी मार्ग, मोहल्ला–भीमापार, भिमपार, जिला–सिद्धार्थनगर उ0प्र0 को **दिनांक–13.02.2026** को शामिल किये गये है।

**पवन कुमार मिश्र**
**साझेदार**

# डीसी मनरेगा ने की विकास कार्यों की समीक्षा, दिए निर्देश

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार:** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक में मंगलवार को डीसी मनरेगा उपेन्द्र कुमार पाठक ने विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने ब्लॉक परिसर स्थित एनआरएलएम कार्यालय, बाल विकास कार्यालय सहित विभिन्न विभागों को देखा। संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों और कर्मचारियों को शासन की योजनाओं का पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। विशेष रूप से मनरेगा सहित अन्य विकास योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। इस अवसर पर बीडीओ आरएन भारती, एडीओ पंचायत अरविन्द कुमार, एपीओ कुमार वंशल, एडीओ कोऑपरेटिव अवधेश वर्मा, लेखाकार आलोक कुमार पाठक, प्रधान सहायक गुड्डू प्रसाद सहित ब्लॉक के कर्मचारी मौजूद रहे।

# विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में अनामिका व क्विज में नैंसी प्रथम

अयोध्या कार्यालय



प्रदर्शनी में नन्हें वैज्ञानिकों के साथ जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित व अन्य।

**अमृत विचार :** जिला स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता मंगलवार को कंपोजिट विद्यालय डाभासेमर के प्रांगण में हुई। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में 60 व क्विज में 36 बच्चों ने प्रतिभाग किया। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में मिल्कीपुर की अनामिका प्रथम, माया के तेजस द्वितीय, रुदौली की प्रतिभा तृतीय, अमानीगंज की अल्फिजा चतुर्थ व हैरिंग्टनगंज रागिनी पांचवें स्थान पर रही। क्विज प्रतियोगिता में हैरिंग्टनगंज की नैंसी प्रथम, माया के आयुष पांडेय द्वितीय, बीकापुर की काजल यादव तृतीय, रुदौली के सचिन कुमार चतुर्थ व पूरा के विक्की को पांचवां स्थान मिला। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने कहा कि आज परिषदीय विद्यालयों के बच्चे नई-नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लाल चन्द्र ने कहा कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा और बच्चों में दूरदर्शी सोच को विकसित करना है। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के प्रथम पांच बच्चों को बैग, स्टेशनरी, विज्ञान के किताब व प्रमाणपत्र के साथ टैबलेट और क्विज में विज्ञान किट प्रदान किया गया। मसौधा के खंड शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार, विकास खंड हैरिंग्टनगंज के खंड शिक्षा अधिकारी राम सुयश वर्मा, जिला समन्वयक प्रशिक्षण आदर्श सिंह एवं डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी, मनीष रस्तोगी, अमित कुमार मिश्र और सभी विकास खण्ड के विज्ञान एआरपी रहे।

# पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सहित कई कांग्रेस नेता हाउस अरेस्ट

अयोध्या कार्यालय



पूराबाजार आवास पर हाउस अरेस्ट किए गए कांग्रेस जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह व अन्य।

**अमृत विचार:** लखनऊ में मंगलवार को विधानसभा घेराव में जाने के लिए तैयार कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री के घर से निकलने के पहले ही पुलिस की टीम उनके आवास पहुंच गई। उन्होंने कहा कि पुलिस के बल पर भाजपा की सरकार विपक्ष की आवाज दबाकर लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर रही है। इसका जवाब प्रदेश की जनता आने वाले दिनों में देगी। जिले में हाउस अरेस्ट होने वाले नेताओं में जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम सहित तमाम कांग्रेस के नेता शामिल रहे। यह लोग लखनऊ नहीं जा पाएं। **पूराबाजार प्रतिनिधि** के मुताबिक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह को उनके घर पर हाउस अरेस्ट किया गया। उनके साथ उनके आवास पर अनिल तिवारी, दयाशंकर तिवारी, हृदय राम मिश्र, रमेश चंद्र, सत्य प्रकाश मिश्रा, प्रहलाद मांझी, भारत वर्मा, सौरभ सिंह, और राज प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता थे।

## बैठक में संगठनात्मक मजबूती कार्यशाला और जिम्मेदारियों पर चर्चा

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी संगठन को और सशक्त बनाएगी। इसके लिए सात मार्च से 14 अप्रैल तक मंडल स्तर पर प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन होगा। इसकी तैयारियों को लेकर जिला पदाधिकारियों की कार्यशाला पार्टी कार्यालय सहादतगंज सभागार में आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, कार्यशाला की रूपरेखा और जिम्मेदारियों के निर्धारण पर चर्चा की गई। क्षेत्रीय महामंत्री एवं महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यशालाएं कार्यकर्ताओं को न केवल वैचारिक स्पष्टता देंगी, बल्कि उन्हें बूथ स्तर तक संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियान में अधिक प्रभावी बनाएंगी। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि संगठन पर्व तीन चरणों में संपन्न होता है। प्रथम चरण सदस्यता अभियान, द्वितीय चरण पदाधिकारी चयन और तृतीय चरण प्रशिक्षण का होता है। कहा कि प्रत्येक मंडल में सात सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें संगठन की कार्यप्रणाली, विचारधारा, सोशल मीडिया प्रबंधन, सेवा कार्यों की रूपरेखा और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

# संदिग्ध हालात में किशोर लापता

**बड़ागांव, अयोध्या, अमृत विचार:** रौनाही थाना सत्ती चौरा चौकी क्षेत्र के बरई खुर्द निवासी धर्मचंद(13) पुत्र हरी राम सोमवार को घर से खेलने के लिए निकला और देर शाम तक वापस ही नहीं लौटा। परिजनो को जानकारी न मिलने पर मामले की सूचना चौकी पुलिस को दी। सती चौरा चौकी प्रभारी सत्यम अग्रवाल ने बताया कि तहरीर मिलने पर गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जाएगी। अभी तक इस मामले में तहरीर नहीं मिली है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत तुरकौलिया, वि0ख0 गैसडी, बलरामपुर**

ग्राम पंचायत तुरकौलिया में (जी राम जी) मनरेगा अन्तर्गत खड़न्जा निर्माण कार्य में प्रयोग होने वाली सामग्री प्रथम श्रेणी ईट की आवश्यकता है। सामग्री पूर्ति हेतु निविदादाताओं (पंजीकृत फर्मो) से निविदा कोटेशन से शीलबंद निविदायें दिनाँक 19/02/2026 से 24/02/2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में अपरान्ह 12.00 बजे तक ली जायेगी। जो दिनांक 25/02/2026 को 12.00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेंडर हेतु गठित समिति ग्राम प्रधान सचिव एवं तकनीकी सहायक के समक्ष खोली जाएगी। शेष शर्ते किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्य का नाम – रफीक के घर से मन्दिर तक खड़न्जा निर्माण कार्य**

**श्रीमती शीला ,ग्राम प्रधान** **शक्तिवेश मौर्या, सचिव/ग्रा0 पं0 अधिकारी**

**ग्राम पंचायत तुरकौलिया वि0ख0 गैसडी बलरामपुर**

# साहित्य की सार्थकता तभी जब वह समाज हित में हो : डॉ. रीता जोशी

- अमृत विचार के प्रधान संपादक राजेश श्रीनेत जनमित्र अवार्ड से किए गये सम्मानित





इतिहासविद व पूर्व सांसद डा.रीता बहुगुणा जोशी से पुरस्कार प्राप्त करते अमृत विचार के प्रधान संपादक राजेश श्रीनेत। अमृत विचार

**वाराणसी, अमृत विचार:** मंगलवार को वाराणसी के अशोका इंस्टीट्यूट के बुद्ध सभागार में वरिष्ठ पत्रकार विजय विनीत की पुस्तक 'सपनों की पगडंडियां' के विमोचन अवसर पर अमृत विचार के प्रधान संपादक राजेश श्रीनेत को जनमित्र अवार्ड से सम्मानित किया गया। राजेश श्रीनेत कई बड़े समाचारपत्रों में भी संपादक रहे हैं। 'सपनों की पगडंडियां' के विमोचन अवसर पर इतिहासविद व पूर्व सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी ने राजेश श्रीनेत को सम्मान देते हुए कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले बहुआयामी प्रतिभा के संपादक है।

इतिहासविद व पूर्व सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी ने इस अवसर पर कहा कि साहित्य नैतिक मूल्य, मानवीय संवेदनाएं व प्रेम विकसित कर समाज में शांति स्थापित करता है। साहित्य समाज को संस्कारित व जागृत करने का साधन होता है। इसकी सार्थकता सामाजिक उत्तरदायित्व और समाज हित में ही निहित होती है। उन्होंने कहा कि अच्छा लेखन वही है जिसकी पुस्तकें पढ़ी जाएं और जिनसे समाज को वास्तविक लाभ मिले। वरिष्ठ पत्रकार विजय विनीत की पुस्तक 'सपनों की पगडंडियां' के विमोचन अवसर डॉ. जोशी ने यह भी कहा कि जीवन का कोई भी मार्ग सरल नहीं होता। हर उपलब्धि के पीछे संघर्ष की लंबी यात्रा छिपी होती है। 'सपनों की पगडंडियां' केवल एक व्यक्ति विशेष की जीवनी नहीं, बल्कि संघर्ष, संकल्प और शिक्षा के प्रति समर्पण की गाथा है। डॉ. जोशी ने काशी की धरती को विद्वानों और विचारकों की जन्मस्थली बताया। वरिष्ठ पत्रकार सुधीर मिश्रा ने कहा कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दौर है। आने वाले समय में पत्रकारिता किस रूप में होगी, इसका अनुमान लगाना आसान नहीं है।ऐसे समय में विजय विनीत ने पत्रकारिता और एआई जैसे विषयों पर गंभीर लेखन कर पत्रकारों और पत्रकारिता के विद्यार्थियों को दिशा देने का काम किया है। उन्होंने विजय विनीत की चर्चित कृति 'मैं इश्क लिखूं तुम बनारस समझना' का उल्लेख करते हुए कहा कि स्मृतियों को साहित्य में ढालना साधारण कार्य नहीं है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह ने कहा कि विजय विनीत केवल लेखक नहीं, बल्कि संवेदनशील और निर्भीक पत्रकार हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के निवर्तमान अध्यक्ष प्रोफेसर नागेंद्र पांडे ने कहा कि विजय विनीत ने अत्यंत स्पष्ट और सादगीपूर्ण भाषा में प्रोफेसर कुशवाहा के व्यक्तित्व को उकेरा है। वरिष्ठ लेखक एवं रंगकर्मी व्योमेश शुक्ल ने कहा कहा कि विजय विनीत ऐसे लेखक हैं जो किसी चरित्र को उसकी वास्तविकता में प्रस्तुत करने का साहस रखते हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ लेखक एवं रंगकर्मी व्योमेश शुक्ल ने भी अपने विचार रखे। इससे पहले अशोका इंस्टीट्यूट के संस्थापक अशोक कुमार मौर्य को मानवाधिकार जन निगरानी समिति की ओर से 'जनमित्र अवार्ड' से सम्मानित किया गया। पत्रकार अभिषेक श्रीवास्तव, वरिष्ठ साहित्यकार राम जी यादव, उद्घोषक अशोक आनंद, रणभेरी न्यूज़ की संपादक समेला आफरीन की प्रतिनिधि सुमन अग्रहरि, पत्रकार रोहित सेठ चित्रकार अमित मेहता के अलावा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्त और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह सहित अनेक साहित्यकारों, पत्रकारों और कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक विजय विनीत ने अतिथियों का परिचय कराते हुए उनका स्वागत किया। संचालन अशोक आनंद ने किया। धन्यवाद ज्ञापन 'मेरा शहर' संस्था की अध्यक्ष सोनम उपाध्याय ने किया।

**कार्यालय नगर निगम अयोध्या जोन अयोध्या धाम**

पत्रांक : 766/न0नि0अयो0जो0अयो0 / 2025–26 दिनांक : 16/ 02/ 2026

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम अयोध्या के कर अनुभाग मे नामान्तरण के लिए निम्नलिखित भवनों के सबंध मे आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। इन भवनों पर पूर्व मे दर्ज भवन स्वामी हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि इस नामान्तरण पर यदि किसी को आपत्ति हो तो अपने प्रमाणित साक्ष्य के साथ प्रकाशित तिथि से 15 दिवस के भीतर आपत्ति पत्र प्रस्तुत करे। अन्यथा की स्थिति मे नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा, जिसका विवरण निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | भवन संख्या | पूर्व से दर्ज भवन स्वामी / खारिज होने वाले नाम | दर्ज होने वाले नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 43/9/35 | राम भजन दास | अनिल कुमार महतो उर्फ अनिल दास पुत्र राम बहादुर महतो व चेला राम भजन दास | रजिस्टर्ड तकर्रूर सरवाहकारी |
| 2 | 13/3/18 | मणिराज तिवारी चेला सत्य नरायणाचार्य | श्रीमती सुखमती देवी पत्नी मणिराज प्रसाद | वरासतन |
| 3 | 13/3/56 | श्री रामगोपाल यादव पुत्र बद्री शरण | श्रीमती रामप्यारी पत्नी श्री रामगोपाल आदि | वरासतन |
| 4 | 54/3/9 | निखिल भारतीय तीर्थ विकास समिति सचिव श्री किशोर कुणाल | निखिल भारतीय तीर्थ विकास समिति सचिव श्री सायण कुणाल पुत्र श्री किशोर कुणाल | वरासतन |
| 5 | 15/3/10 | श्री सिद्धार्थ विजय सिंह, श्री राजेश प्रताप सिंह, श्री परिक्षित विजय सिंह | श्रीमती आशा सिंह पत्नी श्री राजेश प्रताप सिंह,पल्लवी सिंह पत्नी श्री परिक्षित विजय सिंह आदि | वरासतन |
| 6 | 15/3/6 | श्री सिद्धार्थ विजय सिंह, श्री राजेश प्रताप सिंह, श्री परिक्षित विजय सिंह | श्रीमती आशा सिंह पत्नी श्री राजेश प्रताप सिंह,पल्लवी सिंह पत्नी श्री परिक्षित विजय सिंह | वरासतन |

**कर अधीक्षक**
**जोन अयोध्या**
**नगर निगम अयोध्या**

**जोनल अधिकारी**
**जोन अयोध्या**
**नगर निगम अयोध्या**

# ब्यूरोक्रेसी के खिलाफ फूटा शिक्षकों का गुस्सा

## बीएनकेबी महाविद्यालय अंबेडकरनगर मामले को लेकर अवध विवि व सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रदर्शन जारी

अयोध्या कार्यालय 24

**अमृत विचार :** अम्बेडकरनगर के बीएनकेबी महाविद्यालय में प्राचार्य और शिक्षकों पर दर्ज एफआईआर के विरोध में और वहां की एसडीएम पर दुर्व्यवहार के आरोप में डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों का आक्रोश बढ़ रहा है। सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रदर्शन के साथ अवध विश्वविद्यालय में मूल्यांकन में लगे शिक्षकों ने मंगलवार को भी प्रदर्शन किया। अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. जनमेजय तिवारी व महामंत्री प्रो. अमूल्य सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे केंद्रीय मूल्यांकन केंद्र के बाहर क़रीब 600 शिक्षकों व शिक्षिकाओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध-प्रदर्शन करते हुए कॉपियों का मूल्यांकन किया। संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा के उपाध्यक्ष डॉ. घनश्याम यादव ने सभी शिक्षक साथियों से इस विरोध को जारी रखने तथा 19 फरवरी को आयोजित एक दिवसीय विशाल धरना एवं शिक्षक न्याय पदयात्रा में शामिल होने की अपील की। संयुक्त मोर्चा के संयोजक प्रो. अमूल्य सिंह ने शिक्षकों कहा कि यह प्रशासन की तानाशाही के विरुद्ध लड़ाई है। अध्यक्ष डॉ. जनमेजय तिवारी ने कहा कि शिक्षक पूरी कर्मठता से अपना कार्य करते हैं। समाज को शिक्षित करने का कार्य हमारा है और यदि हम पर ही आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा तो संघ इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। डॉ . आशुतोष पाण्डेय, प्रो. समीर सिन्हा, प्रो. कुमुद रंजन, डॉ. हैदर खान, डॉ. अवनीश प्रताप सिंह, डॉ. आशीष प्रताप सिंह, डॉ. नंदराम, प्रो. प्रणय कुमार त्रिपाठी, डॉ. नृपेंद्र विक्रम सिंह, डॉ. चंद्र प्रकाश वर्मा, डॉ. नीलमणि सिंह और प्रो. विनय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



बीएनकेबी अम्बेडकरनगर मामले में अवध विवि में प्रदर्शन करते महाविद्यालयों के शिक्षक।

## जिला जज ने रवाना किया न्याय रथ

**अयोध्या :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज रणंजय कुमार वर्मा ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से उपलब्ध कराए गए न्याय रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ 22 फरवरी को अवध विवि में आयोजित होने जा रहे मेगा/वृहद कैंप का का प्रचार करेगा। सचिव रंजिनी शुक्ला ने बताया कि उक्त मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में शामिल करने के लिये 44 विभागों (जिला विकास/खण्ड विकास, समाज कल्याण विभाग, दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग, महिला एवं बाल कल्याण विभाग आदि) की सूची उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।

## प्रतिभागियों को दिये प्रमाण-पत्र



अवध विवि में प्रशिक्षण समापन पर प्रमाण-पत्र के साथ विधार्थी। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के अमर शहीद संत कंवरराम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र में कौशल विकास कार्यशाला कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हुआ। इसमें प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिये गए। प्रथम सत्र में फैशन डिजाइनिंग विभाग के शिक्षक रत्नेश यादव द्वारा प्रमोशन ऑफ स्किल एंड टूल्स इन्वॉल्व्ड विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।द्वितीय सत्र में डॉ. उषा गर्ग व डॉ. चारु अग्रवाल द्वारा स्क्रीन प्रिंटिंग एंड इट्स एप्लीकेशन इन टुडेस वर्ल्ड विषय पर व्याख्यान एवं प्रायोगिक प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर संयोजक प्रो. अनूप कुमार, प्रो. फरुख जमाल व प्रो. नीलम पाठक की भी उपस्थिति रही।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन



बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद को ज्ञापन देते उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अवधेश यादव व अन्य। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** शिक्षकों की तमाम लंबित मांगों के समर्थन में मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक के जिला अध्यक्ष अवधेश यादव के नेतृत्व में शिक्षकों ने सात प्रमुख मांगों का ज्ञापन बीएसए को सौंपा। प्रमुख मांगों में पिछले वर्ष का चयन वेतनमान, विद्यालय भवन की समस्या, अवरुद्ध/कटौती वेतन, जैसी तमाम मुद्दों शामिल रहे। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष अवधेश यादव, मंत्री अशोक वर्मा, कोषाध्यक्ष फूल चंद सरोज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. मनुजेश यादव, संयुक्त मंत्री अजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

## नालियों से बहता पानी, शिकायत

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर निगम क्षेत्र कोरखाना में जगह जगह नालियों से बहता पानी लोगों के लिए संकट बन चुका है। जल निगम वालों ने नालियों का आधा अधूरा कार्य कराया था। इस संबंध में शिकायत हुई थी, मंगलवार को अपर नगर आयुक्त नागेन्द्र नाथ ने इलाके का निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता राजपति ने बताया कि मौके पर जल निगम के अधिकारी नहीं मिले। शिकायत को देखते हुए कार्रवाई की जा रही है।



अमानीगंज ब्लॉक में आयोजित बैठक में मौजूद उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी व महामंत्री डॉ चक्रवर्ती सिंह व शिक्षक। अमृत विचार

## प्राशिसं के निष्क्रिय पदाधिकारी होंगे बाहर : नीलमणि

**अयोध्या, अमृत विचार :** ट्विटर एक्स डाउनलोड न करने पर शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने मंगलवार को नाराजगी जताते हुए कहा कि निष्क्रिय पदाधिकारी तत्काल बाहर किए जायेंगे। संघ द्वारा विकास खंडो में ब्लॉक कार्यसमिति एवं संघर्ष समिति की बैठक कर समीक्षा की जा रही है। जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह ने बताया कि 22 को ट्विटर अभियान, 23 से 25 तक काली पट्टी बांधकर विरोध जताया जाएगा। इसके बाद 26 फरवरी को बीएसए कार्यालय पर धरना देते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह और संचालन ब्लॉक मंत्री उध्व श्याम तिवारी ने किया।संघर्ष समिति के मंत्री सुनील प्रियदर्शी, उपाध्यक्ष राम सुरेश, पूर्व मंत्री अमानीगंज दिवाकर सिंह, अभय सिंह, आदेश दुबे सहित दर्जनों शिक्षक पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

# बढ़ती तकनीक से मानव जीवन बना सर्व सुलभ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में मंगलवार को जैव रसायन विभाग एवं बी डी बायोसाइंसेज इंडिया एंड साउथ एशिया के संयुक्त तत्वावधान में ''''स्ट्रांग टुगेदर'''' का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. हिमांशु शेखर ने कहा कि विज्ञान की बढ़ती तकनीक ने मानव जीवन को सर्व सुलभ बनाया है। इसे वैज्ञानिक अध्ययनों को नई दिशा प्रदान की है।

विभागाध्यक्ष जैव रसायन प्रो.फरुख जमाल ने बताया कि फ्लो साइटोमेट्री यह एक ऐसी तकनीक है जिसका उपयोग तरल पदार्थ में बहने वाली कोशिकाओं या कणों के भौतिक और रासायनिक गुणों का विश्लेषण करने के लिए किया जाता है। डॉ. स्वर्णेंद्र सिंह का व्याख्यान कोशिका के रहस्य विषय पर आधारित रहा। डॉ. शशिभूषण चौहान ने फ्लो साइटोमेट्री के डिजाइन, कार्यप्रणाली और उसके द्वारा प्राप्त परिणाम को कैसे समझा जाए इसके बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। संगोष्ठी के अंत में वैज्ञानिक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न वैज्ञानिक प्रश्नों का उत्तर प्रतिभागी छात्र-छात्राओं से मांगा गया और सही उत्तर के आधार पर छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया भी किया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. नीलम पाठक ने किया। इस अवसर पर प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. संग्राम सिंह, डॉ. विनोद कुमार चौधरी, डॉ. नीलम यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक छात्र उपस्थित रहे।




अवध विवि में आयोजित व्याख्यान में मुख्य अतिथि डॉ फरुख जमाल को स्मृति चिन्ह भेंट करती छात्रा।

# धोखाधड़ी के आरोप में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ने चेक चोरी और धोखाधड़ी के आरोप से जुड़े मामले में जलालपुर पुलिस को एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है। मामले के अनुसार कस्बा उसमापुर जलालपुर निवासी मो. आसिफ पुत्र मो. उसमान ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि कुछ माह पहले उनकी गाड़ी से उनका व उनकी पत्नी निलोफर का चेकबुक, दो स्टाम्प पेपर तथा गाड़ी के कागजात चोरी हो गए थे। काफी खोजबीन के बाद भी सामान नहीं मिलने पर उन्होंने बैंक में चेकबुक बंद करा दिया और थाना जलालपुर में प्रार्थना पत्र देकर सूचना भी दर्ज कराई थी। प्रार्थी का आरोप है कि बाद में उन्हें जानकारी हुई कि अशरफपुर मजगवां निवासी अभय सिंह ने उनके खाते में पांच लाख रुपए का चेक लगाने का प्रयास किया, लेकिन चेक पहले से बंद होने के कारण भुगतान नहीं हो सका। आरोप है कि इसके बाद अभय सिंह ने अपने साथियों विवेक मिश्रा और अंजनी मिश्रा के साथ मिलकर उनके खिलाफ झूठा व मनगढ़ंत वाद दायर कर दबाव बनाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पहले स्थानीय थाना तथा बाद में 11 नवंबर 2025 को पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड डाक से प्रार्थना पत्र दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुए जलालपुर के थानाध्यक्ष को निर्देशित किया है कि प्रकरण में सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विधि अनुसार विवेचना करें और निर्धारित समय सीमा में आख्या न्यायालय में प्रस्तुत करें।

# बार-बेंच बैठक के बाद खत्म हुई वकीलों की हड़ताल

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जलालपुर तहसील में पखवारे भर से चल रहा बार और बेंच के बीच गतिरोध मंगलवार को बैठक के बाद समाप्त हो गया। 6 फरवरी से बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कृपा शंकर मौर्य के आह्वान पर तहसील के समस्त अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत चल रहे थे, जिससे न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहा था और वादकारियों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

गतिरोध समाप्त करने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी राहुल कुमार गुप्ता ने सोमवार को पत्र जारी कर बार और बेंच की बैठक बुलाने का अनुरोध किया था। इसके क्रम में मंगलवार को जलालपुर तहसील स्थित अधिवक्ता सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान अधिवक्ताओं ने खतौनियों में नाम की त्रुटियों के संशोधन में आ रही दिक्कतों, विभिन्न स्तरों पर व्याप्त भ्रष्टाचार तथा न्यायालय में लंबित मुकदमों की फाइलों के अचानक गायब हो जाने जैसे गंभीर मुद्दे प्रमुखता से उठाए। उप जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी। साथ ही खतौनी में गलत नाम के संशोधन की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।




जलालपुर तहसील के अधिवक्ता सभागार में मौजूद उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता।

बैठक में यह भी अधिवक्ता हुए शामिल : प्रशासन की ओर से मिले आश्वासन के बाद अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से चल रही न्यायिक प्रकिया का बहिष्कार समाप्त करने का निर्णय लिया और नियमित न्यायिक कार्य शुरू करने की घोषणा की। बार एसोसिएशन अध्यक्ष कृपा शंकर मौर्य ने बताया कि बार और बेंच के बीच सकारात्मक वार्ता होने के बाद गतिरोध समाप्त कर दिया गया है और अब सभी अधिवक्ता सामान्य रूप से न्यायिक कार्य करेंगे। बैठक में अधिवक्ता सुनील सिंह, सत्य प्रकाश मिश्रा, रामचंद्र दुबे, संत प्रकाश पांडे, जगदीश चंद्र यादव, आशुतोष श्रीवास्तव, महेंद्र यादव सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म के प्रयास व पॉक्सो के आरोपी को छह वर्ष की कैद

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपद पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन पक्ष द्वारा की गई प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने एक आरोपी को दोषी करार देते हुए कठोर कारावास की सजा सुनाई है। बता दें कि थाना सम्मनपुर में वर्ष 2020 में दर्ज मुकदमें के मामले में आरोपी जयहिन्द पुत्र फागू निवासी सकरा यूसिफुपुर थाना सम्मनपुर को न्यायालय ने दोषी पाया। न्यायालय ने आरोपी को 06 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए कुल 12 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में आरोपी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। पुलिस विभाग के अनुसार ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत लंबित गंभीर मामलों में त्वरित व प्रभावी पैरवी कर दोषियों को सजा दिलाने की कार्रवाई लगातार जारी है। इस निर्णय से अपराधियों में भय का माहौल तथा आमजन में न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में महिला एवं बाल अपराध से जुड़े मामलों में विशेष प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जा रही है, ताकि पीडित्रों को शीघ्र न्याय मिल सके और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# भाजपा को राष्ट्र सुरक्षा सर्वोपरि : कमलेश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** मंगलवार को जनपद की प्रशिक्षण महाअभियान की कार्यशाला मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा की उपस्थिति और भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है। समय के साथ हो रहे परिवर्तनों के कारण प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। भाजपा चलायमान संगठन है जो निरंतर गतिमान रहता है। विभिन्न प्रकार के संचार माध्यमों से किए जाने वाले गतिविधियों का अहम योगदान समाज में तेजी से बढ़ रहा है। कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण 24 घण्टे का होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास 14 करोड़ कार्यकर्ताओं की सबसे बड़ी श्रृंखला है। भाजपा के लिए राष्ट्र और राष्ट्र सुरक्षा सर्वोपरि है। अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कार्यशाला में शामिल मुख्य अतिथि सहित सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा राष्ट्रवाद की विचार धारा से ओतप्रोत संगठन है। भाजपा कार्यकर्ता समाज में निचले स्तर पर निवास करने वाले लोगों की सेवा को अपना धर्म मानकर कार्य करते हैं। भाजपा एक परिवार है। भाजपा को कार्यकर्ता अपनी मानते हैं।




कार्यकर्ताओं को संबोधित करते क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा।

- भाजपा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कार्यक्रर्ताओं को किया प्रशिक्षित

# महिला की पिटाई का वीडियो वायरल, आरोपी पर केस दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** जैतपुर थाना क्षेत्र के सवरगह गांव में एक महिला की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लेते हुए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि गांव निवासी मोनू पुत्र अनिल का गांव की ही एक महिला राधिका से कुछ दिन पूर्व किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। बताया जा रहा है कि इसी रंजिश को लेकर मोनू ने महिला पर हमला कर उसकी पिटाई कर दी। घटना का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। वीडियो में एक युवक द्वारा महिला के साथ मारपीट करते हुए देखा जा रहा है। मामले में थाना अध्यक्ष थीरेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# फसलों को नष्ट कर रहीं नीलगायें

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** क्षेत्र में नीलगायों का आतंक किसानों के लिए गंभीर समस्या बनता जा रहा है। नीलगायों के झुंड इस समय खेतों में खड़ी दलहन, तिलहन और गेहूं की फसलों को रौंदकर भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसान त्रस्त हैं।

बता दें कि हरपुर, इब्राहिमपुर, कहरा सुलेमपुर, परस कटुई, भौसिमपुर, मजीसा, कटात, असमानपट्टी, दयालपुर सहित अन्य गांवों में भी नीलगायों का झुंड खुलेआम खेतों में घुसकर फसलों को बर्बाद कर रहा है। दिन-रात कड़ी मेहनत से फसल तैयार करने वाले किसानों को अब अपनी ही फसल बचाने के लिए रात-रात भर खेतों में जागकर पहरा देना पड़ रहा है। इससे किसानों की नींद और सुकून दोनों छिन गए हैं। स्थानीय किसान पवन सिंह, नीरज विश्वकर्मा, छोटू सिंह, पप्पू वर्मा, ओम प्रकाश, विजय कुमार, संग्राम यादव आदि का कहना है कि नीलगायों के झुंड लगातार फसलों को रौंद रहे हैं, लेकिन उनके नियंत्रण को लेकर कृषि विभाग या वन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। किसानों का कहना है कि प्रशासनिक उदासीनता के चलते वह बेबस होकर स्वयं ही अपनी फसलों की सुरक्षा करने को मजबूर हैं।



हरपुर ब्राहिमपुर में किसानों के खेतों में नीलगायों का झुंड। ● अमृत विचार

- रात-रात भर जाग कर फसल बचाने को किसान हो रहे मजबूर

जायजा | जिलाधिकारी ने विकासखंड टांडा का निरीक्षण कर की योजनाओं की समीक्षा

# स्वयं सहायता समूहों को उपलब्ध कराएं बेहतर सुविधाएं

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचारः जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा विकासखंड टांडा स्थित खंड विकास अधिकारी कार्यालय का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मनरेगा प्रकोष्ठ, लेखा प्रकोष्ठ, ग्रामीण आवास प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित नेहरू मिलन केंद्र कक्ष तथा कार्यालय परिसर में नवनिर्मित शौचालय आदि का स्थलीय अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मनरेगा के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों के प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने विकासखंड में स्वयं सहायता समूहों के गठन एवं संचालन की स्थिति को संतोषजनक पाया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्वयं सहायता समूहों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए अधिक से अधिक ड्रोन दीदी तैयार की जाएं। वर्तमान में विकासखंड में एक ड्रोन दीदी द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने समूह की दीदियों को हार्वेस्टर सहित अन्य रोजगारपरक योजनाओं और संसाधनों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करने और आत्मनिर्भर बनाने के सम्मान विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समूहों की आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित की जाए, जिससे अधिक से अधिक दीदियां लखपति दीदी की श्रेणी में सम्मिलित होकर शासन की मंशा के अनुरूप करोड़पति समूह की दिशा में अग्रसर हो सकें। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा विद्यालयों में प्रेरणा कैंटीन खोले जाने के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिससे विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हों।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी टांडा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



टांडा तहसील के निरीक्षण के दौरान बीडीओ से जानकारी लेते डीएम।

## फ्री हेल्थ व डेंटल शिविर का आयोजन आज

**टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** रमजान के पवित्र अवसर पर बुधवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मेगा फ्री हेल्थ शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मरीजों को नि :शुल्क जांच, परामर्श और दवाइयों की सुविधा प्रदान की जाएगी। शिविर में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभम गुप्ता द्वारा ऑर्थोपेडिक एवं न्यूरो संबंधी मरीजों को मुफ्त परामर्श दिया जाएगा। वहीं जरूरतमंद मरीजों को नि :शुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएंगी। इसी क्रम में आयोजित विशेष डेंटल शिविर में जनपद के प्रसिद्ध डेंटल सर्जन डॉ. सुधांशु मिश्रा और डॉ. प्रियंका मिश्रा द्वारा फ्री डेंटल चेकअप किया जाएगा। शिविर में दांतों की जांच के लिए नि :शुल्क एक्स-रे सुविधा उपलब्ध रहेगी तथा उपचार पर मरीजों को 30 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। आयोजक जावेद अहमद ने क्षेत्रवासियों से कहा कि वे शिविर का लाभ उठाएं।

# वृहद विधिक साक्षरता सेवा शिविर में योजनाओं के बारे में किया जागरूक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचारः** कार्यपालक अध्यक्ष राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार आमजन के विधिक सशक्तीकरण एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से 22 फरवरी को लोहिया भवन परिसर अकबरपुर में आयोजित होने वाले वृहद विधिक साक्षरता सेवा शिविर मेगा शिविर की तैयारी के क्रम में सोमवार को तहसील परिसर अकबरपुर में प्री लघु शिविर का आयोजन किया गया।

प्री लघु शिविर में पात्र व्यक्तियों का चयन एवं पंजीकरण किया गया, ताकि उन्हें मेगा शिविर में योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा सके। शिविर में संतोष कुमारए तहसीलदार अकबरपुर की उपस्थिति में जिला समाज कल्याण विभाग, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, जल निगम तथा कृषि विभाग के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति योजना, शादी अनुदान योजना तथा ओ-लेवल, सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना की जानकारी दी गई और पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण किया गया। समाज कल्याण विभाग ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, छात्रवृत्ति योजना एवं अनुसूचित जाति जनजाति उत्पीडन्न आर्थिक सहायता योजनाओं के बारे में जागरूक किया। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने दिव्यांगजन पेंशन योजना एवं सहायक उपकरणों की जानकारी प्रदान की।

# घर पर शव रखकर किया प्रदर्शन, प्रशासन ने मनाया

## अमित हत्याकांडः पांच सूत्री मांगें पूरी होने पर अंतिम संस्कार को राजी हुए परिजन, देर से पहुंचे नायब तहसीलदार पर भड़के लोग

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचार**ः सोमवार को हुई अमित सिंह की हत्या के बाद पीएम कराकर शव घर लाने पर परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। जिससे स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया। वहीं, देरी से पहुंचे नायब तहसीलदार को लोगों ने जमकर खरी खोटी सुनाई। प्रशासन द्वारा पीड़ित परिजनों की पांच सूत्री मांगों को मानने व न्यायपूर्ण कार्यवाही किये जाने के आश्वासन के बाद शव का अंतिम संस्कार करने पर राजी हो गये।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के मदनपुर पनियार गांव में बीते सोमवार को पत्नी शिल्पी सिंह व उसके प्रेमी दीपक सिंह की मिली भगत से अमित सिंह की धारदार हथियार से गला रेतकर हुई हत्या के मामले में पोस्टमार्टम के बाद घर आए अमित के शव का अंतिम संस्कार करने से परिजनों इनकार कर दिया। जैसे ही यह सूचना प्रशासन को लगी वैसे ही मौके पर कोतवाली प्रभारी धीरज कुमार व सीओ तथा अन्य पुलिसकर्मी काफी संख्या में पहुंच गए और समझाने बुझाने लगे। लेकिन परिजनों ने कहा कि हमारी मांग जब तक पूरी नहीं की जाती है तब तक हम अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। कई घंटों के बाद नायब तहसीलदार अभय राजपाल मौके पर पहुंचे, तब मृतक अमित



नायब तहसीलदार को मांग पत्र सौंपते पीड़ित परिजन। ● अमृत विचार

सिंह के भाई अजीत सिंह व प्रदीप कुमार उर्फ दीपू ने मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि एक आवास तथा मृतक के बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में नाम देने, परिवार को आर्थिक मदद व फरार आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। नायब तहसीलदार द्वारा मदद कराने का आश्वासन देने पर परिजन अंतिम संस्कार करने पर राजी हुए और मृतक अमित सिंह का धोपाप में अंतिम संस्कार किया गया।

### लोगों ने नायब तहसीलदार को सुनाई खरी खोटी

मदनपुर पनियार में मृतक अमित सिंह का अंतिम संस्कार करने से परिजनों द्वारा मना करने पर कई घंटे बीत गए, फिर भी जब स्थानीय प्रशासन का कोई प्रतिनिधि मौके पर नहीं पहुंचा तो स्थानीय लोग भड़क गए और नायब तहसीलदार अभय राजपाल को खरी खोटी सुनाई। लोगों का कहना था कि पुलिस प्रशासन रात एवं सुबह से ही यहां पर मुस्तैद है, लेकिन तहसील प्रशासन से कोई भी अधिकारी नहीं आया। आप इतने घंटे बाद आए हैं, इससे परिजनों में आक्रोश है। नायब तहसीलदार द्वारा हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन देने पर मृतक के परिजन मान गए और अंतिम संस्कार किए।

### शीघ्र होगी फरार दीपक सिंह की गिरफ्तारी

सीओ सिटी सौरभ सावंत ने कहा कि आरोपी पत्नी शिल्पी सिंह को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जेल भेज दिया है। उसकी निशान देही पर पुलिस ने कई सबूत संकलित किए हैं। शीघ्र आरोपी दीपक सिंह की भी गिरफ्तारी कर आला कतल बरामद कर लिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### टीईटी के विरोध में शिक्षकों का संयुक्त आंदोलन घोषित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** टीईटी अनिवार्यता को लेकर सुप्रीम कोर्ट के 2025 के निर्णय के बाद शिक्षकों में बढ़ते असंतोष के बीच विभिन्न संगठनों ने संयुक्त आंदोलन की घोषणा की है। डाकखाना स्थित उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ कैंप कार्यालय पर हुई बैठक में चरणबद्ध रणनीति तय की गई। 22 फरवरी को सोशल मीडिया अभियान, 23 से 25 फरवरी तक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य और 26 फरवरी को तिकोनिया पार्क में धरना देकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मार्च के तीसरे सप्ताह में नई दिल्ली में महारैली प्रस्तावित है।

### ओलंपिक संघ ने एसपी का किया सम्मान

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले में नियुक्त नई पुलिस अधीक्षक चारू निगम का जिला ओलंपिक संघ की ओर से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला ओलंपिक संघ के सचिव पंकज दुबे ने किया। संघ के पदाधिकारियों एवं विभिन्न खेल संघों के सचिवों ने पुलिस कप्तान को अंगवस्त्र एवं भगवान राम की प्रतिमा भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने जनपद में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा खिलाड़ियों की सुरक्षा एवं सहयोग को लेकर सकारात्मक संवाद की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में जिला फुटबॉल संघ के सचिव एम. एस. बेग, संयुक्त सचिव अतुल श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह, एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष राम लखन, हैंडबॉल संघ के सचिव प्रवीण मिश्रा, बॉक्सिंग संघ के सचिव विजय यादव, ताइक्वांडो प्रशिक्षक एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी अमीना बानो, वॉलीबॉल की राष्ट्रीय खिलाड़ी रागिनी मिश्रा, राष्ट्रीय खिलाड़ी राम कुमार मिश्र, श्वेता मिश्रा, योग प्रशिक्षक अनीता तिवारी तथा एडवोकेट अशोक सिंह विसेन सहित अन्य पदाधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### गोमती किनारे स्वदेशी तकनीक से बन रहा मूंज-सरपत का 'बाध'

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** ग्रामीण अंचल में पारंपरिक कौशल आज भी आजीविका का मजबूत आधार बना हुआ है। विकासखंड भदैया क्षेत्र में गोमती नदी के किनारे मूंज और सरपत से तैयार होने वाला "बाध" स्थानीय कारीगरों की मेहनत और स्वदेशी तकनीक का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह उत्पाद न केवल जिले बल्कि प्रदेश और देश के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचता है, जिससे जुड़े सैकड़ों परिवारों की रोजी-रोटी चलती है।

### सूखे पेड़ की डाल गिरने से बुजुर्ग की मौत

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के पखनपुर गांव में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में 60 वर्षीय गोवर्धन शर्मा पुत्र रामदेव की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वह सूखे आम के पेड़ को काट रहे थे, तभी अचानक भारी डाल उनके सिर पर गिर गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन तत्काल उन्हें जिला अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज (केजीएमसी), लखनऊ रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान मंगलवार सुबह उनकी मौत हो गई। गोवर्धन शर्मा अपने पीछे पत्नी सुशीला सहित पांच बच्चों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। बेटों में राजकुमार, नंदकुमार व रविन्द्र तथा बेटियों में आशा और उषा शामिल हैं। मई माह में उनकी बेटी की शादी तय थी और तैयारियां चल रही थीं, लेकिन इस हादसे ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया।

# सपा कार्यकर्ता हत्याकांड में 5 आरोपी दोषी

- मामले में अदालत 20 फरवरी को सुनाएगी सजा

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार**ः अमेठी जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के पूरे गड़ेरियन मौजा राजापुर में चार वर्ष पूर्व हुए सपा कार्यकर्ता आलोक पाल हत्याकांड में मंगलवार को एडीजे तृतीय निशा सिंह की अदालत ने पाँच आरोपितों को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया। अदालत 20 फरवरी को आरोपियों को जेल से तलब कर सजा सुनाएगी।

अभियोजन पक्ष के वादी अधिवक्ता रवि शुक्ल ने बताया कि घटना 2 मार्च 2022 को संग्रामपुर थानाक्षेत्र के पूरे गड़ेरियन मौजा राजापुर कोहरा में वादी रामराज पाल का पुत्र प्रशांत पाल और सपा कार्यकर्ता आलोक पाल सामान खरीदने बाजार जा रहे थे। आरोप के मुताबिक रास्ते में ननकू दास की कुटी के पास घात लगाए बैठे आरोपियों ने लाठी, डंडे और लोहे की रॉड से दोनों पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल आलोक पाल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने ग्राम के ही अजय मिश्र, माधवराज मिश्र, आशुतोष मिश्र, दुर्गा प्रसाद और अभिषेक मिश्र के खिलाफ केस दर्ज कर चार्जशीट दाखिल की। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष के नौ गवाहों की गवाही को विश्वसनीय मानते हुए अदालत ने सभी पांचों को दोषी ठहराया। कोर्ट ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है और सजा 20 फरवरी को सुनाई जाएगी।

### विनोद हत्याकांडः आरोपी सोनू नट की जमानत खारिज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अमेठी जिले के पीपरपुर थाना क्षेत्र के टिकावर निवासी विनोद की हत्या के मामले में जेल में निरुद्ध सोनू नट की जमानत अर्जी सेशन जज सुनील कुमार की अदालत ने आरोपों को गंभीर पाते हुए खारिज कर दी। डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र के मुताबिक आरोप है कि प्रेम संबंध के चलते सोनू नट बीते साल 16 सितंबर की रात विनोद को घर से बुलाकर ले गया था, जिसके बाद अगले दिन विनोद की लाश धम्मौर थानाक्षेत्र के जैतापुर नहर पुल के पास मिली थी। मृतक के भाई सूरज ने केस दर्ज कराया था। मामले में मृतक की पत्नी रामरती की जमानत अर्जी सेशन कोर्ट पहले ही खारिज कर चुकी है।

### साक्ष्य के अभाव में अपहरण का आरोपी बरी

**संवाददाता, सुलतानपुर :** बल्दीराय थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी के छह साल पूर्व अपहरण करने के अयोध्या के इनायतनगर थानाक्षेत्र के भाबुपुर निवासी आरोपी सत्यम तिवारी को पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कोर्ट ने पीड़िता व गवाहों के पुलिस व कोर्ट के समक्ष दिए गये विरोधाभासी बयान के चलते साक्ष्य के अभाव में आरोपी को बरी कर दिया है। 15 अक्टूबर 2022 की घटना में पीड़िता के पिता ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी पर चार्जशीट दाखिल की थी जिस पर विचारण चला।

### संविदा चिकित्सक हत्याकांड में अंतिम सुनवाई जारी

चर्चित संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में मंगलवार को एडीजे प्रथम संध्या चौधरी की अदालत में बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बहस की। बहस पूर्ण न होने के कारण शेष बहस 18 फरवरी को होगी। अभियोजन पक्ष से वादिनी निशा तिवारी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट में बचाव पक्ष की शेष बहस के बाद अभियोजन की बहस होनी है। 23 सितंबर 2023 को कोतवाली नगर क्षेत्र के नरायनपुर में संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी की हत्या कर दी गई थी। मामले में अजय नारायण सिंह, दीपक सिंह सहित अन्य आरोपियों पर हत्या, आपराधिक षड्यंत्र और दहशत फैलाने के गंभीर आरोप तय हैं। विचारण के दौरान आरोपी विजय नारायण सिंह और जगदीश नारायण सिंह की मौत हो चुकी है।

### चोरी के दोषी को दो साल की सजा

चोरी के आरोप में एसीजेएम चतुर्थ भव्या श्रीवास्तव ने मंगलवार को कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी हरिकेश को दो साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोषी पर 1500 रुपये अर्थदंड भी लगाया है। वादी मुकदमा की तहरीर के आधार पर 06 मार्च 2024 को बल्दीराय थाने में केस दर्ज हुआ था। आरोपी पर दुकान से चोरी किए जाने की घटना की विवेचना उपनिरीक्षक विजय कुमार गुप्ता ने कर चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन की ओर से एपीओ मयंक सिंह की सशक्त पैरवी से कोर्ट ने दोषी को सजा सुनाई।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**गोसाईगंज, सुल्तानपुर, अमृत विचार :** थाना अंतर्गत द्वारिकागंज रेलवे क्रासिंग के पास बाइक सवार लोहे के पोल से टकरा गया। जिससे युवक की मौत हो गई। जबकि एक छात्रा घायल हुई है। बल्दीराय थानाक्षेत्र के परसपुर गांव निवासी राम जीत यादव (22) पुत्र कल्लू यादव एक छात्रा माधुरी के साथ बाइक से सुल्तानपुर की ओर जा रहा था। मंगलवार शाम द्वारिकागंज पुलिस चौकी के करीब रेलवे क्रासिंग के पास पहुँचा था कि अनियंत्रित होकर लोहे के पोल से टकरा गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से और छात्रा आंशिक रूप से घायल हो गई। लोगो की मदद से घायलों को मेडिकल कालेज सुल्तानपुर ले जाया गया। जहाँ डॉक्टरों ने रामजीत को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन मेडिकल कालेज पहुँचे। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। इस संबंध में द्वारिकागंज चौकी इंचार्ज ने बताया कि बुधवार को पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

# एसपी ने बंधुआकला थाने का लिया जायजा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार**ः जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के क्रम में पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने मंगलवार को बंधुआकला थाना का औचक निरीक्षण किया। एसपी के अचानक थाने पहुंचने से पुलिस कर्मियों में हलचल मच गई।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, कार्यालय अभिलेख, हवालात, रिसेप्शन कक्ष, पुलिस मैस और थाना परिसर का गहन निरीक्षण किया। महिला हेल्प डेस्क पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए पीड़ितों की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक करने तथा



थाने का निरीक्षण करतीं एसपी चारु निगम। ● अमृत विचार

- पीड़ितों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण का दिया निर्देश

शिकायतों पर निष्पक्ष कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया गया। एसपी ने थाने के टॉप-10 अपराधियों व हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी की स्थिति की समीक्षा की। शराब, खनन और भू-माफियाओं के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अपराध रजिस्टर एवं त्योहार रजिस्टर का अवलोकन कर अभिलेखों को अद्यतन रखने को कहा। थाना परिसर में खड़े लावारिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी दिए गए। पुलिस मैस में भोजन की गुणवत्ता व सफाई की जांच कर थाना प्रभारी व स्टाफ से संवाद किया।

# ग्राम पारा में नये चकों की पर्चियों का हुआ वितरण

- आपत्ति के लिए न्यायालय में आवेदन का मिलेगा अवसर

**सुलतानपुर, अमृत विचार**ः जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पारा में मंगलवार को सहायक चकबंदी अधिकारी द्वारा चक सृजन के उपरांत तैयार किए गए नये चकों के पर्चियों का वितरण किया गया। यह वितरण कार्यक्रम मुख्य राजस्व अधिकारी बाबूराम एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक चकदार को उसका निर्धारित नया चक प्रदान किया गया। साथ ही ग्राम में नये चकमार्ग (रास्तों) का सृजन भी किया गया। सहायक चकबंदी अधिकारी द्वारा संयुक्त जोतों का विधिवत विभाजन कर नये खतौनी प्रविष्टियां दर्ज कराई गईं तथा प्रत्येक चक को नया चकमार्ग आवंटित किया गया। किसानों को वितरित किए गए पर्चे (जोत चकबंदी आकार पत्र-23) के संबंध में यदि किसी खातेदार को कोई आपत्ति हो तो वह तय समय के भीतर चकबंदी अधिकारी की कोर्ट में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। इस अवसर पर एसओसी पंकज कुमार, तहसीलदार मयंक मिश्रा, चकबंदी अधिकारी राकेश सिंह तथा सहायक चकबंदी अधिकारी राकेश तिवारी मौजूद रहे।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं दीपक कुमार सिंह पुत्र स्वः गनेश सिंह निवासी 118/181A6A, कुंज विहार, कौशलपुरी, आरके नगर कानपुर मेरी पुत्री समृद्धि सिंह के एस.एस.ई. 2025 C.B.S.E वाया रोल नं0- 23214168/2025 मे मेरा नाम त्रुटिवश दीपक सिंह लिखा हैं, जो कि अपूर्ण है भविष्य में मुझे दीपक कुमार सिंह नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

मेरा नाम त्रुटिवश पासपोर्ट में मोहम्मद अदनान दर्ज हो गया । सही नाम मो0 अदनान है। जो सही है। यही नाम मेरे सभी अभिलेखों में दर्ज है। **मो0 अदनान पुत्र मो0 इरफान निवासी सुभाष नगर, तिर्वागंज जिला- कन्नौज**

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश श्रीज्ता श्रीवास्तव (srijta) दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम श्रेया श्रीवास्तव है (Shreya Srivastava) है और यही नाम मेरे अंकपत्र और सह प्रमाणपत्र में अंकित है। मेरा वास्तविक नाम **श्रेया श्रीवास्तव पुत्री प्रवीन कुमार श्रीवास्तव ग्राम दिनकरपुर, तहसील मनकापुर** गोंडा है।

**सूचना**

मेरे पुत्र धर्मराज व उसकी पत्नी रुचि की क्रियाकलापों से पूरा परिवार परेशान रहता है। यह लोग आए दिन गृह क्लेश करते हैं, जिस कारण मैंने इन्हें अपनी अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इन दोनों के कृत्य से मेरा, मेरी पत्नी सुंदरी पुत्र इंस्पेक्टर, जदुराज, रामलड़ैते व इनकी पत्नियों का कोई लेना-देना नहीं है। अपनी किसी कृत्य के लिए यह दोनों जिम्मेदार होंगे। **सुरेश चंद्र पुत्र परमसुख, नि. ग्रा. अतर्छा खुर्द, परगना तहसील, बिलग्राम, जिला हरदोई।**

**सूचना**

मैं **नरेन्द्र कौर पत्नी स्व0 सुरेन्द्र सिंह, निवासिनी 133/133 टी. पी. नगर कानपुर।** मेरी शादी से पहले आधार कार्ड में मेरा नाम कैलाश कौर अंकित है । अब मैने अपना नाम बदलकर नरेन्द्र कौर पत्नी स्व0 सुरेन्द्र सिंह रख लिया है । भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय ।

**Notice**

This is to inform that in my Aadhaar Card bearing number 764617917970, my name has been mistakenly written as Rajdatt, which is incorrect. My correct name is Pujari, and that is the accurate name. Pujari Son of Ram Baran Resident of Ashokpur Chiraiyatanr, Banjaria, Gonda.

**सूचना**

मैने अपना नाम मोहम्मद बाकी (MOHAMMAD BAKI) से बदलकर मो0 बाकी (MO BAKI) रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **मो0 बाकी पुत्र श्री इस्तिखार पता-रामपुर कटरा जिला-बाराबंकी उ0प्र0**

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे आधार कार्ड संख्या 764617917970 में मेरा नाम त्रुटिवश राजदत्त लिख गया है जो गलत है, जबकि मेरा सही नाम पुजारी है और यही सही है । **पुजारी पुत्र राम बरन निवासी अशोकपुर चिरैयाटांड़ बंजरिया गोंडा**

**सूचना**

मै ताजउद्दीन पुत्र चन्दू एवं शहनाज बानो पत्नी ताजउद्दीन, नि0-मोहल्ला पुराना कोट नगर रुदौली जनपद अयोध्या उ0प्र0, मेरा वास्तविक अलॉटमेंट लेटर पजेशन लेटर (प्लाट नं0 19A/196) स्थित कांशीराम नगर सेक्टर 19A वृदावन योजना 4 लखनऊ जो वास्तव में कही खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा।

**Public Notice**

I, Sanjay Chatterjee, son of Mr. Niranjan Chatterjee, resident of 628/S-367/C-1, Shakti Nagar, Indira Nagar, Lucknow, UP-226016, have changed my name to Sanjoy Chatterjee. From this day forward, I should be known, recognized, and identified by the name Sanjoy Chatterjee.

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी का नाम मोहिनी श्रीवास्तव एवं जन्म तिथि 01-06-1957 है। जबकि त्रुटिवश विभागीय अभिलेखों एवं पी0पी0 ओ0 प्रपत्र फार्म मोहनी श्रीवास्तव जन्मतिथि 01-06-1958 अंकित हो गया है।

**सूचना**

सूचित हो कि आधार कार्ड में मेरा नाम उमानाथ मिश्रा दर्ज है। जबकि पासपोर्ट में केवल उमानाथ ही दर्ज है। उमानाथ मिश्रा व उमानाथ एक ही व्यक्ति है। मुझे उमानाथ मिश्रा के नाम से जाना व पहचाना जाए। **उमानाथ मिश्रा पुत्र रंगनाथ मिश्रा, नि0ग्रा0 उज्जैनी जमाल, बहलोलपुर, गोंडा**

**सूचना**

मैं अमित कुमार रस्तोगी पुत्र कौशल किशोर रस्तोगी वर्तमान निवासी-279/डी, गायत्री पुरम, लखनऊ मेरी पुत्री के स्कूल की टी.सी. में पुत्री का नाम गौरी रस्तोगी (GAURI RASTOGI) अंकित है जो कि सत्य व सही है। पुत्री के एडमिशन के समय त्रुटिवश उसका नाम वर्शिता रस्तोगी (VRASHITA RASTOGI) अंकित हो गया है। यहकि गौरी रस्तोगी (GAURI RASTOGI) व वर्शिता रस्तोगी (VRASHITA RASTOGI) दोनो नाम एक ही अर्थात मेरी पुत्री के है। अतः स्कूल के अभिलेखों में पुत्री का नाम गौरी रस्तोगी (GAURI RASTOGI) अंकित किया जाये।

**सूचना**

मै **हरिनाथ प्रसाद पुत्र स्व0 हरिशरण लाल श्रीवास्तव, निवासी- ए-3398 सेक्टर-6 राजाजीपुरम, थाना तालकटोरा, लखनऊ,** मेरी पत्नी मोहिनी श्रीवास्तव का नाम व जन्मतिथि मेरे पी0पी0ओ0/ विभागीय अभिलेखो में गलत दर्ज है। विभागीय अभिलेखो में पत्नी का नाम मोहनी श्रीवास्तव तथा जन्मतिथि 01.06.1958 दर्ज है जबकि वास्तविक नाम मोहिनी श्रीवास्तव तथा जन्मतिथि 01.06.1957 है। अतः मेरी पत्नी का नाम विभागीय अभिलेखों में मोहनी श्रीवास्तव के स्थान पर मोहिनी श्रीवास्तव एवं उसकी जन्मतिथि 01.06.1958 के स्थान पर 01.06.1957 दर्ज किया जाय।


# आज से 122 केंद्रों पर यूपी बोर्ड की परीक्षा देंगे 76,694 विद्यार्थी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार**ः उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) प्रयागराज की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा बुधवार से जिले के 122 केंद्रों पर शुरू हो रही है। पहले दिन अनिवार्य विषय हिंदी में कुल 76,694 विद्यार्थी बैठेंगे। सभी केंद्रों पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में होने वाली बोर्ड परीक्षा में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के दावे के किए जा रहे हैं। शहर के जीआईसी में बनाए गए आनलाइन मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से जहां परीक्षा के दौरान पल-पल नजर रखा जाएगा, वहीं छह सचल दल भ्रमणशील रहते हुए लगातार केंद्रों पर छापेमारी करेंगे।



राजू पब्लिक इंटर कॉलेज महेश नगर बना परीक्षा केंद्र।

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा बुधवार से शुरू होकर 10 मार्च तक चलेगी। परीक्षा को नकल विहीन व शुचितापूर्ण संपन्न कराने के लिए महकमा ने कमर कस ली है। दो पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा में पहले दिन बुधवार को सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक हाईस्कूल की हिंदी, प्रारंभिक हिंदी व इंटरमीडिएट की सैन्य विज्ञान का पेपर होगा। द्वितीय पाली में 2 से 5:15 बजे तक इंटरमीडिएट की हिंदी, सामान्य हिंदी और हाईस्कूल की हेल्थ केयर की परीक्षा होगी।

- प्रत्येक सेंटर पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट रहेंगे तैनात, मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से पल-पल पर रखी जाएगी नजर

बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में कुल 122 परीक्षा केंद्र निर्धारित किया गया है। जहां पर कुल 76,694 परीक्षार्थी हिस्सा लेंगे। इसमें हाईस्कूल के 40,122 और इंटरमीडिएट के 36,572 विद्यार्थी नामांकित है।

### छह सचल दस्ते रखेंगे नजर

नकल विहीन व सुचितापूर्ण बोर्ड परीक्षा कराने के लिए जिले में 122 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। हर केंद्र पर स्ट्रांग रूम बन गए है और डबल लॉक वाली अलमारी की व्यवस्था है। केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरे और वायस रिकार्डर क्रियाशील रखने की हिदायत दी गई है। वहीं, जिला विद्यालय निरीक्षक ने जिला स्तरीय छह सचल दल बनाया है।

### केंद्र व्यवस्थापकों ने की कक्ष निरीक्षकों के साथ बैठक

यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर मंगलवार को सभी परीक्षा केंद्रों पर अहम बैठक आयोजित की गई। जिसमें स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व सह केंद्र व्यवस्थापकों के साथ कक्ष निरीक्षक शामिल हुए। केंद्रों पर परीक्षा कक्षों में डेस्क स्लिप चस्पा करने समेत कार्य किए गए। कई केंद्रों पर बच्चे व उनके अभिभावक पहुंचकर अपना सेंटर देखा।

### पांच जोन में बांटा गया है जिला

परीक्षा के लिए जिले को पांच जोन में बांटा गया है। सभी जोन के उप जिलाधिकारी को जोनल मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। साथ ही 13 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 122 स्टेटिक मजिस्ट्रेट को नकल विहीन परीक्षा कराने की जिम्मेदारी लेंगे। साथ ही 122 केंद्र व्यवस्थापक व सह केंद्र व्यवस्थापक होंगे।

### इन नंबरों पर की जा सकती है शिकायत

यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए किसी भी तरह की समस्या के निदान के लिए डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। कंट्रोल रूम के प्रभारी बनाए गए डीआईओएस एसपी सिंह के नंबर 9454457329, परीक्षा प्रभारी जितेंद्र कुमार दूबे के नंबर 9454758550 पर बोर्ड परीक्षा से संबंधित किसी तरह की समस्या की शिकायत कर निदान पाया जा सकता है।

**कार्यक्रम** | केएनआईएमटी के नर्सिंग संकाय में लैंप लाइटिंग एवं शपथ ग्रहण समारोह का किया गया आयोजन

# छात्राओं ने ली सेवा में ईमानदारी और समर्पण की शपथ

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार**ः केएनआईएमटी के नर्सिंग संकाय में मंगलवार को जीएनएम एवं एएनएम की नवप्रवेशित छात्राओं के लिए लैंप लाइटिंग एवं शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने कैंडल जलाकर सेवा में ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने की शपथ ली।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं संस्थान के संस्थापक बाबू केएन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर नर्सिंग संकाय के प्रशासक राजेश कुमार दूबे एवं प्राचार्य रजनी नगपुरे सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. एके सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा कार्य के दौरान निष्ठा और वफादारी अत्यंत आवश्यक है। पढ़ाई को बोझ न समझते हुए उसे अपना धर्म मानकर आनंदपूर्वक ग्रहण करना चाहिए। चिकित्सक डॉ. सुधाकर सिंह ने कहा कि सेवा परिश्रम की गरिमा है और नर्सों को विपरीत परिस्थितियों से घबराए बिना धैर्यपूर्वक कार्य करना चाहिए। कमला नेहरू मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम



केएनआईएमटी में लैंप लाइटिंग समारोह में शामिल छात्राएं। ● अमृत विचार

सिंह तथा केएनआई के प्राचार्य डॉ. शक्ति सिंह ने भी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना की। संकाय के निदेशक डॉ. महेश प्रसाद ने कहा कि कमला नेहरू संस्थान 'शिक्षा' और 'अनुशासन' के लिए जाना जाता है। उन्होंने कॉलेज की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अतिथियों का मन मोह लिया। मंच संचालन ऋचा सिंह ने किया। अंत में प्राचार्य रजनी नगपुरे ने सभी नवप्रवेशित छात्राओं को सेवा में ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर चंद्रावती दुबे, सीनियर प्राध्यापिका सुरभि सिंह, श्रद्धा, आंचल मिश्रा, खुशबू वर्मा, आर्या त्रिपाठी, दिव्यांशी शुक्ला, अर्चना यादव, प्रांजलि देवी, तारा देवी, हीना परवीन सहित संकाय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं मौजूद रहीं।

### लखनऊ जा रहे कांग्रेसियों को किया गया गिरफ्तार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत प्रस्तावित विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे जिले के कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने देर रात चारबाग रेलवे स्टेशन से हिरासत में ले लिया। इसके बाद सभी नेताओं को रातों रात सुलतानपुर लाकर टाटिया नगर बाईपास स्थित सैनिक ढाबे पर निगरानी में रखा गया। कई नेताओं को रात में ही हाउस अरेस्ट कर लिया गया। जिला ध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ता सुहेलदेव एक्सप्रेस से लखनऊ पहुंचे थे। बताया जाता है कि रात करीब 12 बजे जैसे ही सभी नेता चारबाग स्टेशन पर उतरे, पहले से मौजूद सुलतानपुर नगर कोतवाली, बंधुआकला थाना पुलिस, एसओजी और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने उन्हें घेर लिया और हिरासत में ले लिया। सूत्रों के अनुसार, बिना किसी लिखित आदेश की प्रति उपलब्ध कराए नेताओं को बस के माध्यम से वापस सुलतानपुर लाया गया।

# मेडिकल कॉलेज में जीवनरक्षक 150 दवाएं खत्म, मरीज परेशान

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से भी बदतर है हाल, रोगी बाहर से दवा खरीदने को विवश

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष के आखिरी महीने में जिले के स्वायत्तशासी मेडिकल कालेज की हालत चिंताजनक हो गई है। कॉलेज में करीब डेढ़ सौ जीवनरक्षक और सामान्य उपयोग की दवाएं खत्म हो चुकी हैं। दवा स्टोर खाली हो चुका है और मरीज बाहर की दवा खरीदने पर विवश हैं।

दूर-दराज गांवों से किरायाखर्च कर आने वाले मरीजों को दवा खिड़की से 'स्टॉक खत्म' का जवाब देकर बाहर की दुकानों की राह दिखा दी जा रही है। ऐसे में मरीजों के सामने मेडिकल कालेज में इलाज कराना किसी परेशानी से कम नहीं रह गया है। अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों का कहना है कि जब अंदर दवा उपलब्ध नहीं है तो इलाज आखिर कैसे हो। कई वार्डों में दवा के अभाव में मरीज दर्द से कराहते नजर आए। मजबूरी में मरीज बाहर से महंगी दवा खरीद कर अपना इलाज करा रहे हैं।



मेडिकल कॉलेज के दवा वितरण काउंटर पर खड़े मरीज व उनके तीमारदार।

मेडिकल कॉलेज में दवा की किल्लत का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि गैस और एसिडिटी में दी जाने वाली ओमेप्राजोल, रेंटाडिन और सामान्य एंटासिड तक उपलब्ध नहीं हैं। पेट दर्द की प्रमुख दवा डायसाइक्लोमीन भी स्टोर से नदारद है। कैल्शियम की कमी से जूझ रहे मरीजों को दी जाने वाली कैल्शियम और विटामिन डी 3 की दवाएं भी खत्म बताई जा रही हैं।

खांसी के मरीजों के लिए जरूरी अंब्रोजीआईएल सिरप और ब्रोमैक्सीन भी उपलब्ध नहीं हैं। सूत्रों की माने तो मेडिकल कालेज में जिन दवाओं की कमी है, उनमें सांप काटने का इंजेक्शन, एंटीबायोटिक, दर्द निवारक इंजेक्शन, कैल्शियम व आयरन की गोलियां, पैरासिटामोल, डेकाड्रान इंजेक्शन, ओमेज, समेत कई जरूरी दवाएं शामिल हैं। इन दवाओं के अभाव में मरीजों को समुचित उपचार नहीं मिल पा रहा है। प्रसूता महिलाओं और बुजुर्ग मरीजों को ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। सोमवार को मेडिकल कालेज के दवा काउंटर पर दवा लेने पहुंची एक युवती को दवा नहीं दी गई, जिस पर उसका वितरण कर्मचारी से विवाद हो गया। मामला बढ़ने पर अस्पताल प्रशासन को पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस ने समझा-बुझाकर युवती को वापस भेजा, लेकिन घटना ने अस्पताल की अव्यवस्था उजागर कर दी।

रूपईडीहा क्षेत्र से आए ओमप्रकाश बेटे के पेट के दर्द का इलाज कराने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि डॉक्टर ने दवा लिखी, लेकिन काउंटर से जवाब मिला कि दवा नहीं है। सरिता अपनी बेटी को दिखाने मेडिकल कॉलेज आई थीं। उन्होंने कहा कि बच्ची को खांसी और कमजोरी है, डॉक्टर ने सिरप और कैल्शियम लिखी, लेकिन एक भी दवा नहीं मिली। मरीज और उनके तीमारदारों का कहना है कि जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में यदि बुनियादी दवाएं उपलब्ध नहीं हैं, तो ग्रामीण और गरीब मरीज कहां जाएं। मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. डीएन सिंह का कहना है कि दवाएं कारपोरेशन से भेजी जा रही हैं और एक-दो दिन में आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद है।

# एकपक्षीय कार्रवाई पर परसपुर थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

कार्रवाई

- एसपी ने सौंपी सीओ करनैलगंज को इस प्रकरण की जांच

**गोंडा, अमृत विचारः** जमीन विवाद के मामले में एक पक्षीय कार्रवाई करना परसपुर थानाध्यक्ष को भारी पड़ गया। एसपी विनीत जायसवाल ने परसपुर थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। साथ ही पूरे प्रकरण की जांच सीओ करनैलगंज को सौंप दी गई है। मामला जमीन विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है, जिसमें एक पक्ष पर शांति भंग की कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में ले लिया गया था।

आरोप है कि पुलिस ने दूसरे पक्ष को बैनामा कराने के लिए दबाव बनाने की मंशा से यह कार्रवाई की। पीड़ित पक्ष का कहना है कि थाना स्तर पर उसकी बात सुने बिना ही एकतरफा कदम उठाया गया। बताया जाता है कि करीब पांच दिन पहले पीड़ित एसपी कार्यालय पहुंचा था और पुलिस अधीक्षक से मिलकर मामले की शिकायत की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि स्थानीय पुलिस द्वारा एक पक्ष का पक्ष लेकर दूसरे पक्ष को परेशान किया जा रहा है। एसपी ने जांच के आदेश दिए थे। प्राथमिक जांच में आरोपों को प्रथम दृष्टया गंभीर पाए जाने पर एसपी ने तत्काल प्रभाव से थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी को लाइन हाजिर कर दिया है। साथ ही सीओ करनैलगंज को मामले की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कर आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि जनसुनवाई के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या पक्षपात बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि जांच में अन्य किसी की भूमिका संदिग्ध पाई जाती है तो उनके विरुद्ध भी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### देहात कोतवाली के एसएसआई कमल शंकर परसपुर के नए एसओ

**गोंडा, अमृत विचार :** परसपुर थानाध्यक्ष रहे अनुज त्रिपाठी को लाइन हाजिर किए जाने के कुछ ही घंटे बाद थाने पर नए एसओ की पोस्टिंग कर दी गयी। कोतवाली देहात में वरिष्ठ उप निरीक्षक के पद पर तैनात रहे सब इंस्पेक्टर कमल शंकर चतुर्वेदी को परसपुर थाने का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। कमल शंकर चतुर्वेदी इससे पहले बहराइच जिले में तैनात थे और वहां कई थानों का चार्ज संभाल चुके हैं। तैनाती के बाद कमल शंकर ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुई राम कथा


कलश यात्रा के दौरान विसुही नदी पर जुटे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** इटियाथोक क्षेत्र के शनिदेव मंदिर बेंदुली स्थित प्रांगण में श्री हनुमंत यज्ञ श्री राम कथा एवं विराट संत सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से हुई। गाजे बाजे के साथ महिलाएं संत तथा क्षेत्र के अन्य लोगों के द्वारा शनिदेव मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा प्रारंभ की गई। कलश यात्रा इटियाथोक बाजार स्थित विसुही नदी के तट पर पहुंची वहां से जल लेकर गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा मंदिर प्रांगण पर समाप्त हुई। शनिदेव मंदिर के महंत बमपति नाथ त्यागी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत आज से हुई है। कलश यात्रा निकाली गई है। प्रतिदिन श्री राम कथा का आयोजन होगा। विराट संत सम्मेलन भी आयोजित होगा। हनुमंत यज्ञ के बाद 24 फरवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

## भागवत कथा के शुभारंभ पर निकाली गई कलश यात्रा


कलश यात्रा में शामिल महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**मनकापुर, अमृत विचार :** श्री मद भागवत कथा का शुभारंभ ग्राम सभा घुनाही में हुआ। अयोध्या धाम से पधारे सौरभ शास्त्री ने मंगलवार को शिव मंदिर माईराम कुटी के पास मनवर नदी तट पर वैदिक मंत्रोच्चारण के कलश पूजन कराया। पीले परिधान में महिलाओं ने कलश लेकर शोभा यात्रा में शामिल हुई। जय कारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। कलश शोभा यात्रा माई राम कुटी से मया पुरवा आदि गांवों से होते हुए यज्ञ मंडप घुनाही पहुंची। कलश यात्रा में गंगा प्रसाद तिवारी, विनोद तिवारी, प्रमोद तिवारी, दिलीप तिवारी, शोभा देवी, दीपिका पांडेय, सुमन तिवारी, एसपी तिवारी, राधेश्याम पांडेय, देवी प्रसाद यादव, सचिन, संदीप आदि कलश यात्रा में शामिल रहे।

# जमीन बिक्री फर्जीवाड़े में 7 पर एफआईआर दर्ज

**गोंडा, अमृत विचारः** धानेपुर क्षेत्र की एक भूमि को कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बेचने के मामले में थाना धानेपुर में सात नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जोलाहन पुरवा, थाना करबा बाजार निवासी शहनाज की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

एफआईआर में मोहम्मद इरफान, दान सिंह, अंसार अहमद, शहनाज बेगम, शोएब मोहम्मद, शादाब तथा अंसारी को नामजद किया गया है। शादाब तथा अंसारी सहझड़ वर्तमान में महाराष्ट्र के कुर्ला में रहते हैं। प्रार्थिनी के अनुसार, उनकी माता स्व. करीमा उर्फ कनीजा बेगम के नाम ग्राम धानेपुर स्थित गाटा संख्या 774/0.2630 हेक्टेयर भूमि दर्ज थी। वर्ष 2001 में माता के निधन के बाद प्रार्थिनी, उनकी चार बहनों एवं पिता मोहम्मद हनीफ उक्त भूमि पर अपने-अपने हिस्से में काबिज थे। आरोप है कि बाद में पिता ने तथ्य छिपाकर भूमि को अपने नाम वरासत करा लिया। शिकायत में कहा गया है कि पिता के निधन के बाद प्रार्थिनी व उनकी बहनों ने सौतेली मां और उनके परिजनों को वरासत दर्ज कराने के दस्तावेज दिए थे। आरोप है कि नामजद आरोपियों ने 21 जुलाई 2022 को उक्त भूमि को बिना वैध अधिकार और दाखिल-खारिज के मोहम्मद इरफान के नाम विक्रय कर दिया। प्रार्थिनी का यह भी आरोप है कि विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि दर्ज मुकदमे के आधार पर प्रकरण की विवेचना की जा रही है।

# करोड़ों की मूर्ति चोरी से लेकर जमीन घोटाले तक

## परसपुर थाना फिर सवालों के घेरे में

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार :** परसपुर थाना क्षेत्र इन दिनों दो बड़े मामलों को लेकर चर्चा में है। एक ओर 16 जुलाई को रियासत के प्राचीन मंदिर से करोड़ों की अष्टधातु मूर्तियों की चोरी और दूसरी ओर बहुवन मझा गांव का जमीन विवाद। दोनों ही मामलों में पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

16 जुलाई को रियासत के एक प्राचीन मंदिर से राम, लक्ष्मण और लड्डू गोपाल की अष्टधातु की मूर्तियां चोरी हो गई थीं। बताया जाता है कि इन मूर्तियों की कीमत करीब 30 करोड़ रुपये आंकी गई। सीसीटीवी फुटेज में चोर मूर्तियां ले जाते दिखे, लेकिन कई महीने बीत जाने के बावजूद घटना का राजफाश नहीं हो सका। इस मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी शारदेन्दु कुमार पांडेय व अपराध निरीक्षक सभाजीत सिंह को हटा दिया गया था। इसके बाद एसओजी प्रभारी अनुज त्रिपाठी को परसपुर का थानाध्यक्ष बनाकर खुलासे की जिम्मेदारी सौंपी गई, परंतु अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी। इसी बीच बहुवन मझा निवासी विश्वाम ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित के अनुसार, उन्होंने 12 दिसंबर 2024 को नारायनपुर साल स्थित गाटा संख्या 669/0.7690 हेक्टेयर में से 0.2550 हेक्टेयर भूमि 28 लाख रुपये में खरीदी थी। बैनामा उनके पिता रामचंद्र यादव के नाम विधिवत गवाहों की मौजूदगी में कराया गया था। आरोप है कि संबंधित भूमि पर 44 वर्षों से न्यायालय में मुकदमा लंबित था, जिसकी जानकारी छिपाई गई। फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी की गई। 29 मई 2025 को विपक्षी का नाम खारिज होने के बावजूद राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी की गई। 14 नवंबर 2025 को कुछ लोग ट्रैक्टर से खेत की जुताई करते मिले और दावा किया कि खतौनी में नाम दर्ज है। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने उमर नामक पक्ष पर एकतरफा कार्रवाई की, जबकि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच नहीं की गई। जमीन विवाद में डीएम के हस्तक्षेप के बाद थाना इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया गया।


राजमंदिर परसपुर जहां से चोरी हुई थीं मूर्तियां। ● अमृत विचार

### आए थे हरिभजन को ओटन लगे कपास

मूर्ति चोरी जैसे हाई-प्रोफाइल मामले में नाकामी और फिर जमीन विवाद में प्रशासनिक हस्तक्षेप—दोनों घटनाओं ने थाना परसपुर की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

**ये भी सवाल :** क्या 30 करोड़ की मूर्तियों का राजफाश होगा? क्या जमीन प्रकरण में फर्जीवाड़े की परतें खुलेंगी? या फिर फाइलों में ही सिमट कर रह जाएगा पूरा मामला?

## कृष्ण लीला सुनने से मिलता है अद्भुत सुख

**गोंडा, अमृत विचार :** असिधा गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के षष्ठम दिवस की कथा में अयोध्या धाम के कथा व्यास आचार्य कौशल किशोर मिश्र ने कहा कि श्री कृष्ण ने कंस का वध कर उनके नाना उग्रसेन को मथुरा का राजा बनाया तथा रुक्मिणी द्वारा गौरी गणेश से अपने विवाह का अनुमोदन प्राप्त किया और उसके बाद श्री कृष्ण रुक्मिणी जी को द्वारकापुरी ले गए और वहां उनका विवाह सम्पन्न हुआ। थीं। कथा व्यास ने कहा जो श्रोता भगवान की विवाह लीला का श्रवण करता है जीवन में कलह का अंत हो जाता है। इस अवसर पर रुक्मणी व कृष्ण जी का विवाह कराया गया। कथा के दौरान यजमान जगदम्बा प्रसाद तिवारी प्रेमलता, कृष्ण कुमार तिवारी, मदन मोहन पाण्डेय शेर बहादुर पाण्डेय रामकुमार रानू सुधीश पाण्डेय व विवेक पाण्डेय सहित भारी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।


कथा सुनाते कौशल किशोर मिश्र।

# 151 केंद्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा आज से

**97340**
कुल परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

**गोंडा, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा बुधवार से प्रारंभ हो रही है। परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गयी है। परीक्षा के लिए बनाए गए 151 केंद्रों पर 97340 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इन केंद्रों पर 151 केंद्र व्यवस्थापक व 4625 कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए सभी केंद्रों को सीसीटीवी कैमरे और वॉयस रिकॉर्डर से लैस किया गया है। चार जोनल, 13 सेक्टर व 151 स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेंगे।

माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में इस बार 97340 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इनमें संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में हाईस्कूल के 50375 तथा व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में 154 छात्र छात्राओं ने अपना पंजीकरण कराया है। इसी तरह इंटर में 45618 संस्थागत व 1193 व्यक्तिगत परीक्षार्थी हैं। 151 स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा की मॉनिटरिंग के लिए जिला मुख्यालय पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जहां 15 कंप्यूटर लगाए गए हैं। प्रत्येक कंप्यूटर से 10 परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन निगरानी की जायेगी। जिले को चार जोन तथा 13 सेक्टर में बांटा गया है। प्रत्येक जोन और सेक्टर में मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। इसी तरह प्रत्येक केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक के अलावा परीक्षा के दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती रहेगी। नकल मुक्त परीक्षा कराने के लिए पांच सचल दल भी बनाए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बनाये गए कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों की वेब कास्टिंग के जरिये लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. रामचंद्र ने बताया कि परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गयी है।


राजकीय इंटर कालेज में सिटिंग प्लान देखते प्रधानाचार्य सुरेश कुमार सिंह व अन्य।

# लापता चार बच्चे खेत से बरामद

**गौरा चौकी, गोंडा, अमृत विचारः** खोड़ारे थाना क्षेत्र के गौराचौकी इलाके से सोमवार की शाम रहस्यमय ढंग से लापता हुए चार बच्चे 18 घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद मंगलवार दोपहर सरसों के खेत से बरामद कर लिए गए।

खोड़ारे थाना क्षेत्र के गौराचौकी इलाके के रहने वाले रामकुमार का 10 वर्षीय विश्व प्रताप विश्वकर्मा, जगराम का 7 वर्षीय कृष्णा शर्मा, संदीप का 5 वर्षीय बेटा शिवसंत और 7 वर्षीय रितेश शर्मा सोमवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गए थे। देर रात तक परिजन और ग्रामीण उन्हें खोजते रहे लेकिन बच्चों का पता नहीं चला। सूचना मिलते ही खोड़ारे थाने की पुलिस के साथ उच्चाधिकारी भी सक्रिय हो गए और कई टीमें गठित कर दी गईं। पूरी रात सर्च ऑपरेशन चलता रहा। देर रात एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों को भी बुलाया गया था, जिन्होंने आसपास के तालाबों में तलाशी अभियान चलाया, लेकिन बच्चों का सुराग नहीं मिल पाया था। मंगलवार को एसपी विनीत जायसवाल भी मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने एसओजी और खोड़ारे पुलिस को आसपास के खेतों में भी तलाशी अभियान चलाने का निर्देश दिया। मंगलवार दोपहर ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने गांव के बाहर एक खेत में चारों बच्चों को बरामद कर लिया। पूछताछ में किसी अप्रिय घटना की पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि पुलिस जांच कर रही है कि बच्चे किन परिस्थितियों में खेत तक पहुंचे और रात भर वहां कैसे रहे। वहीं बच्चों के सुरक्षित मिलने की खबर से परिजनों में खुशील की लहर दौड़ गई। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि बच्चों को मेडिकल के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि बच्चों की काउंसिलिंग कराई जा रही है तथा परिजनों से भी जानकारी ली जा रही है, ताकि कारण स्पष्ट हो सके।


बरामद बच्चों के साथ बात करते एसपी विनीत जायसवाल। ● अमृत विचार

- पूरी रात चला सर्च ऑपरेशन, 18 घंटे बाद मिली सफलता

## नशामुक्ति का संदेश देने को निकाली गयी कलश यात्रा


नशा मुक्ति को लेकर निकाली गई यात्रा में सजी झांकी। ● अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कस्बे के कहरान मोहल्ले स्थित ब्रह्मा कुमारीज सेवा केंद्र के तत्वावधान में मंगल कलश यात्रा निकाली गई। आध्यात्मिक उत्साह और सामाजिक जागरूकता के संदेश के साथ निकली इस शोभायात्रा ने पूरे कस्बे का भ्रमण करते हुए नशा मुक्ति का आह्वान किया।सेवा केंद्र परिसर से प्रारंभ हुई यात्रा को थानाध्यक्ष अभय सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शिव-पार्वती एवं राधा-कृष्ण की सजीव झांकियों को देखने के लिए मार्ग में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। रेखा ने कहा कि परमात्मा शिव के स्मरण से मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और जीवन में शांति व संतुलन स्थापित होता है। साथ ही उन्होंने समाज से नशे जैसी बुराइयों को त्यागने की अपील की। कलश यात्रा सेवा केंद्र पहुंची, जहां विधिवत शिव ध्वजारोहण किया गया।

## सफाई कर्मचारी संघ की ब्लाक कार्यकारिणी गठित



सम्मेलन के दौरान नव निर्वाचित ब्लाक कार्यकारिणी के पदाधिकारी।

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के तत्वावधान में सफाई कर्मचारी संघ का 17वां वार्षिकोत्सव मनकापुर ब्लॉक सभागार में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख जगदेव चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बीडीओ गौरीशा श्रीवास्तव व एडीओ पंचायत गणेश सिंह मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने कहा कि कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन संघर्षरत रहेगा। जिला महामंत्री देवमणि शुक्ला ने कहा कि कर्मचारियों के हितों के लिए अनुशासन आवश्यक है। जिला कोषाध्यक्ष एवं चुनाव अधिकारी अमीर अहमद ने कर्मचारियों की मांगों को लेकर निरंतर संघर्ष जारी रखने का आश्वासन दिया। इस दौरान ब्लॉक कार्यकारिणी के सभी पदों पर पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। अतुल कुमार तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष, अतुल कुमार त्रिपाठी ब्लॉक महामंत्री, रामपाल सिंह कोषाध्यक्ष, अशोक कुमार सिंह संप्रेक्षक तथा आलोक मणि संगठन मंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए।कार्यक्रम में फौजदार पांडेय, राघवेन्द्र शुक्ला, पिंटू यादव सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## जर्जर विसुही पुल के नवनिर्माण की मांग तेज

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** जर्जर विसुही पुल के नवनिर्माण की मांग तेज होती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते इसका पुनर्निर्माण नहीं कराया गया तो गंभीर दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता।राष्ट्रीय छात्र पंचायत के अध्यक्ष शिवम पांडे के नेतृत्व में प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शन में आदित्य मिश्रा, राहुल यादव, सौरभ तिवारी, आकाश पांडे व अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर पुल के शीघ्र नवनिर्माण की मांग की। क्षेत्र में इस अभियान को व्यापक समर्थन मिल रहा है और लोगों में प्रशासन के प्रति आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है।

बाल उत्सव

चैंपियन ऑफ चेंज बने 10 नौनिहाल, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किये गये चयनित

# आत्मविश्वास, रचनात्मकता व सामाजिक चेतना का दिखा संगम

**गोंडा, अमृत विचार :** मंगलवार को पंतनगर स्थित प्रकाश मैरिज हॉल में आयोजित प्रगति स्वाभिमान और सफलता की ओर 2.0 बाल उत्सव में बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सामाजिक चेतना का प्रेरक संगम देखने को मिला।

मुख्य अतिथि आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने कहा कि मीना मंच केवल एक मंच नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों, स्वाभिमान और नेतृत्व क्षमता को सशक्त करने की प्रयोगशाला है। आयुक्त ने कहा कि जब बच्चे अपनी कहानी स्वयं लिखते हैं, कॉमिक्स बनाते हैं और जेंडर स्टीरियोटाइप, मीडिया के आदर्श स्वरूप तथा हानिकारक बॉडी टॉक जैसे विषयों पर अपने विचार रखते हैं, तब वे केवल प्रतिभागी नहीं रहते, बल्कि परिवर्तन के वाहक बनते हैं। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक और डिजिटल युग में बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। अभिभावकों को बच्चों से नियमित संवाद बनाए रखना चाहिए, उनकी भावनाओं और समस्याओं को गंभीरता से सुनना चाहिए तथा विश्वास का वातावरण तैयार करना चाहिए, ताकि बच्चे स्वयं को उपेक्षित या अकेला महसूस न करें।

आयुक्त ने स्क्रीन गतिविधियों पर संतुलित निगरानी की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को आयुक्त ने पुरस्कृत किया। उन्होंने बताया कि पुरस्कृत बच्चों को स्टेट लेवल प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए भेजा जाएगा। जिन बच्चों को पुरस्कार नहीं मिल सका, उन्हें प्रयास जारी रखने की प्रेरणा दी गई। इस मौके पर संयुक्त विकास आयुक्त देवीपाटन राकेश कुमार पाण्डेय, सहायक निदेशक (बेसिक शिक्षा) राम सागर पति त्रिपाठी तथा बीएसए अमित सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



प्रतिभागी छात्रा को पुरस्कृत करते आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील, साथ में एडी बेसिक राम सागर पति त्रिपाठी व अन्य।

### ये बच्चे बने चैंपियन ऑफ चेंज

**गोंडा, अमृत विचार :** चैंपियन ऑफ चेंज श्रेणी में 10 बच्चों को सम्मानित किया गया, जिनमें गोण्डा की अनसुइया यादव व लक्ष्मी सोनी, बलरामपुर की साक्षी, श्रावस्ती की अनुप्रिया तथा बहराइच की निधि तिवारी सहित अन्य प्रतिभाशाली बच्चे शामिल रहे।

# भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली देहात के ताजपुर ग्राम पंचायत के मजरा पूरे सुखराज में जमीन कब्जे के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटना सोमवार सुबह की है।

मनमोहन सिंह ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि विपक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोग जमीन पर अवैध कब्जा करने की नीयत से पहुंचे और विरोध पर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में उनके परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। घायलों का उपचार अस्पताल में कराया गया।

कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि मनमोहन सिंह की तहरीर पर सूर्यभान सिंह, उदयभान, जितेंद्र उर्फ जीतन, प्रहलाद और विजय पाल सिंह समेत कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### कार्य के चलते बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बहराइच:** उप खण्ड अधिकारी फखरपुर ने बताया कि बेहतर विद्युत आपूर्ति के दृष्टिगत 18 फरवरी 2026 को 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, फखरपुर में 11 के.वी. न्यू वी.सी.बी. का स्थापना होना प्रस्तावित है। जिसके कारण 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, फखरपुर से निर्गत फीडर की विद्युत आपूर्ति प्रात: 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था पूर्व से ही कर करने की अपेक्षा की है।

### ट्रक में मिलीं सरकारी स्कूलों की किताबें

**बहराइच:** जिलाधिकारी के सीयूजी नंबर पर कुछ लोगों ने रामगांव इलाके में स्थित एक कबाड़ी की दुकान के पास ट्रक में भारी मात्रा में सरकारी स्कूलों में निशुल्क बटने वाली किताबें रखी होने की सूचना दी। जिसके बाद जिलाधिकारी ने निर्देश पर ट्रक को जब्त कर जांच शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि कुछ लोगों ने फोन पर ट्रक में भारी मात्रा में सरकारी किताबें मौजूद होने की जानकारी दी थी। जिसके बाद वाहन को जब्त किया गया है। जिले के शिक्षा विभाग ने अपने स्टॉक को कंप्लीट बताया है। ये किताबें कहां से लाई गई है। इसकी जांच के साथ ही एक टीम को जनपद में किताबों के स्टॉक का मिलान करने के निर्देश दिए हैं। जांच के बाद ही ये पता चल सकेगा कि ये किताबें किस जनपद से जिले में आई थी।

### अभ्यर्थी चयन के लिए साक्षात्कार आज

**बहराइच:** उपायुक्त उद्योग केशवराम वर्मा ने बताया कि वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत एक जनपद-एक उत्पाद योजना हेतु चयनित उत्पाद गेहूं के डण्ठल से निर्मित कलाकृति एवं खाद्य प्रसंस्करण के प्रशिक्षण हेतु प्राप्त हुए आवेदन-पत्रों के आवेदकों हेतु 18 फरवरी को पूर्वान्ह 11:30 बजे से जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बहराइच में साक्षात्कार आहूत किया गया है। बताया कि सभी इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण-पत्र, जाति, आधार, अनुभव आदि की मूल प्रति के साथ ससमय साक्षात्कार में सम्मलित हो सकते हैं।

### आज से शुरू होगी यूपी बोर्ड परीक्षा

**श्रावस्ती:** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आज बुधवार से 41 केन्द्रों पर सुबह आठ बजे से प्रारंभ होंगी। सभी केन्द्रों पर मंगलवार शाम तक बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया। सभी परीक्षा केन्द्र सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेंगे और कंट्रोलरूम से नजर रखी जाएगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं आज बुधवार से दो पालियों में प्रारंभ होंगी। पहली पाली में हाईस्कूल के हिन्दी व प्रारम्भिक हिन्दी तथा दूसरी पाली में इण्टर की हिन्दी व सामान्य हिन्दी की परीक्षाएं होंगी। बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में कुल 41 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर हाईस्कूल के 13443 व इण्टरमीडिएट के 9832 परीक्षार्थी सहित दो पालियों में कुल 23 हजार 275 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा देंगे। परीक्षा के लिए सभी केन्द्रों पर परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई है। मंगलवार को सभी परीक्षा केन्द्रों पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। प्रश्नपत्र व उत्तर पुस्तिकाएं भी सभी केन्द्रों पर स्ट्रांगरूम में रखवाकर व्यवस्थित किया गया है। वहीं अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों ने अपने तैनाती स्थल केन्द्रों पर पहुंचकर दायित्व संभाल लिया। आज सबह पहली पाली की परीक्षा सुबह आठ बजे से 11.45 बजे तक व दूसरी पाली की परीक्षा दो बजे से 5.15 बजे तक सम्पन्न होगी।

# बजट के फेर में अटकी 'संजय सेतु' की मरम्मत

## जोखिम में लोगों की जान: एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी के बीच पांटून पुल की धनराशि को लेकर फंसा पेच

विनोद कुमार शुक्ल, जरवल रोड (बहराइच)

**अमृत विचार।** लखनऊ को तराई के जिलों और पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण 'संजय सेतु' (घाघराघाट पुल) इस समय बदहाली के आंसू रो रहा है। पुल की स्थिति इतनी जर्जर हो चुकी है कि इसके जॉइंट्स पूरी तरह उखड़ चुके हैं, लेकिन मरम्मत का कार्य फाइलों और बजट के फेर में अधर में लटका हुआ है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के बीच पांटून पुल के निर्माण की धनराशि को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है, जिससे इस महत्वपूर्ण मार्ग पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

पुल की मरम्मत के लिए तैयार किए गए एस्टीमेट के अनुसार, मुख्य मरम्मत कार्य में लगभग 3 करोड़ रुपये का खर्च आना है। हालांकि, मरम्मत के दौरान यातायात सुचारु रखने के लिए एक वैकल्पिक 'पांटून पुल' (पीपा पुल) बनाने की आवश्यकता है, जिसकी अनुमानित लागत करीब 9 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसी 9 करोड़ की भारी-भरकम धनराशि को लेकर एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी के बीच मामला अटका हुआ है। जब तक धन आवंटित नहीं होता, तब तक मरम्मत कार्य शुरू करने का औपचारिक आदेश जारी नहीं हो पा रहा है।

**मौके पर टीम तैनात, आदेश का इंतजार:** पुल की गंभीरता को देखते हुए मरम्मत करने वाली तकनीकी टीम पिछले कई दिनों से मौके पर कैंप किए हुए है। टीम के पास साजो-सामान तैयार है, लेकिन प्रशासनिक हरी झंडी न मिलने के कारण वे हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। इंजीनियरों का कहना है कि जैसे ही आदेश मिलेगा, काम युद्धस्तर पर शुरू कर दिया जाएगा।



पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से जोड़ने वाला संजय सेतु। अमृत विचार

**सामरिक और व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है यह मार्ग:** संजय सेतु केवल एक पुल नहीं, बल्कि बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर और नेपाल को राजधानी लखनऊ से जोड़ने वाली जीवनरेखा है। प्रतिदिन इस पुल से हजारों छोटे-बड़े वाहन और मालवाहक ट्रक गुजरते हैं। पुल के जॉइंट्स उखड़ने के कारण गाड़ियां हिचकोले खाकर गुजरती हैं, जिससे पुल के स्ट्रक्चर पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।

> अगर बड़े वाहनों के आवागमन को पूरी तरह रोक दिया जाए और केवल छोटे वाहनों को निकलने की अनुमति मिले, तो हम सीमित संसाधनों में भी मरम्मत कार्य शुरू करने की कोशिश कर सकते हैं। फिलहाल हम उच्चाधिकारियों के आदेश का इंतजार कर रहे हैं।
> -अनंत मौर्या, इंजीनियर, एनएचएआई।

**राहगीर बोले-गुजरते समय महसूस होता है कंपन:** स्थानीय लोगों और राहगीरों का कहना है कि पुल पर चलते समय कंपन महसूस होता है। इसके बावजूद भारी वाहनों का आवागमन बदस्तूर जारी है। प्रशासन की यह ढिलाई किसी बड़ी त्रासदी को निमंत्रण दे सकती है। अब देखना यह है कि विभाग बजट के इस गतिरोध को कब तक सुलझा पाता है और कब लोगों को इस खतरनाक सफर से निजात मिलती है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला किसान का शव

लेंगड़ी गूलर (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** गिलौला के ग्राम मनसुखा निवासी एक किसान की मंगलवार संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव खेत में लगे बबूल के पेड़ से गमछे के फंदे के सहारे लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गिलौला थाना क्षेत्र के ग्राम मनसुखा निवासी चौधरी पांडेय (50) पुत्र राम सवाल मानसिक रूप से बीमार थे। इनका इलाज चल रहा था। मंगलवार को उनका शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में लगे बबूल के पेड़ पर गमछे के फंदे के सहारे लटका मिला। मौके पर पहुंची गिलौला पुलिस ने ग्रामीणों व परिजनों से शव की शिनाख्त कराते हुए शव को फंदे से नीचे उतरवाया। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य संकलित किया। बाद में पुलिस ने शव का पंचनामा भराकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। मौके पर पहुंचे सीओ इकौना भरत पासवान ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर मौत के सही कारणों का पता चलेगा। उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**सर्पदंश से किशोरी की बिगड़ी हालत, इकौना(श्रावस्ती):** इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम सेमगढ़ा निवासी विनोद कुमार की पुत्री अंशु देवी (12) मंगलवार सुबह दरवाजे पर प्लास्टिक का तिरपाल बिछाई थी। जिस पर राई की फसल खेत से लाकर रखना था। इस दौरान वह दरवाजे पर झाड़ू लगाने लगी। प्लास्टिक तिरपाल के नीचे बैठे सांप ने उसे काट लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों की ओर से किशोरी को आनन-फानन में सीएचसी इकौना के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

# जरवलरोड में ट्रैक्टर फंसने से लगा जाम

जरवलरोड, बहराइच

**अमृत विचार।** लखनऊ-गोण्डा रेल प्रखंड पर स्थित आईपीएल चीनी मिल के निकट समपार संख्या 295 पर मंगलवार सुबह एक ट्रैक्टर-ट्रॉली फंसने से रेलवे फाटक क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे करीब दो घंटे तक आवागमन बाधित रहा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चीनी मिल में गन्ना डालकर सुबह लगभग 10 बजकर 16 मिनट पर घर लौट रही ट्रैक्टर-ट्रॉली चीनी मिल की तरफ समपार पार कर गई थी। दूसरी छोर पर ट्रैक्टर तो फाटक पार कर गया, लेकिन ट्राली के पिछले हिस्से में लगा खूंटा गेट में फंस गया। इससे रेलवे फाटक टूट गया और मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।

घटना की सूचना गेटमैन ने तत्काल जरवल रोड स्टेशन मास्टर को अवगत कराया सूचना पर राजकीय रेलवे पुलिस चौकी, रेलवे स्टेशन जरवलरोड के प्रभारी राजेश पाण्डेय की टीम मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को अभिरक्षा में लेकर आरपीएफ बुढ़वल के सुपुर्द कर दिया।



समपार फाटक टूटने से लगा जाम। अमृत विचार

**मची अफरा-तफरी**

घटना के बाद लगभग दो घंटे तक समपार पर जरवल रोड,जरवल कस्बा, बाइपास मार्ग का आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। इस दौरान गन्ना लदे वाहनों सहित अन्य वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट किया गया। रेलवे विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त फाटक की मरम्मत कराई गई तथा ट्रेनों के सुचारु संचालन के लिए अस्थायी फाटक लगाकर आवागमन नियंत्रित किया गया।

वहीं राजकीय रेलवे चौकी जरवलरोड प्रभारी राजेश पांडे ने बताया कि समपार पार करते समय सावधानी बरतने की अपील की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

# वाहन ने महिला को मारी टक्कर, मासूम की मौत

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** बहराइच लखनऊ राजमार्ग पर स्थित मदन कोठी के पास अज्ञात चार पहिया ने वाहन ने महिला को टक्कर मार दी । हादसे में उसकी गोद में मौजूद दस माह की मासूम की मौके पर ही मौत हो गई वही महिला घायल हो गई । आस पास के लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है ।

फखरपुर थाना क्षेत्र में स्थित मलूकपुर ग्राम की रहने वाली महिला नीलम अपनी दस माह की बेटी आर्या को लेकर मदनकोठी पर सामान खरीदने आई थी । जब वो पैदल वापस घर जा रही थी । तभी एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दी । हादसे में उसकी दस माह की बेटी की मौके पर ही मौत हो गई । वही वो भी गम्भीर रूप से घायल हो गई। आस-पास के लोगों ने परिजनों को हादसे की सूचना देते हुए घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां पर चिकित्सकों की ओर से उसका इलाज किया जा रहा है।

**हादसा**



जिला अस्पताल में भर्ती महिला।

### मंदिर के पुनर्निर्माण पर उमड़ा जनसैलाब

**पयागपुर (बहराइच)।** क्षेत्र के नई बस्ती बगिया स्थित प्राचीन शिव हनुमान मंदिर के पुनर्निर्माण का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होने पर भव्य धार्मिक अनुष्ठान और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक उत्सव में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया मंदिर के नवनिर्मित स्वरूप में प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत आयोजित इस भंडारे का शुभारंभ विधि-विधान से पूजन और आरती के साथ किया गया। इसके बाद प्रसाद वितरण शुरू हुआ, जो देर शाम तक अनवरत चलता रहा। स्थानीय निवासियों में मंदिर के पुनर्निर्माण को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। पूरा क्षेत्र भक्तिमय जयकारों से गुंजायमान रहा कार्यक्रम के सफल आयोजन और व्यवस्थाओं को संभालने में मुख्य रूप से गुलशन कश्यप, मोनू रावत, प्रिंस सिंह और प्रवेश शर्मा का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और धार्मिक सद्भावना को बल मिलता है। भंडारे में आए सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। अमृत विचार

### अब नेशनल हाईवे पर क्यूआर कोड से मिलेगी हर छोटी-बड़ी जानकारी

**जरवल रोड (बहराइच)।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने नेशनल हाईवे-927 पर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए एक नई डिजिटल पहल शुरू की है। अब जरवल से बहराइच (पैकेज-2) के बीच सफर करने वाले यात्रियों को सड़क किनारे विशेष क्यूआर कोड लगे हुए मिलेंगे। जानकारी के मुताबिक इन क्यूआर कोड को मोबाइल से स्कैन करते ही यात्रियों को 'डिजिटल इंडिया' पोर्टल के माध्यम से किसी भी दुर्घटना या परेशानी की स्थिति में सीधे मदद के लिए इमरजेंसी नंबर मिल जाएगा। साथ ही रास्ते में आने वाले टोल की तथा हाईवे के किनारे मौजूद होटल, रेस्टोरेंट और विश्राम स्थलों की लोकेशन की जानकारी आसानी से मिल जाएगी।



सड़क किनारे लगाए गए क्यूआर कोड।

### कर्मयोगी सत्यनारायण सिंह पुस्तक का प्रकाशन

**बहराइच।** 1952 का देश का पहला संसदीय चुनाव संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार के रूप में चुनाव चिन्ह 'दीपक' से लड़कर ज़िले में विपक्ष की उपस्थिति दर्ज करवाने वाले सत्यनारायण सिंह के जीवन पर आधारित पुस्तक 'कर्मयोगी सत्यनारायण सिंह' का प्रकाशन होने जा रहा है। उन्होंने सब डिप्टी इंस्पेक्टर आफ स्कूल्स की नौकरी से इस्तीफ़ा देकर बहराइच जिला पश्चिमी( कैसरगंज) से संसदीय चुनाव लड़ा था ।इस पुस्तक के लेखक उनके साहित्यकार पुत्र स्वर्गीय सत्यव्रत सिंह हैं। स्वतंत्रता सेनानी,शिक्षाविद् और समाज सुधारक सत्यनारायण सिंह के जीवन पर आधारित पुस्तक तत्कालीन बहराइच का एक ऐतिहासिक दस्तावेज़ है। 1957 के पंजाब के 'हिन्दी रक्षा आंदोलन' में उनकी अग्रणी भूमिका ज़िले के लिए गर्व का विषय है ।वे आर्यसमाजियों का जत्था लेकर बहराइच से पंजाब गए और इस आंदोलन में अगुवाई करते हुए तीन महीने तेरह दिन जालंधर जेल में विचाराधीन क़ैदी के रूप में बंद रहे। वहाँ उनका व्यवस्थापिका सभा के प्रधान के रूप में अभिनंदन किया गया।

### समस्याओं को लेकर कल धरना देंगे शिक्षक

**बहराइच।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, बहराइच के द्वारा ज्वलंत शिक्षक समस्याओं के निस्तारण के लिए पूर्व में दर्जनों बार पत्र व वार्ता के क्रम के बाद भी निराकरण न होने के कारण और जनपद स्तर पर व्याप्त रोष एवं शिक्षकों के हितों कों सर्वोपरि रखते हुए महासंघ द्वारा 19 फ़रवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच कार्यालय पर धरना प्रदर्शनकरेगा। बताते चले पूर्व निर्धारित तिथि में बोर्ड परीक्षा/ अधिकांश शिक्षकों के गतिमान प्रशिक्षण कों देखते हुए 19 फ़रवरी कों निर्धारित किया गया है। जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र नें बताया है कि,शिक्षकों के चयन वेतनमान का ऑनलाइन आदेश जारी होने के बाद भी अब तक हस्ताक्षरित आदेश कॉपी नहीं उपलब्ध करवाई गई है। जिससे 2 महीने होने वाले है अब तक चयन वेतनमान का लाभ वेतन में जुड़कर नहीं मिला है। कोई भी विभागीय कार्यवाही न करने सहित अन्य मांगों के सम्बन्ध में 19 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर सभी शिक्षक/ शिक्षिकाएं धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

### श्रमजीवी पत्रकार यूनियन का हुआ विस्तार

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला इकाई की एक बैठक मंगलवार को भिनगा में हुई। इसकी अध्यक्षता संरक्षक सोहनलाल मिश्र ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से जिला कार्यकारणी का गठन हुआ। जिलाध्यक्ष आशुतोष पाठक ने संगठन को मजबूती देने और पत्रकारिता के मूल्यों की रक्षा करने के लिए दायित्व का निर्धारण करते हुए संगठन के उद्देश्यों पर चर्चा की। इस दौरान सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय रस्तोगी व भूपेंद्र पांडेय, उपाध्यक्ष अमरनाथ सिंह व शांति स्वरूप पांडेय, संगठन महामंत्री राजेश पांडेय, महामंत्री संतोष कुमार व जितेंद्र दीक्षित, कोषाध्यक्ष सूर्यप्रकाश द्विवेदी को बनाया गया। वहीं मंत्री पद की जिम्मेदारी पवन सेठ, अजय यादव, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, रामतेज ओझा, राजकुमार यादव, धर्मचंद्र यादव, जिला मीडिया प्रभारी गुलफाम सिद्दीकी तथा आडीटर की जिम्मेदारी राहुल सिंह को सौंपी गई।

### विद्यालय का मनाया गया वार्षिकोत्सव

**कानीबोझी ( श्रावस्ती )।** पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय चहलवा में मंगलवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ जिला समन्वयक सपना सोनी व प्राथमिक शिक्षक संघ हरिहरपुररानी के ब्लाक अध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र/छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सांस्कृतिक, देशभक्ति एवं लोकगीत पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिला समन्वयक ने उपस्थित छात्र/छात्राओं तथा अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने एवं शिक्षण के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कदीर अहमद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया ।इस दौरान एआरपी रईस अहमद, सहायक अध्यापक अंकित श्रीवास्तव, सोनाली शुक्ला सहित अन्य शिक्षक, शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# टीबी ग्रस्त बच्चों को मिले दोगुना पोषाहार: सीडीओ

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय त्रैमासिक टीबी टास्क फोर्स बैठक की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी मुकेश कुमार ने टीबी उन्मूलन अभियान को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से छह वर्ष से कम आयु के टीबी से ग्रसित लगभग 28 बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से मानक से दोगुना पोषाहार उपलब्ध कराने पर जोर दिया, ताकि उनकी रिकवरी तेज हो सके और कुपोषण की समस्या दूर हो।

सीडीओ ने टीबी मरीजों को गोद लेने की पहल को और व्यापक बनाने के लिए पोषण किट की मानक सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सूची अन्य विभागों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण सहयोग प्रदान कर सकें और उपचार के दौरान उनका मनोबल बढ़ाया जा सके।

टीबी मुक्त ग्राम पंचायत की दिशा में प्रयासों को तेज करने के लिए उन्होंने पंचायती राज विभाग को सक्रिय सहयोग देने को कहा। बैठक में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एमएल वर्मा ने बताया कि जनपद की लगभग 121 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्ष 2025 में 264 लोगों ने आगे आकर 7200 टीबी मरीजों को गोद लिया और उन्हें पोषण किट व मानसिक संबल प्रदान किया। बैठक के दौरान शरणं संस्थान के प्रतिनिधियों ने एचआईवी/एड्स पर प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि माइग्रेंट आबादी, नशे की लत से ग्रसित लोग और सेक्स वर्कर्स के माध्यम से इस रोग के प्रसार की संभावना अधिक रहती है। वहीं सीएमओ डॉ संजय कुमार ने बताया कि जनपद में निजी क्षेत्र से टीबी नोटिफिकेशन लक्ष्य से कम है। वर्ष 2025 के लिए निर्धारित 2919 के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 2443 मरीजों का ही पंजीकरण हो पाया है।

# बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर हुआ रोमांचक मुकाबला

कैसरगंज(बहराइच)

**अमृत विचार।** मंगलवार को बार एसोसिएशन के लिए हुए चुनाव मे अध्यक्ष पद पर रोमांचक मुकाबला हुआ। दोनों प्रत्याशियों को बराबर मत मिला। जिस पर ऐल्डर्स कमेटी ने विचार विमर्श कर दोनों प्रत्याशियों को छह- छह माह का अध्यक्ष बनने पर सहमति जतायी। दोनों प्रत्याशियों ने यह निर्णय सहर्ष स्वीकार किया। वहीं रोमांचक मुकाबले को लेकर अधिवक्ताओं में सरगर्मी बनी रही।

बार एसोसिएशन के चुनाव में कुल 164 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद पर मुकाबला अत्यंत दिलचस्प रहा। अध्यक्ष पद पर प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह विसेन और ज्ञानबावू वर्मा को समान रूप से 82-82 मत प्राप्त हुए। इसके बाद में एल्डर्स कमेटी ने कार्यकाल 6-6 माह के लिए दोनों प्रत्याशियों के बीच विभाजित किए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। महामंत्री पद पर वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय को 100 मत व महामन्त्री पद पर पंकज श्रीवास्तव को 64 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार वीरेंद्र कुमार पाण्डेय 36 मतों से विजयी हुए।



कैसरगंज तहसील परिसर में प्रमाण पत्र के साथ मौजूद विजयी प्रत्याशी। अमृत विचार

**चुनाव**

- दो प्रत्याशियों को मिले बराबर मत छह-छह महीने का होगा कार्यकाल

वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अनिल कुमार श्रीवास्तव को 97 मत मिले। उन्होने अपने प्रतिद्वंदी हरिश्चंद्र गुप्ता को 30 मतो से हराया। शेष अन्य पदो पर सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये। चुनाव अधिकारी सत्यशरण सिंह व नारायण शर्मा ने बताया सभी विजयी प्रत्याशियो को प्रमाण पत्र वितरित कर दिये गये है ।सम्पूर्ण चुनाव एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन भगौती प्रसाद राव, शिव कुमार मिश्रा, राजेश श्रीवास्तव, बाबूराम वर्मा एडवोकेट की देखरेख मे सम्पन्न हुआ।

**सख्ती** डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सहयोग करने की अपील की

# पुनरीक्षण कार्य में कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए : जिलाधिकारी

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रगति समीक्षा बैठक हुई। इसमें मौजूद राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ डीएम ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया।

जिले में चल रहे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण( एसआईआर ) कार्य की प्रगति समीक्षा के लिए डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं पुनरीक्षण कार्य में लगे अधिकारियों के साथ बैठक किया। इस दौरान डीएम ने सभी दलों के पदाधिकारियों से अपील की कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में अपना सहयोग करें, ताकि भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप जिले में त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार की जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। उन्होने सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से अपेक्षा किया कि बूथ लेवल एजेण्ट को भी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में सक्रिय रूप से भूमिका निभाते हुए सहयोग प्रदान करने के लिए अपने स्तर से निर्देशित करें। इसके बाद डीएम ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/ वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होने वेयर हाउस में रखे बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट तथा वीवीपैट की लगातार निगरानी व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखने तथा सीसीटीवी कवरेज के डीवीआर के संचालन/रिकार्डिंग के भी निर्देश दिये। बैठक में एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा, एसडीएम प्रवीण यादव, समाजवादी पार्टी से ममोहम्मद कलीम खां, भाजपा से अरूण पाण्डेय, बसपा से दिनेश गौतम, कांग्रेस से यशोदानन्दन शर्मा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चरण आर्य आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीएम।

### प्रचार वाहन को डीएम ने किया रवाना

संवाददाता, श्रावस्ती अमृत विचार। जिले के किसानों को मिलेट्स की खेती करने के लिए जागरूक किया जाएगा। इसके लिए कलेक्ट्रेट से डीएम ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत मिलेट्स की खेती, प्रसंस्करण, विपणन एवं उपभोग को प्रोत्साहित करने के लिए प्रचार वाहन के माध्यम से मिलेटस पर आधारित आडियो-वीडियो के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जायेगा। इसके लिए डीएम अश्विनी कुमार पाण्डेय, डीएफओ धनराज मीणा व उप कृषि निदेशक सुरेन्द्र चन्द्र चौधरी ने कलेक्ट्रेट से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन मिलेट्स पर आधारित डक्यूमेन्टरी के माध्यम से किसानों को जागरूक करेगी। यह प्रचार वाहन भिनगा तहसील परिसर, सिसवा, ब्लॉक व तहसील परिसर इकौना आदि स्थलों पर लोगों को जागरुक करेगी। इस मौके पर कृषि विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाते डीएम।



जीव को यह भ्रम है कि यह संसार ही सत्य है, किंतु जैसा वह समझ रहा है वैसा नहीं है, वास्तव में संसार असत्य है।

–रविदास, संत

# एआई का कुंभ

नई दिल्ली में आयोजित एआई इंपैक्ट समिट 2026 भारत की डिजिटल कूटनीति और उभरती तकनीकी शक्ति का सार्वजनिक प्रदर्शन है। ग्लोबल साउथ में आकार और भागीदारी के लिहाज से पहली बार ब्रिटेन, सोल, पेरिस से भी विशाल एआई मंच सजा है, जो भारत के इस क्षेत्र में बढ़ते वैश्विक प्रभाव की कहानी कहता है। वैश्विक नेताओं, तकनीकी दिग्गजों और नीति-निर्माताओं की यहां उपस्थिति ने यह संकेत दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बहस अब सिलिकॉन वैली या यूरोप तक सीमित नहीं रही। यह सही है कि भारत इस क्षेत्र में अभी संक्रमणकाल में है। वह न तो पूरी तरह स्थापित शक्ति है न ही मात्र संभावनाओं का देश। उच्च-स्तरीय चिप निर्माण, मूलभूत मॉडल विकास और उन्नत अनुसंधान में भारत अभी भी अमेरिका और चीन से पीछे है।

भारतीय आईटी उद्योग, स्टार्टअप इकोसिस्टम और विशाल डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे आधार, यूपीआई, डिजिलॉकर आदि ने मजबूत आधार दिया है। अनुमान है कि 2030 तक भारत का एआई बाज़ार 15–20 अरब डॉलर से अधिक का हो सकता है, हालांकि हमें और तेज बढ़त के लिए डेटा और बुनियादी ढांचे की चुनौती से निबटना होगा। एआई का ईंधन डेटा है, देश में व्यवस्थित डेटा-संग्रह, मानकीकरण और सुरक्षित भंडारण की कमी है। डेटा सेंटर क्षमता बढ़ने के बावजूद मांग के अनुपात में अपर्याप्त है। यदि स्थानीय भाषाओं, कृषि, स्वास्थ्य और जलवायु जैसे क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण डेटा उपलब्ध नहीं होगा, तो भारतीय एआई मॉडल सीमित रह जाएंगे, इसीलिए 'रेगुलेटरी सैंडबॉक्स' और डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क की चर्चा अहम है। नवाचार और सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना ही वास्तविक चुनौती है। विशेषज्ञों का यह दावा कि तीन वर्षों में एआई का उपयोग हजार गुना बढ़ सकता है, किंचित अतिशयोक्तिपूर्ण हो सकता है, पर पूरी तरह अवास्तविक भी नहीं। गौरतलब है, उपयोग में वृद्धि का अर्थ उत्पादकता वृद्धि और समावेशन तभी होगा जब कौशल विकास समानांतर चले, क्योंकि एआई का सामाजिक प्रभाव दोधारी तलवार है, जो नई स्किल सीखेंगे, उनके लिए अवसर बढ़ेंगे; जो नहीं सीखेंगे, उनके लिए रोजगार संकट गहराएगा। अतः सरकार को स्किल इंडिया कार्यक्रम में संरचनात्मक बदलाव करने होंगे। केवल पारंपरिक आईटी प्रशिक्षण पर्याप्त नहीं; डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, एआई एथिक्स और बहुभाषी मॉडलिंग जैसे कौशल को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना होगा। उद्योग–अकादमिक साझेदारी, माइक्रो-क्रेडेंशियल और ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण को बढ़ावा देना समय की मांग है। एआई का सबसे बड़ा प्रभाव कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा में दिख सकता है। कृषि में मौसम पूर्वानुमान, मिट्टी विश्लेषण और फसल रोग पहचान; स्वास्थ्य में डायग्नोस्टिक एल्गोरिद्म और टेलीमेडिसिन; शिक्षा में वैयक्तिकृत लर्निंग प्लेटफॉर्म, ये सभी नवाचार भारत जैसे विशाल और विविध देश में क्रांतिकारी सिद्ध हो सकते हैं।

इस समिट का सबसे बड़ा संदेश यह है कि एआई केवल तकनीकी दौड़ नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण का औजार है। भारत यदि नवाचार, नियमन और समावेशन के संतुलन को साध लेता है तो वह न केवल अपने लिए बल्कि ग्लोबल साउथ के लिए भी एक मॉडल प्रस्तुत कर सकता है।

## प्रसंगवश

# सृजन, सुविधा और नकल की नई संस्कृति

कहा जाता है कि हर नई तकनीक अपने साथ सुविधा लेकर आती है, पर कुछ तकनीकें धीरे-धीरे हमारी सोच और आदतों को भी बदल देती हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज ऐसे ही मोड़ पर खड़ी है। उसने लिखने की गति बढ़ाई है, उसे आसान और सुलभ बनाया है; पर उसी अनुपात में उसने सृजन के अर्थ को धुंधला भी किया है। अब प्रश्न यह नहीं रह गया कि 'लिखा कितना अच्छा है', बल्कि यह बन गया है कि 'लिखा किसने है और किस तरह लिखा है।'

जब किसी लेख, कविता या विचार को पढ़ते हुए यह बोध होता है कि वह कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा रचा गया है, तो पाठक के भीतर कुछ टूट-सा जाता है। शब्द सधे हुए होते हैं, भाव भी उपयुक्त लगते हैं, पर कहीं एक रिक्तता रह जाती है। जैसे सुंदर शरीर हो, पर उसमें प्राण न हों। रचना का वह जादू, जो लेखक और पाठक के बीच एक अदृश्य संबंध बनाता है, अचानक समाप्त हो जाता है। यह केवल सौंदर्य का नहीं, विश्वास का भी प्रश्न है।



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

समस्या यह नहीं है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता लिख सकती है। समस्या यह है कि वह लिखते समय मनुष्य होने का भ्रम रचती है। वह अनुभव की नकल करती है, पीड़ा की भाषा बोलती है, प्रेम और करुणा के मुहावरे दोहराती है। बिना कभी असफलता, भय या दुविधा से गुज़रे। जब ऐसी सामग्री किसी मनुष्य के नाम से प्रस्तुत की जाती है, तो वह तकनीकी सहायता नहीं रह जाती; वह बौद्धिक नकल का रूप ले लेती है।

यह नकल कोई नई बात नहीं है। हमारी शिक्षा व्यवस्था लंबे समय से इस मानसिकता को पोषित करती रही है कि अंक सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण हैं, प्रक्रिया नहीं। परीक्षा में नकल करके उत्तीर्ण होना, दूसरों की उत्तर पुस्तिकाओं से विचार उठाना और फिर उसी सफलता का गर्वपूर्वक प्रदर्शन, यह सब समाज में किसी न किसी रूप में स्वीकार्य रहा है। आज वही प्रवृत्ति कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से नई शक्ल में सामने आई है। अंतर केवल इतना है कि अब नकल अधिक चमकदार, अधिक विश्वसनीय और अधिक सुरक्षित दिखाई देती है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता से उत्पन्न सामग्री की एक पहचान बन चुकी है। भाषा की दृष्टि से निर्दोष, संरचना में संतुलित और भावनात्मक रूप से 'उचित'। पर यही परिपूर्णता उसे संदिग्ध भी बनाती है, क्योंकि वास्तविक सृजन प्रायः परिपूर्ण नहीं होता। उसमें झिझक होती है, दोहराव होता है, कभी-कभी असंगति भी होती है। सच्चा लेखक अपने ही विचारों से जूझता है, अपनी ही सीमाओं से संघर्ष करता है। उस संघर्ष की छाया शब्दों में दिखती है। वही रचना को जीवंत बनाती है।

आज सामाजिक माध्यमों और अंकीय मंचों पर सामग्री की बाढ़ है। हर विषय पर, हर दृष्टिकोण से, तुरंत लेख उपलब्ध हैं। इस भीड़ में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक तीव्र यंत्र की तरह काम करती है, जो पहले से मौजूद हज़ारों विचारों को जोड़कर एक नया पैकेज बना देती है। यह पैकेज उपयोगी हो सकता है, जानकारीपूर्ण हो सकता है, पर क्या वह दृष्टि दे सकता है? क्या वह जोखिम उठा सकता है? क्या वह यह स्वीकार कर सकता है कि 'मैं गलत भी हो सकता हूं'?

यहीं मनुष्य और यंत्र के बीच मूल अंतर स्पष्ट होता है। मनुष्य अपनी बात कहते समय डरता है। आलोचना से, अस्वीकार से, असफलता से और यही डर उसकी आवाज़ को विशिष्ट बनाता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता को न आलोचना का भय है, न अस्वीकार का, इसलिए वह सुरक्षित भाषा में लिखती है। सबको स्वीकार्य, किसी को असुविधाजनक न लगे ऐसी। परिणामस्वरूप, हम ऐसी रचनाएं पढ़ रहे हैं जो सब कुछ कहती हैं, पर वास्तव में कुछ भी नहीं कहतीं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# रेयर अर्थः वैश्विक शक्ति संतुलन का नया अध्याय





जय प्रकाश पांडेय
लेखक

आर्थिक व रणनीतिक सोच में कुछ विषय ऐसे होते हैं, जो लंबे समय तक हाशिये पर रहते हैं, पर जब वे केंद्र में आते हैं, तो विकास की पूरी दिशा को बदल देते हैं। क्रिटिकल मिनरल्स भारत के लिए ऐसा ही विषय बन चुका है। ऊर्जा संक्रमण, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, सेमीकंडक्टर निर्माण, रक्षा प्रौद्योगिकी और उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स इन सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की चर्चा तब तक अधूरी है, जब तक उन खनिजों की सुरक्षित, सस्ती और सतत उपलब्धता सुनिश्चित न हो, जिन पर ये तकनीकें निर्भर करती हैं। भारत का भविष्य केवल बिजली उत्पादन या विनिर्माण क्षमता से नहीं, बल्कि उन खनिजों की रणनीतिक उपलब्धता से तय होगा, जिन्हें अब 'क्रिटिकल' कहा जा रहा है।

इस विमर्श की औपचारिक शुरुआत 2023 में हुई, जब भारत सरकार ने 30 क्रिटिकल मिनरल्स की सूची जारी की। लिथियम, कोबाल्ट, निकल, ग्रेफाइट, रेयर अर्थ एलिमेंट्स, तांबा, गैलियम, जर्मेनियम और टंग्स्टन जैसे खनिजों को इस श्रेणी में रखने के पीछे दो स्पष्ट तर्क थे। पहला, ये खनिज ऊर्जा संक्रमण, ईवी बैटरियों, सोलर-विंड प्रणालियों, सेमीकंडक्टर और रक्षा उपकरणों के लिए अनिवार्य हैं। दूसरा, इनकी वैश्विक आपूर्ति कुछ गिने-चुने देशों में अत्यधिक संकेंद्रित है, जिससे किसी भी भू-राजनीतिक तनाव की स्थिति में आपूर्ति बाधित होने का जोखिम बहुत अधिक हो जाता है। यह सूची केवल एक तकनीकी दस्तावेज़ नहीं थी; यह भारत की उस रणनीतिक चिंता का लिखित रूप थी, जो फॉसिल फ्यूल युग से मिली निर्भरता की सीख से उपजी है।

इसी सोच को संस्थागत रूप देने के लिए राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन (एनसीएमएम) की परिकल्पना की गई और 2025 में इसे औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया। इस मिशन का उद्देश्य केवल खनन बढ़ाना नहीं, बल्कि सुरक्षित, विविध और लचीली आपूर्ति-श्रंखलाएं विकसित करना है। वर्ष 2030 तक लगभग 1,200 संभावित क्रिटिकल मिनरल डिपॉजिट्स की पहचान और वर्ष 2031 तक 100 से अधिक ब्लॉक्स की नीलामी जैसे लक्ष्य यह दर्शाते हैं कि भारत घरेलू संसाधनों को गंभीरता से खंगालना चाहता है। वर्ष 2024–25 में शुरू हुई सैकड़ों अन्वेषण परियोजनाएं, जिनमें रेयर अर्थ्स, लिथियम और कोबाल्ट पर विशेष फोकस है, इसी दिशा में प्रारंभिक कदम हैं।

फिर भी, नीति-निर्माताओं को यह भ्रम नहीं है कि खनन ही समाधान है। थिंक-टैंक आधारित विश्लेषण यह रेखांकित करते हैं कि भारत की चुनौती खनन से अधिक प्रसंस्करण और परिशोधन क्षमता की कमी में निहित है। परिणामस्वरूप, कच्चे अयस्क के निष्कर्षण या आयात के बाद मूल्य-वर्धन का बड़ा हिस्सा विदेशी रिफाइनिंग केंद्रों में स्थानांतरित हो जाता है। यदि यह स्थिति बनी रहती है, तो भारत ऊर्जा संक्रमण की दौड़ में उपभोक्ता तो बनेगा, पर निर्णायक खिलाड़ी नहीं।

केंद्रीय बजट 2025–26 और 2026–27 को एक साथ पढ़ने पर यह स्पष्ट होता है कि राज्य ने इस संरचनात्मक समस्या को समझ लिया है। वर्ष 2025–26 के बजट में 25 क्रिटिकल मिनरल्स पर मूल सीमा शुल्क को शून्य करना और बारह क्रिटिकल खनिजों के स्क्रैप, कोबाल्ट पाउडर तथा लिथियम-आयन बैटरी अपशिष्ट पर मूल सीमा शुल्क समाप्त करना रीसाइक्लिंग उद्योग और द्वितीयक उत्पादन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ठोस नीतिगत पहल थी। इससे राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन के उस स्तंभ को बल मिला, जो आयात-निर्भरता घटाने और सर्कुलर इकोनॉमी को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है।

बजट 2026–27 ने इसी नीतिगत दिशा को आगे बढ़ाते हुए प्रसंस्करण के लिए आवश्यक पूंजीगत उपकरणों पर मूल सीमा शुल्क पूरी तरह समाप्त कर दिया। यह निर्णय किसी तात्कालिक रियायत से अधिक, उस वास्तविकता की स्वीकारोक्ति है कि क्रिटिकल खनिजों से जुड़ी प्रसंस्करण परियोजनाएं स्वभावतः पूंजी-सघन और जोखिमपूर्ण होती हैं। इन्हें व्यवहार्य बनाने के लिए प्रारंभिक चरण में लागत का बोझ केवल निजी निवेशकों पर छोड़ देना व्यावहारिक नहीं है। इसी क्रम में, कुछ क्रिटिकल खनिजों को आयकर अधिनियम की प्रासंगिक अनुसूची में शामिल कर अन्वेषण और पूर्वेक्षण पर होने वाले खर्च को कर-कटौती योग्य बनाने का प्रस्ताव भी किया गया है। यह व्यवस्था इस संकेत के रूप में देखी जानी चाहिए कि राज्य खनिज अन्वेषण की अनिश्चितताओं को निजी क्षेत्र के साथ साझा करने और दीर्घकालिक निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने को तैयार है।

बजट 2026–27 का सबसे प्रतीकात्मक और रणनीतिक निर्णय रेयर अर्थ कॉरिडोरों की घोषणा के रूप में सामने आया है। ओडिशा, केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में समर्पित रेयर अर्थ कॉरिडोर विकसित करने का प्रस्ताव किसी साधारण क्षेत्रीय विकास योजना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चीन-केंद्रित वैश्विक आपूर्ति-श्रंखला से उत्पन्न जोखिमों को सीधे संबोधित करता है। इन कॉरिडोरों को राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन से जोड़ते हुए खनन, प्रसंस्करण और विनिर्माण की पूरी श्रृंखला को एक साझा भौगोलिक और संस्थागत ढांचे में विकसित करने की परिकल्पना की गई है। इसका आशय स्पष्ट है, भारत अब रेयर अर्थ तत्वों को केवल कच्चे खनिज के रूप में नहीं, बल्कि इलेक्ट्रिक वाहनों के मोटर, पवन ऊर्जा टर्बाइन, रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स और उन्नत विनिर्माण जैसी रणनीतिक आवश्यकताओं के लिए अनिवार्य इनपुट के रूप में देखने लगा है। इस घरेलू रणनीति को वैश्विक परिप्रेक्ष्य से काटकर नहीं देखा जा सकता। अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषण लगातार यह संकेत देते रहे हैं कि क्रिटिकल खनिजों के परिशोधन और प्रसंस्करण में चीन की प्रभुत्वपूर्ण स्थिति ने अनेक देशों को रणनीतिक असुरक्षा के दायरे में ला खड़ा किया है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> भारत का भविष्य केवल बिजली उत्पादन या विनिर्माण क्षमता से नहीं, बल्कि उन खनिजों की रणनीतिक उपलब्धता से तय होगा, जिन्हें अब 'क्रिटिकल' कहा जा रहा है।

## आमने सामने



जयपुर में हिंगोनिया गौशाला के पास से एक जानवर का कटा सिर लाकर लटकाया गया। यह सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश है। इस मामले में जो आरोपी है, उसे भाजपा का एक विधायक बचा रहा है।

–टीकाराम जूली
नेता प्रतिपक्ष
राजस्थान

आप मेरा नाम ले रहे हैं? अगर इस मामले में कोई भी मेरा आदमी शामिल पाया गया, तो मैं इसी वक्त विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दूंगा।

–गोपाल शर्मा
विधायक
भारतीय जनता पार्टी



# 60% युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य की दिक्कत



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

विकसित भारत के सामने आज जो प्रमुख चुनौतियां हैं, उनमें सबसे ऊपर युवाओं की बिगड़ती मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति है। बकौल इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी देश में मानसिक विकारों के 60 प्रतिशत मामले 35 वर्ष से कम उम्र के युवाओं में पाए जा रहे हैं। इन युवाओं के सामने काम का बढ़ता दबाव, प्रतिस्पर्धा, बेरोजगारी, सामाजिक अपेक्षाओं और इनसे जूझते समय बड़ी संख्या में वे अवसाद, बैचेनी की गिरफ्त में आ जाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस तरह के मानसिक विकार होने पर रोगी समझ ही नहीं पाता कि उसके मन के साथ कुछ असामान्य है। जिस तरह मानसिक रोग तेजी से फैल रहे हैं, हमारे पास उस तुलना में चिकित्सक और इलाज के विकल्प गौण हैं। यही वजह है कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बीमारियां देश की बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन गई है।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएमएचएस) स्वीकार कर रहा है कि माकूल उपचार अधिकांश मरीजों की पहुंच से बाहर है। लैंसेट साइकियाट्री जर्नल में प्रकाशित ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी के अनुसार वर्ष 2017 में भारत में 19.73 करोड़ लोग (कुल आबादी का लगभग 14.3 प्रतिशत) किसी न किसी मानसिक विकार से पीड़ित थे। इनमें 4.57 करोड़ अवसाद और 4.49 करोड़ बैचेनी के शिकार हैं। बेंगलुरु के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेस (निमहांस) के सर्वे में सामने आया है कि 13-17 वर्ष वाले लगभग 7.3 प्रतिशत किशोर किसी न किसी मानसिक विकार से पीड़ित हैं। प्रतिस्पर्धा, परीक्षा-दबाव, सामाजिक अपेक्षाएं व डिजिटल जीवन-शैली इसके प्रमुख कारण हैं।

सर्वाधिक खराब हालत राजधानी दिल्ली के हैं, जहां 11.23 फीसदी आबादी मानसिक बीमारियों से जूझ रही है। यह बात दिल्ली सरकार की 2025 की सालाना सांख्यिकी रिपोर्ट में कही गई है। रिपोर्ट कहती है कि राजधानी में कोई सात फीसदी लोगों का बौद्धिक विकास नहीं हो पाया है, जिससे उनके सीखने और रोजमर्रा के जीवन में कठिनाइयां झेलनी पड़ रही हैं। अवसाद, चिंता और सिजोफ्रेनिया जैसी गंभीर मानसिक बीमारी से प्रभावित लोगों की संख्या 4.28 फीसदी है। मानसिक रोग विशेषज्ञ कहते हैं कि दिल्ली में अकेलापन, सामाजिकता के अभाव के साथ ही प्रदूषण, ट्राफिक जाम, आर्थिक असमानता जैसे कारण मानसिक रोगों को बढ़ा रहे हैं।

बात अकेले राजधानी की नहीं है, देश के दूरस्थ अंचलों में छोटे गांव तक मानसिक विकार का विस्तार बेहद खतरनाक है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा पश्चिम बंगाल के कृषि प्रधान क्षेत्रों में किया गया एक अध्ययन इसके मूल कारणों पर प्रकाश डालता है। अध्ययन कहता है कि जिन किसानों के खेतों में सप्ताह में एक बार कीटनाशक का छिड़काव होता है, उनमें डिप्रेशन, याद्दाश्त में कमी और रोजमर्रा की गतिविधियों में गिरावट का खतरा तीन गुना तक बढ़ जाता है। इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईजेएमआर) में प्रकाशित इस अध्ययन में आईसीएमआर का सरकार को सुझाव है कि किसानों को कीटनाशक छिड़कते समय सुरक्षा उपाय अनिवार्य किए जाएं, साथ ही ग्रामीण इलाकों में कीटनाशक-जनित मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता, प्रशिक्षण और स्वास्थ्य निगरानी कार्यक्रम शुरू किए जाएं।

डब्लूएचओ व अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक शोध में कुछ साल पहले ही बता दिया था कि देश में चौथी सबसे बड़ी बीमारी अवसाद या डिप्रेशन है। आज देश की सबसे बड़ी दूसरी बीमारी हार्ट अटैक के बाद अवसाद को कहा जा रहा है। बढ़ती जरूरतें, जिंदगी में बढ़ती भागदौड़, रिश्तों के बंधन ढीले होना; इस दौर की कुछ ऐसी त्रासदियां हैं, जो इंसान को भीतर ही भीतर खाए जा रही हैं। ये सब ऐसे विकारों को आमंत्रित कर रहा है, जिनके प्रारंभिक लक्षण नजर नहीं आते। जब मर्ज बढ़ जाता है, तो बहुत देर हो चुकी होती है। विडंबना है कि सरकार में बैठे नीति-निर्धारक मानसिक बीमारियों को अभी भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

'जय विज्ञान' के युग में मनोविकारों को एक रोग के बनिस्पत ऊपरी व्याधा या नियति समझने वालों की संख्या बहुत अधिक है। तभी ऐसे रोगों के इलाज के लिए डाक्टरों के बजाए पीर-फकीरों, मजार-मंदिरों पर अधिक भीड़ होती है। सामान्य डॉक्टर मानसिक रोगों को पहचानने और रोगियों को मनोचिकित्सक के पास भेजने में असमर्थ रहते हैं। इसके चलते ओझा, पुरोहित, मोलवी और तथाकथित यौन विशेषज्ञ अवैध रूप से मनोचिकित्सक का दुष्कार्य कर रहे हैं। भारत में 1982 में मानसिक स्वास्थ कार्यक्रम शुरू हुआ था, लेकिन इसकी मंथर गति ने रोग को भयानक बना दिया। इतने लोगों के इलाज के लिए कोई 32 हजार मनोचिकित्सकों की जरूरत है। देशभर में इनकी संख्या बमुश्किल नौ हजार है। यानी एक लाख पर औसतन 0.75 डाक्टर। इनमें भी तीन हजार तो चार महानगरों तक ही सिमटे हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी के मुताबिक देश में मानसिक विकारों के 60 प्रतिशत मामले युवाओं में पाए जा रहे हैं।

## सोशल फोरम

# कहानी मोगली की

रुडयार्ड किपलिंग का मशहूर किरदार 'मोगली' जिसे भेड़ियों ने पाला था, वो किरदार दरअसल एक अंग्रेज कमांडर 'विलियम हेनरी स्लीमैन' द्वारा लिखे गए संस्मरण से उठाया गया था, हालांकि किपलिंग ने ये कभी नहीं माना कि उन्होंने स्लीमैन के लेखों से प्रेरणा ली, लेकिन तथ्यात्मक रूप से यही बात सच है कि भेड़ियों द्वारा इंसानी बच्चों को पालने की घटनाएं उत्तर प्रदेश के जंगलों में बहुत बार देखी गईं और सबसे पहले इन घटनाओं को स्लीमैन ने ही लिपिबद्ध किया।



जिया इम्तियाज
ब्लॉगर

मुझे पता नहीं था कि अम्मी हमारे बचपन में सुल्तानपुर में आने वाले भेड़ियों की, बच्चों को उठा ले जाने की, कई बच्चों के बच जाने और कइयों के मारे जाने की जो पुरानी कहानियां सुनाती थीं, उन कहानियों में एक खास बात भी थी कि सुल्तानपुर के जंगल वाक़ई एक वक्त में भेड़ियों का गढ़ हुआ करते थे और भारत में सबसे पहले भेड़िया मानव का ज़िक्र स्लीमैन ने 'सुल्तानपुर' के जंगलों में ही मिले बच्चे के बारे में किया था।

स्लीमैन ने लिखा था कि सन् 1848 में सुल्तानपुर के एक गांव 'चंदौर' में अंग्रेज सिपाहियों को गोमती नदी के किनारे एक मांद से एक मादा भेड़िया निकलती दिखी, इसके पीछे तीन भेड़िया शावक चल रहे थे और चौथा इंसानी बच्चा था, जो इस मादा भेड़िया के पीछे चार पैरों पर चल रहा था। सिपाहियों ने मादा भेड़िया को मारकर उस इंसानी बच्चे को कब्जे में कर लिया पर वो बच्चा इंसानों के हाथ नहीं आना चाहता था, वो बच्चा भेड़िये की तरह गुर्राता था, इस बच्चे को 'हसनपुर' के राजा को सौंप दिया गया।

हसनपुर के राजा ने इस बच्चे को एक अंग्रेज अधिकारी को दे दिया था, ये बच्चा दो साल तक रहा, पर कभी इंसानी समाज में लौट नहीं सका और वो केवल कुत्तों और गीदड़ों से मित्रवत रहा, 1850 में अचानक एक दिन उस बच्चे की मृत्यु हो गई। स्लीमैन ने दूसरा ज़िक्र सुल्तानपुर के एक दूसरे गांव में 1849 में मिले एक भेड़िया बच्चे का किया है, जिस बच्चे के जिस्म पर बने बर्थ मार्क देखकर उसको जन्म देने वाली मां ने पहचान लिया। जिस स्त्री का बच्चा छह साल पहले घर से कोई जानवर उठाकर ले गया था, ये बच्चा भी भेड़िये ने पाल लिया था और ये बच्चा भी मानव समाज में घुलमिल नही पाया और एक दिन वापस जंगल में भाग गया। स्लीमैन ने अपनी डायरी में लिखा था, 'सुल्तानपुर के आसपास असंख्य भेड़िये हैं, गोमती नदी के किनारे बने खड्डों में बहुत से बच्चों को भेड़ियों द्वारा कस्बों, गांवों और शिविरों से ले जाया जाता है'।

–फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# एआई समिटः नवाचार से राष्ट्र निर्माण तक

आज दुनिया के विभिन्न देश अपनी नीतियों में नई-नई तकनीकों व नवाचारों को शामिल कर अपने देश की विभिन्न पारंपरिक कार्यप्रणालियों को लगातार बदल रहे हैं। विशेष रूप से एआई ने वैश्विक स्तर पर कार्य प्रणाली और मानव भूमिका को गहराई से प्रभावित किया है, इसलिए आज इसे विकास के लिए अनिवार्य और बहुत ही अहम् माना जा रहा है। इसी संदर्भ में, नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण एआई शिखर सम्मेलन (इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026; 16 फरवरी से 20 फरवरी 2026 तक) आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य एआई की संभावनाओं, इसकी चुनौतियों, रोजगार पर इसका प्रभाव और आम जीवन में इसके उपयोग को लेकर जागरूकता बढ़ाना है।

आज एआई का दायरा स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, कारोबार और रक्षा जैसे क्षेत्रों तक फैल चुका है, जिससे नए अवसर पैदा हुए हैं, लेकिन यह भी कटु सत्य है कि रोजगार पर प्रभाव, जोखिम, डेटा सुरक्षा और पर्यावरणीय असर जैसी चिंताएं भी इसके कारण सामने आई हैं। विशेष रूप से डेटा केंद्रों में ऊर्जा और पानी की बढ़ती खपत को लेकर प्रश्न उठ रहे हैं। इसलिए एआई आधारित विकास को सफल बनाने के लिए इसके लाभों के साथ-साथ संभावित खतरों के समाधान पर भी समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है।



सुनील कुमार महला
लेखक

पांच दिवसीय कार्यक्रम ग्लोबल साउथ में आयोजित पहला प्रमुख एआई शिखर सम्मेलन माना जा रहा है, जिसमें 300 से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे हैं और एआई नीति तथा नवाचार पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। यह समिट भारत मंडपम सहित नई दिल्ली के विभिन्न स्थलों पर आयोजित हो रही है तथा इसमें 100 से अधिक देशों की भागीदारी है, साथ ही शीर्ष तकनीकी कंपनियों जैसे गूगल और माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), शोधकर्ता, नीति-निर्माता और कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल हो रहे हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के दौरान 500 से अधिक सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जबकि 800 से अधिक प्रदर्शक, स्टार्टअप, शोध संस्थान और राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल इसमें भाग ले रहे हैं।

16-20 फरवरी तक आयोजित यह एआई शिखर सम्मेलन भारत के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी शक्ति के रूप में उभर रहा है, जबकि उससे आगे केवल संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन हैं। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल के अनुसार भारत का स्कोर 21.59 है, जबकि अमेरिका का 78.6 और चीन का 36.95 है। इस सूचकांक में भारत कई विकसित देशों जैसे दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, सिंगापुर, जापान, कनाडा, जर्मनी और फ्रांस से आगे है।

भारत वर्तमान में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ एआई के क्षेत्र में अग्रणी विकासशील देश भी बन चुका है, इसलिए इस स्तर का वैश्विक आयोजन पहली बार किसी विकासशील देश में होना ऐतिहासिक माना जा रहा है। सम्मेलन में 13 देशों के लगभग 300 पवेलियन वाले एक्सपो का आयोजन भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता को भी प्रदर्शित करता है। विशेषज्ञों का मानना है कि एआई के माध्यम से आम लोगों तक तकनीक के लाभ पहुंचाने, सस्ती तकनीक उपलब्ध कराने और वैश्विक असमानताओं को कम करने में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, बशर्ते देश निवेश बढ़ाए, प्रतिभाओं को बनाए रखे और अनुकूल तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

आदिवासी अंचल में प्रति वर्ष मनाया जाने वाला भोंगर्या अर्थात भगोरिया पर्व जनजाति समाज का मुख्य त्योहार है। इसे आलीराजपुर, झाबुआ और धार जिले में आदिवासी बहुल क्षेत्र के समीपस्थ ग्रामों के निकटतम साप्ताहिक हाट या कहीं पर जहां हाट भी नहीं लगता है, वहां वर्ष में एक दिन मनाया जाता है। मांदल की थाप और बांसुरी की मदमाती धुन, जब महुआ के फूल की मादक खुशबू महकने लगती है, बौराए हुए आम की एक खास महक और ताड़ी का भरपूर सुरूर अपने यौवन पर आ जाता है और होली का सप्ताह करीब हो, तो समझ लो कि भगोरिया आ गया। होलिका दहन का दिन आखिरी भगोरिया पर्व और इसके 6 दिन पूर्व के यानी पूरे 7 दिन यह पर्व होता है।



अनिल तंवर
सेवानिवृत्त राजभाषा अधिकारी



# आदिवासी अंचल का सांस्कृतिक पर्व भगोरिया

## आदिवासी समाज का विशेष हाट

कुछ लोग (गैर-आदिवासी मीडिया) द्वारा आदिवासियों को बदनाम करने के लिए भोंगर्या हाट को परिणय पर्व या वैलेंटाइन डे से संबोधित करते हैं, जो एक सोची-समझी साजिश के तहत पूरे आदिवासी समाज को बदनाम करने की कोशिश की जा रही हैं। इस पर्व में कभी भी पान खिलाकर और गुलाल लगाकर लड़की भगाने का जो मिथ्या प्रचार किया जाता रहा है। वह केवल सस्ती लोकप्रियता हासिल करने तथा आदिवासी संस्कृति को बदनाम करने की साजिश रही है। पूर्व में यहां, जो गिने-चुने फोटोग्राफर आते थे, उन्होंने अपनी छपास की भूख और प्रसिद्धि के कारण इस पर्व को गलत रूप में प्रचारित किया। आदिवासी समाज के युवक और युवतियां अब जागृत हो चुके हैं और उनका कहना है कि गैर आदिवासी मीडिया इस प्रकार का भ्रम फैलाना बंद करे। यह न तो कोई परिणय पर्व है और न ही कोई त्योहार है। यह सिर्फ होली पूर्व एक विशेष हाट हैं, जिसमें आदिवासी बच्चों से लेकर बुजुर्ग उत्साह और जोश के साथ भोंगर्या हाट में जाकर ढोल-मांदल, थाली,बांसुरी की मिश्रित मधुर ध्वनि के साथ नाच-गाना कर एन्जॉय करते हैं और होली पूजन के लिए आवश्यक सामग्री की खरीदारी करते हैं।

## सात दिनों तक चलेगा मेला



अंचल का प्रमुख आदिवासी लोकपर्व भगोरिया इस वर्ष 24 फरवरी से आरंभ होकर 2 मार्च तक चलेगा। वर्ष में एक बार मनाए जाने वाले इस पर्व के कारण हफ्तेभर तक क्षेत्र में उल्लास छाया रहता है। पर्व मनाने के लिए पलायन स्थलों से भी ग्रामीण बड़ी संख्या में अपने गांव लौटेंगे। लगभग चार दर्जन स्थानों पर भगोरिया मेला लगेगा, जिस दिन का संस्कृति प्रेमी बेसब्री से इंतजार करते है, वह पर्व अब त्योहारिया हाट से प्रारंभ होगा। इसमें मस्ती व उल्लास रहेगा, तो आदिवासी संस्कृति की झलक भी नजर आएगी। पेट की आग बुझाने के लिए क्षेत्र की 70 प्रतिशत जनता पलायन करती है। रोजगार की तलाश में दूर-दूर तक जाने वाले ग्रामीण जहां कहीं भी होंगे, भगोरिया की महक उन्हें अपने गांव लौटने के लिए वापस मजबूर करेगी।

वार्षिक मेले भगोरिया की प्रमुख विशेषता यह है कि 7 दिनों तक लगातार यह चलता है। हर दिन कहीं न कहीं भगोरिया मेला रहता है। इन मेलों में गांव के गांव उमड़ पड़ते है। छोटे बच्चे से लेकर वृद्ध तक अनिवार्य रूप से इसमें सहभागिता करते है। ढोल, मांदल, बांसुरी जैसे वाद्य यंत्रों की मीठी ध्वनि और लोक संगीत के बीच जब सामूहिक नृत्य का दौर भगोरिया मेले में चलता है, तो चारों ओर उल्लास ही उल्लास बिखर जाता है। साथ ही होती है झूला-चकरी की मस्ती व पान तथा अन्य व्यंजनों की भरमार। चाहे जितने जीवन में संघर्ष हो, लेकिन सब कुछ भूलकर हर ग्रामीण भगोरिया की मस्ती में डूबा दिखाई पड़ता है।



## रियासत काल से चल रहा है त्योहार

रियासत काल से चल रही धुलेंडी के सात दिन पहले से यह पर्व आरंभ हो जाता है। रियासत काल से ही यह पारंपारिक त्योहार यहां चल रहा है। पर्व को लेकर अलग-अलग इतिहास भी बताया जाता है। कुछ इतिहासकार कहते हैं कि ग्राम भगोर से यह पर्व आरंभ हुआ, इसलिए इसका नाम भगोरिया पड़ गया। कुछ लोगों का मानना है कि होली के पूर्व लगने वाले हाटों को गुलालिया हाट कहा जाता था। इसमें खूब गुलाल उड़ती थी। बाद में होली के पूर्व मनाए जाने वाले इन साप्ताहिक हाटों को भगोरिया कहा जाने लगा। मान्यता चाहे जो हो, लेकिन मैदानी हकीकत यह है कि यह वार्षिक पर्व अपनी संस्कृति की सुगंध हमेशा से चारों ओर बिखेर रहा है।

### अनोखी परंपरा

## फामादीहाना : मौत के पार रिश्तों का उत्सव



दुनिया में कुछ परंपराएं ऐसी होती हैं, जो पहली नजर में हैरान करती हैं, लेकिन गहराई से समझने पर इंसानी संवेदनाओं और रिश्तों की नई परतें खोलती हैं। ऐसी ही एक अनोखी परंपरा अफ्रीकी द्वीपीय देश मेडागास्कर में देखने को मिलती है, जहां लोग अपने गुजरे हुए अपनों को याद करने के लिए कब्र से बाहर लाते हैं और उनके साथ नाचते-गाते हैं। यहां मृत्यु को अंतिम विदाई नहीं, बल्कि दोबारा मिलन का अवसर माना जाता है। मेडागास्कर के मालगासी समुदाय में निभाई जाने वाली इस परंपरा को फामादीहाना कहा जाता है, जिसका अर्थ है-"हड्डियों को पलटना।" यह रस्म हर पांच से सात साल में आयोजित की जाती है। इस दौरान परिवार के लोग अपने पूर्वजों की कब्रें खोलते हैं, उनके अवशेषों को बाहर निकालकर नए, सुंदर रेशमी कफनों में लपेटते हैं और फिर संगीत, ढोल-नगाड़ों और गीतों के साथ नृत्य करते हैं। यह दृश्य किसी शोक समारोह से अधिक एक उत्सव जैसा लगता है।

मालगासी समाज में यह विश्वास गहराई से रचा-बसा है कि मृत्यु के बाद भी आत्माएं पूरी तरह विदा नहीं होतीं। माना जाता है कि पूर्वजों की आत्माएं आसपास ही रहती हैं और समय-समय पर अपने परिजनों का हाल जानने धरती पर लौटती हैं। फामादीहाना उन्हीं आत्माओं के सम्मान, उनसे संवाद और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है। इस रस्म के दौरान लोग अपने दिवंगत प्रियजनों से बातें करते हैं, उन्हें परिवार की नई पीढ़ी से परिचित कराते हैं और जीवन की घटनाएं साझा करते हैं। फामादीहाना के समय कब्रिस्तान का माहौल बिल्कुल बदल जाता है। वहां ढोल बजते हैं, लोग पारंपरिक परिधान पहनकर नृत्य करते हैं, सामूहिक भोज पकता है और पूरे इलाके में उत्सव का रंग बिखर जाता है। बाहरी दुनिया से आने वाले पर्यटकों के लिए यह दृश्य चौंकाने वाला और असामान्य हो सकता है, लेकिन स्थानीय लोगों के लिए यह बेहद पवित्र और भावनात्मक अनुभव होता है। यहां तक कि उंगली से इशारा करना भी वर्जित माना जाता है, क्योंकि ऐसा करने से आत्माओं के नाराज होने की मान्यता है। पहली नजर में फामादीहाना डरावनी या रहस्यमयी लग सकती है, लेकिन मालगासी लोगों के लिए यह मौत का उत्सव नहीं, बल्कि यादों, सम्मान और प्रेम का प्रतीक है। शायद यही कारण है कि सदियों से चली आ रही यह परंपरा आज भी जीवित है और यह हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि दुनिया में रिश्तों को देखने और निभाने के कितने अलग-अलग तरीके हो सकते हैं।

### आर्ट गैलरी

## राफेल की 'द ट्रांसफिगरेशन'

द ट्रांसफिगरेशन नाम का आर्टवर्क मशहूर रेनेसां आर्टिस्ट राफेल का एक मास्टरपीस है, जिसे साल 1520 में पूरा किया गया था। पैनल पर बनी यह ऑयल पेंटिंग हाई रेनेसां आर्टिस्ट्री का एक बेहतरीन उदाहरण है, जो अपने धार्मिक जॉनर के लिए जानी जाती है। आर्टवर्क में, देखने वाले को एक ज़बरदस्त चित्रण देखने को मिलता है, जिसमें एक्सप्रेसिव फिगर्स की भीड़ है, जो एक साफ ड्रामैटिक इंटेंसिटी में लिपटी हुई है। इन फिगर्स को इमोशन की एक जबरदस्त गहराई के साथ दिखाया गया है, जिसमें गहरी भक्ति से लेकर डरावने अविश्वास तक शामिल हैं। कंपोजिशन में कई दिव्य और इंसानी कैरेक्टर्स हैं, जो डायनैमिक रूप से बातचीत करते हैं।



राफेल पेंट की गई फिगर्स में थ्री-डायमेंशनल क्वालिटी लाने के लिए काइरोस्कोरो का इस्तेमाल करते हैं, जिससे उनकी असली जैसी मौजूदगी और बढ़ जाती है। कलर पैलेट में रिच टोन भरे हुए हैं, जो कपड़ों की ड्रेपरी और फिगर्स के शरीर को बहुत बारीकी से दिखाते हैं और सीन की कहानी कहने की ताकत पर ज़ोर देते हैं।

### राफेल के बारे में



राफेल सैंजियो दा अर्बिनो, जिन्हें राफेल के नाम से बेहतर जाना जाता है, हाई रेनेसां कॉल के सबसे महान पेंटर्स में से एक थे। उनका जन्म 1483 में इटली में एक आर्टिस्ट परिवार में हुआ था और उन्होंने पेंटिंग के लिए शुरू से ही टैलेंट दिखाया और जल्द ही एक जाने-माने आर्टिस्ट बन गए। यह वह समय था जब पूरे यूरोप में आर्ट फल-फूल रहा था। इसकी पहचान क्लासिकल एंटीक्विटी और ह्यूमनिज्म में दिलचस्पी थी, जिससे पर्सपेक्टिव और काइरोस्कोरो जैसी पेंटिंग टेक्नीक में नए डेवलपमेंट हुए। इस दौरान, लियोनार्डो दा विंची और माइकल एंजेलो बुओनारोती जैसे कई महान आर्टिस्ट उभरे। राफेल के काम में लियोनार्डो दा विंची और माइकल एंजेलो जैसे उनके कंटेंपरेरी लोगों के साथ-साथ पेरुगिनो जैसे पहले के मास्टर्स का भी असर दिखता है, जिन्होंने उन्हें उनकी अप्रेंटिसशिप के दौरान सिखाया था। उन्होंने उनकी स्टाइल को अपने यूनिक विजन के साथ मिलाया, जिससे ऐसी पेंटिंग्स बनीं, जो टेक्निकली परफेक्ट और इमोशनली एक्सप्रेसिव दोनों थीं।

### लोकायन

हमारा देश वसुधैव कुटुंबकम् की अवधारणा का देश है। यहां सभी धर्म के त्योहार धूमधाम व सामूहिक रूप से मनाए जाते हैं। इसी प्रकार देश के कुछ प्रदेशों में तिब्बती नव वर्ष लोसार भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। भारत में अंग्रेजी नव वर्ष मनाना तो आम बात है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि हमारे देश में तिब्बती नव वर्ष लोसार भी व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। लोसर 18 फरवरी से मनाया जाएगा और इसका मुख्य उत्सव आमतौर पर तीन दिनों तक चलता है, लेकिन यह त्योहार 15 दिनों तक मनाया जाता है।

## परंपरा और उत्सव का संगम तिब्बती नव वर्ष लोसार

**क्या है लोसार उत्सव :** 'लोसार' दो तिब्बती शब्दों से मिलकर बना है, जिसमें 'लो' का अर्थ 'नया' और 'सर' का अर्थ 'वर्ष' होता है। इस प्रकार इसका सामूहिक अर्थ 'नया साल' है। लोसार तिब्बत, नेपाल और भूटान का सबसे महत्वपूर्ण बौद्ध त्योहार माना जाता है। भारत में यह मुख्य रूप से सिक्किम, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में तिब्बती समुदायों और स्थानीय जनजातियों द्वारा मनाया जाता है। यह उत्सव जीवन के नवीनीकरण, समृद्धि और आध्यात्मिक शुद्धि का प्रतीक है।

**सांस्कृतिक महत्व :** हालांकि लोसार को 'तिब्बती नव वर्ष' कहा जाता है, लेकिन इसकी जड़ें बौद्ध धर्म के आगमन से भी पहले की हैं। यह मूल रूप से 'बोन' परंपरा का हिस्सा था, जिसमें लोग सर्दियों के अंत में प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए पूजा करते थे। बाद में जब बौद्ध धर्म तिब्बत की मुख्य धारा बना, तो यह उत्सव आध्यात्मिक और धार्मिक रंगों में रंग गया। लोसार का मुख्य उत्सव आमतौर पर तीन दिनों तक चलता है, जबकि समूचा पर्व लगभग 15 दिनों तक मनाया जाता है। लोसार में साफ-सफाई को विशेष महत्व दिया जाता है। इसका पहला दिन 'लामा लोसार' कहलाता है, जिसमें घरों की पुताई और गहन सफाई की जाती है। पुरानी और अनुपयोगी वस्तुओं को हटाया जाता है। मान्यता है कि इससे घर में स्वास्थ्य, शांति और समृद्धि का वास होता है। इस अवसर पर घरों की सजावट की जाती है और नई प्रार्थना-पताकाएं लगाई जाती हैं।



**तीन दिनों तक चलते हैं कार्यक्रम :** लोसार उत्सव के पहले दिन सूर्योदय से पूर्व ही मठों में शंखनाद गूंजने लगता है। लोग अपने गुरुओं से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। तिब्बती और लद्दाखी परिवार घरों में धार्मिक अनुष्ठान करते हैं, जिनमें दीप प्रज्वलन और बौद्ध मंत्रों का पाठ शामिल होता है। इस दिन तिब्बती लामा और उच्च गुरुओं की दीर्घायु के लिए विशेष प्रार्थनाएं की जाती हैं। दूसरा दिन 'ग्यालपो लोसार' अर्थात 'राजाओं का दिन' कहलाता है। यह दिन सामुदायिक मेल-मिलाप का प्रतीक होता है। ऐतिहासिक रूप से यह शासकों और उनके मंत्रियों के बीच संवाद का दिन रहा है। आज यह सार्वजनिक समारोहों, नृत्य-गीत और मेलों के रूप में मनाया जाता है। लद्दाख और धर्मशाला की सड़कों पर पारंपरिक परिधानों में सजे लोग एक-दूसरे को 'ताशी देलेक' कहकर नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हैं।

तीसरा दिन 'चो-क्योंग लोसार' यानी 'धर्म रक्षकों का दिन' होता है। इस दिन लोग पहाड़ियों और पर्वत चोटियों पर जाकर धूप (सांग) जलाते हैं और प्रार्थना-पताकाएं (लुंगटा) फहराते हैं। ये पताकाएं शांति, करुणा और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक मानी जाती हैं।

**मुखौटा नृत्य (छम) :** लोसार उत्सव का सबसे आकर्षक और रोमांचक पक्ष मठों में होने वाला 'छम' या मुखौटा नृत्य है। यह नृत्य बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक होता है। रंग-बिरंगे रेशमी वस्त्रों और भव्य मुखौटों में सजे लामा जब नृत्य करते हैं, तो दर्शकों को एक अलग ही आध्यात्मिक संसार का अनुभव होता है।

## मिस्र में मिले शैलचित्र का भारतीय संदर्भ में महत्व

मिस्र के दक्षिणी सिनाई स्थित उम्म अरक पठार पर लगभग 10,000 वर्ष पुराने शैलचित्रों की खोज ने प्रागैतिहासिक कला के वैश्विक इतिहास को नए सिरे से देखने का अवसर दिया है। देखा जाए तो यह हालिया पुरातात्विक खोज केवल मिस्र की सांस्कृतिक धरोहर का विस्तार नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के आरंभिक कलात्मक बोध की एक साझा विरासत की ओर संकेत करती है। भारतीय संदर्भ में देखें तो यह खोज विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो उठती है, क्योंकि भारत में भी शैलकला की समृद्ध और प्राचीन परंपरा विद्यमान है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

भारत में मध्य प्रदेश के भीमबेटका शैलाश्रय विश्वप्रसिद्ध प्रागैतिहासिक शैलचित्रों का केंद्र है, जिन्हें यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर का दर्जा प्राप्त है। भीमबेटका की गुफाओं में मानव आकृतियां, शिकार के दृश्य, पशु-पक्षियों की छवियां और सामुदायिक जीवन के संकेत मिलते हैं। आश्चर्यजनक रूप से उम्म अरक के शैलचित्रों में भी समान प्रकार की विषयवस्तु- शिकार, पशु आकृतियां और प्रतीकात्मक चिह्न दिखाई देते हैं। यह समानता इस तथ्य को रेखांकित करती है कि भिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में रहते हुए भी प्रारंभिक मानव समुदायों की संवेदनाएं और अभिव्यक्तियां कहीं न कहीं एक-दूसरे से जुड़ी हुई थीं।



उम्म अरक के चित्रों में जंगली पशुओं और मानव समूहों के दृश्य उस समय की पर्यावरणीय और सामाजिक संरचना का संकेत देते हैं। इसी प्रकार भीमबेटका तथा भारत के अन्य शैलचित्र स्थलों में भी सामुदायिक गतिविधियों, अनुष्ठानों और प्रकृति से गहरे संबंध का बोध मिलता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि शैलकला केवल सौंदर्यबोध की अभिव्यक्ति नहीं थी, बल्कि यह जीवनयापन, आस्था और सामाजिक संगठन का दस्तावेज भी थी। भारतीय परिप्रेक्ष्य में शैलचित्रों को केवल 'कला' के रूप में नहीं, बल्कि सांस्कृतिक स्मृति के रूप में भी देखा जाता है। वे उस समय के मनुष्य के मानस, उसकी आशंकाओं, आकांक्षाओं और आध्यात्मिक अनुभवों का दृश्य लेखा हैं। मिस्र के उम्म अरक की खोज इस वैश्विक मान्यता को पुष्ट करती है कि मानव रचनात्मकता की जड़ें अत्यंत प्राचीन और सार्वभौमिक हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण बिंदु जलवायु और पर्यावरणीय परिवर्तन का है। उम्म अरक के चित्र संकेत देते हैं कि दक्षिणी सिनाई क्षेत्र कभी अधिक हरित और जीवनोपयोगी रहा होगा। इसी प्रकार भारत के कई शैलचित्र स्थल भी ऐसे क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां आज का पर्यावरण अतीत की तुलना में बिल्कुल भिन्न है। इस प्रकार शैलचित्र केवल कला-इतिहास नहीं, बल्कि पर्यावरणीय इतिहास के अध्ययन के लिए भी महत्वपूर्ण स्रोत हैं।

भारतीय कला-दर्शन की दृष्टि से यदि देखें तो 'मंडल', 'चक्र' और 'सृष्टि-चेतना' जैसे प्रतीक, जो बाद की सभ्यताओं में विकसित हुए, उनकी आदिम जड़ें भी संभवतः इन्हीं प्रारंभिक प्रतीकात्मक अभिव्यक्तियों में निहित रही होंगी। दरअसल शैलचित्रों की वृत्तात्मक रचनाएं और समूह-आकृतियां सामूहिकता और ब्रह्मांडीय व्यवस्था की प्रारंभिक समझ का संकेत देती हैं। उम्म अरक की यह खोज भारत सहित विश्व के अन्य प्रागैतिहासिक स्थलों के तुलनात्मक अध्ययन की आवश्यकता को भी रेखांकित करती है। इससे यह समझ विकसित होती है कि मानव सभ्यता का विकास किसी एक भूभाग की कहानी नहीं, बल्कि एक साझा मानवीय यात्रा है।

अतः मिस्र के दक्षिणी सिनाई में मिले ये 10,000 वर्ष पुराने शैलचित्र भारतीय शैलकला की परंपरा के साथ संवाद स्थापित करते हैं। हमें यह स्मरण कराते हैं कि मानवता की सांस्कृतिक स्मृति सीमाओं से परे हैं। ऐसे में चाहे वह सिनाई का पठार हो या भीमबेटका की गुफाएं, कला मनुष्य की सार्वभौमिक भाषा रही है, जो समय, भूगोल और संस्कृतियों को जोड़ती है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,450.96 | 25,725.40 |
| बढ़त | 173.81 | 42.65 |
| प्रतिशत में | 0.21 | 0.17 |

सोना प्रति 10 ग्राम: 1.57 लाख

चांदी प्रति किलो : 2.45 लाख

अमृत विचार
अयोध्या, बुधवार ,18 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



# रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का आधार तैयार कर रहा है भारत: राजनाथ

## देश के कुल रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र का योगदान एक-चौथाई पर पहुंचा

**बेंगलुरु, एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा उत्पादन क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए मंगलवार को कहा कि इससे आत्मनिर्भर रक्षा विनिर्माण क्षेत्र का आधार तैयार हो रहा है। राजनाथ ने मंगलवार को यहां वेमगल में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और एयर बस के संयुक्त हेलीकॉप्टर विनिर्माण संयंत्र की असेंबली लाइन के उद्घाटन के मौके पर कहा कि देश के कुल रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र का योगदान बढ़कर आज लगभग एक-चौथाई पर पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव रक्षा विनिर्माण के लिए एक मजबूत और आत्मनिर्भर आधार



तैयार करने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस संयंत्र में एयरबस से एच125 हेलीकॉप्टर और उसके सैन्य संस्करण एच125एम हेलीकॉप्टर का निर्माण होगा। अगले साल के मध्य तक संयंत्र में बने पहले हेलीकॉप्टर के रोल आउट और उड़ान भरने की उम्मीद है।

इस संयंत्र को शुरू से ही यूरोपीय संघ विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) का प्रमाणन प्राप्त होगा जो वैश्विक स्तर पर दो प्रमुख प्रमाणनों में शामिल है। असेम्बली लाइन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैन्युअल मैक्रां ने मुंबई से वर्चुअल माध्यम से किया। वेमगल में रक्षा मंत्री सिंह, नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू, फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वैट्रिन के अलावा टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और एयरबस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। आयुध कारखानों के निजीकरण, औद्योगिक लाइसेंसिंग में उदारीकरण, निजी निर्माताओं को नीतिगत समर्थन और रक्षा औद्योगिक गलियारों की स्थापना जैसी पहलों का जिक्र करते हुए श्री सिंह ने कहा कि इन सुधारों ने निजी कंपनियों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराकर तथा उत्पादन में नवाचार, प्रतिस्पर्धा और दक्षता को बढ़ावा दिया है जिससे रक्षा क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है।

उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में रक्षा निर्यात में कई गुना वृद्धि हुई है, जिससे देश वैश्विक स्तर पर उभरते रक्षा निर्यातकों में शामिल हो गया है। इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) तथा सहायक उद्योगों के लिए बड़े पैमाने पर अवसर बने हैं। उन्होंने कहा कि परिणामस्वरूप, रक्षा उत्पादन में संलग्न एमएसएमई की संख्या बढ़कर 16,000 से अधिक हो गयी है। अब कई विदेशी कंपनियां भारतीय कंपनियों से महत्वपूर्ण पुर्जे खरीद रही हैं।

## असम सरकार ने 62,294.78 करोड़ का अंतरिम बजट किया पेश

**गुवाहाटी, एजेंसी:** असम की वित्त मंत्री अजंता नियोग ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 62,294.78 करोड़ रुपये का अंतरिम बजट विधानसभा में मंगलवार को पेश किया।

राज्य में कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। चुनाव से पहले अपना अंतिम बजट पेश करते हुए नियोग ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार इस समय असम देश का सबसे तेजी से बढ़ने वाला राज्य है।

उन्होंने कहा कि मैं वित्त वर्ष 2026-27 के शुरुआती महीनों के लिए अनुदान मांगों पर लेखानुदान (वोट ऑन अकाउंट) प्रस्तुत कर रही हूं, जिसकी राशि 62,29,478.30 लाख रुपये है ताकि पूर्ण बजट आने तक सरकार सामान्य सेवाएं जारी रख सके।

## एयर इंडिया, लुफ्थांसा कनेक्टिविटी बढ़ाएंगे

**नई दिल्ली,एजेंसी**

एयर इंडिया और लुफ्थांसा समूह ने आपसी सहयोग को और आगे बढ़ाते हुए एक-दूसरे के यात्रियों के लिए भारत और यूरोप में साझा कनेक्टिविटी का विस्तार करने के लिए मंगलवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। यह समझौता हाल ही में संपन्न ऐतिहासिक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) से उत्पन्न अवसरों का लाभ उठाने के उद्देश्य से किया गया है।

इसके तहत एयर इंडिया और जर्मनी के लुफ्थांसा समूह की विमान सेवा कंपनियों और सहायक कंपनियों - एयर इंडिया एक्सप्रेस, ऑस्ट्रियन एयरलाइंस, ब्रसेल्स एयरलाइंस, आईटीए एयरवेज, लुफ्थांसा, स्विस इंटरनेशनल एयर लाइंस और अन्य संबद्ध एयरलाइंस समेत - के बीच संयुक्त व्यावसायिक समझौते की रूपरेखा तय की गयी है।

एयर इंडिया और लुफ्थांसा समूह के बीच एक कोडशेयर समझौता पहले से है। दोनों स्टार एलायंस के सदस्य हैं। यह करार दोनों पक्षों को भारत और प्रमुख यूरोपीय बाजारों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने के विकल्प तलाशने में सक्षम बनायेगा। एमओयू पर एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन और लुफ्थांसा समूह के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्स्टन श्पोर ने हस्ताक्षर किये। अभी इस समझौते को नियामकीय मंजूरियां मिलनी शेष हैं। दोनों पक्ष चयनित बाजारों में मार्ग योजना और उड़ान समय-सारिणी का समन्वय, संयुक्त बिक्री, विपणन और वितरण पहल पर सहयोग कर सकते हैं।

## बिजनेस ब्रीफ

### कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

**नई दिल्ली,एजेंसी :** विदेशी बाजारों में मिले जुले रुख के बीच कमजोर हाजिर मांग के कारण कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में मंगलवार को कच्चा तेल की कीमत करीब एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,734 रुपये प्रति बैरल रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का फरवरी माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 57 रुपये या 0.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,734 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसके मार्च माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 47 रुपये या 0.81 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,752 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 10,277 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार की कमजोर मांग तथा वैश्विक कीमतों में मिले जुले रुख ने निवेशकों की कारोबारी धारणा को प्रभावित किया। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 63.24 डॉलर प्रति बैरल हो गया जबकि ब्रेंट क्रूड का दाम 0.82 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता 68.10 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

### क्लीनमैक्स का आईपीओ 23 को

**नई दिल्ली,एजेंसी :** वाणिज्यिक और औद्योगिक (सीएंडआई) नवीकरणीय ऊर्जा प्रदाता कंपनी क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस का 3,100 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) सार्वजनिक बिक्री के लिए 23 फरवरी को खुलेगा। कंपनी ने प्रति शेयर 1,000-1,053 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी का आईपीओ 25 फरवरी को बंद होगा, जबकि एंकर निवेशक 20 फरवरी को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। क्लीन मैक्स ने बयान में कहा कि प्रस्तावित आईपीओ में 1,200 करोड़ रुपये तक के शेयरों का ताजा निर्गम और प्रवर्तकों और एक निवेशक शेयरधारक द्वारा 1,900 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

### मारुति ने शुरू की ई-विटारा की बिक्री

**नई दिल्ली, एजेंसी :** देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता मारुति सुजुकी ने मंगलवार को अपने एसयूवी विटारा के इलेक्ट्रिक संस्करण ई-विटारा की घरेलू बाजार में बिक्री शुरू कर दी। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि ग्राहक नेक्सा शोरूम पर जाकर या नेक्सा की वेबसाइट पर 21,000 रुपये का शुरुआती भुगतान करके ई-विटारा की बुकिंग करा सकते हैं। ई-विटारा के 49 किलोवाट आवर मॉडल की बैटरी-एज-ए-सर्विस विकल्प के साथ कीमत 10.99 लाख रुपये है।

## दुपहिया की बिक्री अगले वित्त वर्ष में 2.9 करोड़ के पार होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दुपहिया वाहनों की बिक्री अगले वित्त वर्ष (2026-27) में सात से नौ प्रतिशत के बीच बढ़कर 2.9 करोड़ इकाई पर पहुंच जायेगी। बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से कीमतों में कमी के बाद दुपहिया की घरेलू बिक्री में आयी तेजी अगले वित्त वर्ष में भी जारी रहेगी। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि बिक्री बढ़ने और प्रीमियम सिगमेंट की तरफ ग्राहकों के झुकाव से राजस्व में भी स्थिर वृद्धि की संभावना है।

दुपहिया बाजार में 95 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाली छह कंपनियों के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर क्रिसिल ने बताया कि वित्त वर्ष 2022-26 में दो विपरीत कहानियां देखने को मिलीं।

## नेशनल स्माल इंड. कार्पोरेशन अनुसूची ए उपक्रम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी:** सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के संवर्धन में लगे केंद्रीय एमएसएमई मंत्रालय के उपक्रम नेशनल स्माल इंडस्ट्रीज कार्पोरेशन लि. (एनएसआईसी) को अनुसूची ए के केंद्रीय उपक्रम का दर्जा दिया गया है।

उच्च स्तर का कार्य प्रदर्शन करने वाले केंद्रीय उद्यम इस श्रेणी में रखे जाते हैं। एनएसआईसी को अभी तक अनुसूची बी में रखा गया था।

## ओसलो में नार्वे के वित्त मंत्री से मिलीं सीतारमण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- स्वच्छ ऊर्जा, दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा



सीतारमण

वित्त और कार्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने नॉर्वे की अपनी यात्रा के दौरान ओस्लो में वहां के वित्त मंत्री जेन्स स्टोलटेनबर्ग से मुलाकात की और स्वच्छ ऊर्जा तथा दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी यहां सोमवार देर रात जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक श्रीमती सीतारमण के साथ इस मुलाकात में श्री स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि निवेश और प्रगति के बहुत सारे अवसर देती है।

दोनों नेताओं ने नवीकरणीय ऊर्जा, खासकर सौर पैनल से बिजली तैयार करने, दुर्लभ खनिजों के प्रसंस्करण , वायुमंडल से कार्बन अवशोषण और संग्रह में दोनों देशों के बीच सहयोग पर चर्चा की। विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों मंत्रियों ने भारत और नार्वे सहित चार देशों के मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टेपा) का पूरा फायदा उठाने के कदम उठाने पर सहमति जतायी है। स्टोल्टेनबर्ग ने श्रीमती सीतारमण से कहा कि नार्वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा का इंतजार कर रहा है। मोदी इस साल के आखिर में नार्वे जाने वाले है और उम्मीद है कि इससे भारत -नॉर्वे के बीच सहयोग का विस्तार होगा। वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण ने ओसलो में नॉर्वे की संसद की वित्त समिति की अध्यक्ष तुवा मोफ्लैग, ईएफटीए समिति की उप प्रमुख ट्राइन लिसे सुंडनेस और संसद में नार्वे-भारत मैत्री समूह के प्रमुख हिमांशु गुलाटी से बातचीत की। श्रीमती सीतारमण ने नार्वे के इन नेताओं के साथ भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार क्षेत्र (ईएफटीए) के साथ हुए व्यापार समझौते का पूरा लाभ उठाये जाने के विषय में भी वार्ता की। चार यूरोपीय देशों के व्यापार समूह ईएफटीए में नार्वे भी शामिल है।

# आईटी शेयरों में तेजी से सेंसेक्स मजबूत, निफ्टी 42 अंक लाभ में

**मुंबई, एजेंसी**

**स्थानीय** शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 174 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 42 अंक मजबूत हुआ। बैंक, आईटी और पूंजीगत वस्तुओं से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 173.81 अंक यानी 0.21 प्रतिशत चढ़कर 83,450.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक ऊंचे में 83,598 अंक तक गया तथा नीचे में 82,987.43 अंक तक आया। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 42.65 अंक यानी 0.17 प्रतिशत बढ़कर 25,725.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में आईटीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, सन फार्मा, मारुति सुजुकी इंडिया, इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक और टेक महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इटर्नल, टाटा स्टील, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा



एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले सूचकांकों में भी मजबूती देखी गई। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.49 प्रतिशत और मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.26 प्रतिशत के लाभ में रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजारों में सीमित दायरे में कारोबार हुआ। आईटी क्षेत्र में भारी गिरावट के बाद, वैश्विक एआई साझेदारों के साथ रणनीतिक सहयोग की घोषणाओं के बाद चुनिंदा शेयरों में तेजी से खरीदारी देखने को मिली।

बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 2,447 लाभ में रहे, जबकि 1,756 में गिरावट रही। वहीं 149 के भाव अपरिवर्तित रहे। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1,52,688.24 करोड़ रुपये बढ़कर 4,70,11,313.57 करोड़ (5,180 अरब डॉलर) हो गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के संपत्ति प्रबंधन के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि हाल ही में आई तेज गिरावट के बाद आईटी शेयरों में लगातार दूसरे सत्र में बढ़त दर्ज की गई। इन्फोसिस द्वारा एंथ्रोपिक के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा के बाद इस क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना, जिससे एआई-आधारित व्यवधान को लेकर चिंताएं कम हुई हैं। उन्होंने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बैठक से पहले रक्षा शेयरों में 1.3 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, क्योंकि अतिरिक्त राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद पर संभावित चर्चा की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

एशिया के अन्य बाजारों में, जापान का निक्की नुकसान में रहा, जबकि चीन, हांगकांग और दक्षिण कोरिया के बाजार चंद्र नव वर्ष की छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में तेजी का रुख है।

## अत्याति टेक्नोलॉजीज का 154 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करेगी बीएलएस ई-सर्विसेज

**नयी दिल्ली, एजेंसी:** बीएलएस ई-सर्विसेज ने वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी अत्याति टेक्नोलॉजीज लि. का 154 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने की घोषणा की है। सरकारों और वित्तीय संस्थानों को डिजिटल सेवाएं प्रदान करने वाली बीएलएसई ई-सर्विसेज ने एक बयान में कहा कि यह अधिग्रहण पूरी तरह से नकद में होगा और इसके 31 मार्च, 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। यह सौदा नियामक प्राधिकरणों, शेयरधारकों तथा अन्य मंजूरी पर निर्भर है।



## मंत्री की टिप्पणी के बाद कर्नाटक में नेतृत्व विवाद

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच नेतृत्व को लेकर लंबे समय से जारी विवाद मंगलवार को उस समय और गहरा गया, जब राज्य के समाज कल्याण मंत्री एचसी महादेवप्पा ने आवारा कुत्तों पर उच्च न्यायालय की टिप्पणी का हवाला देते हुए एक विवादित बयान दिया। शिवकुमार सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और विपक्षी सदस्यों ने महादेवप्पा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। महादेवप्पा ने सोमवार को मैसुरु में संवाददाताओं से बातचीत में शीर्ष स्तर पर बदलाव की संभावनाओं को खारिज करते हुए कहा था कि नेतृत्व के मुद्दे पर कहां चर्चा हो रही है? उच्च न्यायालय बार-बार कहता है कि आवारा कुत्तों को पकड़कर आश्रय केंद्रों में बंद करो। यहां राजनीतिक नेतृत्व मजबूत है। जब महादेवप्पा से यह स्पष्ट करने के लिए कहा गया कि उनका इशारा किस ओर था, तो उन्होंने कहा कि वह केवल उच्च न्यायालय की टिप्पणियों का हवाला दे रहे थे।

मंत्री ने कहा कि मैं सिर्फ उच्च न्यायालय की ओर से की गई टिप्पणी का जिक्र कर रहा था। मुझे नहीं पता कि आप लोग इसकी व्याख्या कैसे करते हैं।

# प. बंगाल में पांच निर्वाचन अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट

**कोलकाता, एजेंसी**

- निर्वाचन आयोग ने छह माह पहले आदेश दिया था

पश्चिम बंगाल सरकार ने निर्वाचन आयोग के अल्टीमेटम पर कार्रवाई करते हुए राज्य में विशेष गहन परीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची संशोधन को लेकर कथित गंभीर चूक और डेटा सुरक्षा नीतियों के उल्लंघन के आरोप में राज्य सरकार के पांच कर्मचारियों के खिलाफ मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज की। इन कर्मचारियों में दो निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और दो सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) भी शामिल हैं। यह कार्रवाई आयोग द्वारा राज्य को आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामले शुरू करने का निर्देश दिये जाने के छह महीने बाद की गई।

निर्वाचन आयोग द्वारा शाम पांच बजे की निर्धारित समयसीमा से महज कुछ ही घंटे पहले पुलिस में शिकायतें दर्ज कराई गईं। यह घटनाक्रम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान के बीच हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य सरकार अपने सभी कर्मचारियों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी और इस कदम को गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए । आरोपी कर्मियों पर दक्षिण 24 परगना जिले के बरुईपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र और पूर्वी मेदिनीपुर के मोयना विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूचियों में सौ से अधिक फर्जी नाम जोड़ने का आरोप है।

आयोग ने पिछले साल अगस्त में कथित पेशेवर कदाचार का पता चलने के बाद राज्य सरकार को पांचों अधिकारियों को निलंबित करने और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था। इन पांच अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने अपने प्रवेश संकेत अनधिकृत व्यक्तियों के साथ साझा किए, जिससे मतदाता सूची में नाम जोड़े जा सके और उन्होंने अनिवार्य कर्तव्यों का पालन नहीं किया। इन अधिकारियों में देबोत्तम दत्ता चौधरी और तथागत मंडल (बरुईपुर पूर्व के ईआरओ और एईआरओ), बिप्लब सरकार और सुदीप्त दास (मोयना के ईआरओ और एईआरओ) तथा सुरजीत हलदर (अस्थायी डाटा प्रविष्टि संचालक) शामिल हैं। हालांकि, राज्य सरकार ने अधिकारियों को निलंबित कर दिया था, लेकिन शुरुआत में उसने प्राथमिकी दर्ज नहीं की। सरकार का कहना था कि ये कार्य 'अनजाने में हुई गलतियां' थीं। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 32 का हवाला देते हुए आयोग ने राज्य के रुख को खारिज कर दिया, जनवरी में अनुस्मारक जारी किए और प्राथमिकी दर्ज करने के लिए 17 फरवरी की समय सीमा निर्धारित की।

### ममता ने निर्वाचन आयोग को तुगलकी आयोग बताया



कोलकाता, एजेंसी : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग को एक राजनीतिक दल द्वारा संचालित तुगलकी आयोग करार दिया और राज्य की मतदाता सूचियों में व्यापक हेरफेर का आरोप लगाया। राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा के आईटी सेल की एक महिला पदाधिकारी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल करके बंगाल में 58 लाख मतदाताओं के नाम हटवा दिए। निर्वाचन आयोग उच्चतम न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर रहा है, मतदाताओं को निशाना बना रहा है और लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है। " मतदाता सूची से नाम हटाने के मुद्दे पर उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निर्देश पर निर्वाचन आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान पश्चिम बंगाल के मतदाताओं के नाम हटा रहा है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि तार्किक विसंगतियों का हवाला देते हुए, यह लोकतांत्रिक अधिकारों को छीन रहा है और आम लोगों के साथ आतंकियों की तरह बर्ताव कर रहा है।

## सुनेत्रा पवार राकांपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनीं गयीं

**नई दिल्ली,एजेंसी:** महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है। उनकी नियुक्ति पर औपचारिक मुहर 26 फरवरी को होने वाली पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लगायी जाएगी।


सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को विधायक दल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस बैठक के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए उनके नाम का प्रस्ताव रखा। वहां मौजूद सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन किया

## फारूक ने शांति को एकता की अपील की

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने देश से केंद्र-शासित प्रदेश के लोगों की शांति और गरिमा के लिए लड़ाई में एकजुट होने की मंगलवार को अपील की। अब्दुल्ला केरल राज्य योजना आयोग की ओर से यहां विकास और लोकतंत्र के विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी विजन-2031 के समापन समारोह में बोल रहे थे।

अब्दुल्ला के भावपूर्ण संबोधन को ध्यानपूर्वक सुन रहे मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने सीट पर लौटने पर उन्हें गर्मजोशी से गले लगाया। अब्दुल्ला ने कहा कि हम आपकी ओर देखते हैं और मन ही मन कहते हैं, अल्लाह! तू कब जागेगा, ताकि हम भी आजादी से चल सकें, आजादी से बोल सकें, आजादी से सोच सकें। यही तो लोकतंत्र है-लोगों का, लोगों के लिए, लोगों द्वारा हमारे बच्चे और हमारे लोग, जिन्होंने दुख झेला है, वे आज भी उत्तर में दुख झेल रहे हैं। हां, उन्हें पाकिस्तानी कहकर पुकारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे हमारे बच्चों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। यह सब कब खत्म होगा? नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के वरिष्ठ नेता ने नम आंखों और रुंधे गले से कहा कि दक्षिण अब भी उन सांप्रदायिक ताकतों से मुक्त है, जो देश को बांटने की कोशिश कर रही हैं।



उन्होंने कहा कि मैंने 90 साल की उम्र में यह यात्रा इसलिए की, ताकि आप सभी से कह सकूं कि हमारे बारे में सोचें, हमारे लिए प्रार्थना करें।

## अमेरिका को 5,000 टन बासमती चावल आपूर्ति करने का करार

**नई दिल्ली,एजेंसी:** भारतीय चावल निर्यातक महासंघ के एक सदस्य ने अमेरिका में एक खरीदार को 5,000 टन बासमती चावल आपूर्ति करने के लिए व्यवसायिक समझौता किया है। महासंघ ने कहा कि यह एक अहम घटनाक्रम है क्योंकि यह भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिये जाने के बाद आया है, जिसके तहत अमेरिका भारतीय सामान पर मौजूदा 25 प्रतिशत शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत तक करने पर सहमत हो गया है।

# कामरा विशेषाधिकार समिति के सामने पेश हुए

**शिंदे के खिलाफ टिप्पणी**

**मुंबई, एजेंसी**

स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ अपनी कथित अपमानजनक टिप्पणियों के सिलसिले में मंगलवार को राज्य विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति के सामने पेश हुए। हालांकि, समिति के अध्यक्ष प्रसाद लाड ने बताया कि मुख्य शिकायतकर्ता की अनुपस्थिति के कारण सुनवाई 10 मार्च के लिए स्थगित कर दी गई। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता सुषमा अंधारे भी समिति के समक्ष पेश हुईं।

कामरा और अंधारे ने बाद में संवाददाताओं को बताया कि सुनवाई के दौरान उनके बयान दर्ज नहीं किए गए, क्योंकि मुख्य शिकायतकर्ता भाजपा नेता प्रवीण दारेकर अनुपस्थित थे। शिवसेना की इस धमकी के बारे में पूछे जाने पर कि उन्हें मुंबई आने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे, कामरा ने कहा कि वह सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। लाड के मुताबिक, "कामरा ने समिति को बताया कि वह अपना बयान दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। हालांकि, शिकायतकर्ता की अनुपस्थिति में उनका बयान दर्ज करना उचित नहीं होता। इसलिए यह तय किया गया कि दोनों पक्षों के बयान एक ही दिन दर्ज किए जाएंगे।

दारेकर से चर्चा के बाद 10 मार्च को शाम चार बजे सुनवाई करने का फैसला लिया गया।" अंधारे ने पिछले साल हुई उस घटना का जिक्र किया, जिसमें उस स्टूडियो में तोड़फोड़ की गई थी, जहां कामरा ने अपनी प्रस्तुति के दौरान शिंदे के ऊपर एक पैरोडी गीत गाया था। शिवसेना (उबाठा) नेता ने कहा, "हम जानना चाहते थे कि हमारे खिलाफ क्या आरोप हैं।" दारेकर ने शिवसेना प्रमुख शिंदे के खिलाफ "अपमानजनक टिप्पणी" करने के लिए कामरा और अंधारे के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया था। दारेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता हैं, जो महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति की एक घटक है। अपने सत्ता-विरोधी विचारों के कारण अक्सर विवादों में घिरे रहने वाले कामरा ने पिछले साल एक पैरोडी गीत में शिंदे को निशाना बनाया था और उन्हें परोक्ष रूप से "गद्दार" कहा था।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पटकथा लेखक सलीम खान अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** वरिष्ठ पटकथा लेखक सलीम खान को मंगलवार को मुंबई के बांद्रा स्थित लीलावती अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया। सलीम खान ने जावेद अख्तर के साथ मिलकर शोले, दीवार और डॉन जैसी सुपरहिट फिल्में लिखी हैं। अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि 90 वर्षीय पटकथा लेखक को सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया। पटकथा लेखक के स्वास्थ्य स्थिति के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं है। खान के बेटे सुपरस्टार सलमान खान, बेटी अलवीरा और दामाद अतुल अग्निहोत्री और आयुष शर्मा को अस्पताल में जाते हुए देखा गया।

### हंगरी-अमेरिका में परमाणु समझौता

**बुडापेस्ट।** हंगरी और अमेरिका ने नागरिक परमाणु ऊर्जा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर कर लिए हैं। यह समझौता सोमवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो की बुडापेस्ट यात्रा के दौरान संपन्न हुआ। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ऑर्बान ने कहा कि यह समझौता तथा अमेरिकी प्रशासन द्वारा प्रतिबंधों से संबंधित दी गयी छूट, दोनों मिलकर हंगरी की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेंगे और देश को घरेलू उपभोक्ताओं तथा उद्योग के लिए प्रतिस्पर्धी दरों पर ऊर्जा उपलब्ध कराने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि हंगरी अपने साझेदारों के साथ खुले और पारदर्शी दृष्टिकोण के साथ काम करता है और किसी भी चिंता का समाधान प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से किया जा सकता है।

### हॉकी मैच के दौरान गोलीबारी में तीन मरे

**आइलैंड।** रोड आइलैंड में एक हॉकी मैच के दौरान सोमवार को हुई गोलीबारी में संदिग्ध समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पॉटकेट की पुलिस प्रमुख टीना गोंकाल्वेस ने संवाददाताओं से कहा कि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह लक्ष्य बनाकर की गई गोलीबारी थी। इसका कारण संभवत: कोई पारिवारिक विवाद है। गोंकाल्वेस ने संदिग्ध के बारे में या मारे गए लोगों की उम्र के बारे में विवरण नहीं दिया लेकिन उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि संदिग्ध के अलावा मारे गए अन्य दो लोग वयस्क थे।

### स्पेन में इमारत में आग लगने से पांच की मौत

**मैड्रिड।** उत्तर-पूर्व स्पेन की एक रिहायशी इमारत में आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य मामूली रूप से झुलस गए। क्षेत्रीय आपातकालीन सेवाओं ने सोमवार देर रात यह जानकारी दी। अधिकारियों ने एक बयान में बताया कि बार्सिलोना के उत्तर में स्थित मैनलेउ में पांच मंजिला इमारत के भंडारण कक्ष में आग लगी थी। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पीड़ित इमारत से बाहर क्यों नहीं निकल पाए। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारण का भी अभी पता नहीं चला है।

### जेसी जैक्सन का 84 साल की उम्र में निधन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नागरिक अधिकार नेता, मार्टिन लूथर किंग के सहयोगी और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जेसी जैक्सन का मंगलवार को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जैक्सन परिवार के बयान में कहा गया कि जैक्सन मंगलवार सुबह अपने परिवार के बीच शांति से गुज़र गए। न्याय, समानता और मानवाधिकारों के लिए उनके पक्के इरादे ने आज़ादी और सम्मान के लिए दुनिया भर में चल रहे आंदोलन को हिला दिया। जैक्सन एक मानवाधिकार कार्यकर्ता थे। 1984 और 1988 में डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा था।

# डीपफेक पर ज्यादा कड़े नियमों की जरूरत

## केंद्रीय सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, उद्योग जगत से सरकार की बातचीत जारी

- मंत्री बोले-सभी को देश के कानूनी ढांचे का पालन करना होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि डीपफेक की समस्या तेजी से बढ़ रही है और बच्चों व समाज की सुरक्षा के लिए इससे निपटने के वास्ते कहीं अधिक कड़े नियमों की जरूरत है। डीपफेक, कृत्रिम मेधा (एआई) से तैयार की गई ऐसी तस्वीरें व वीडियो होती हैं जो नकली होने के बावजूद असली प्रतीत होती हैं। उन्होंने बताया कि सरकार मौजूदा प्रावधानों से आगे अतिरिक्त सुरक्षा उपायों को लेकर उद्योग जगत से परामर्श शुरू कर चुकी है।

मंत्री ने कहा कि डीपफेक और उम्र आधारित प्रतिबंधों से निपटने को लेकर सोशल मीडिया मंचों से बातचीत जारी है, ताकि इस मुद्दे पर सबसे उपयुक्त तरीके से निपटा जा सके। मंत्री ने कहा कि कोई भी कंपनी चाहे वह नेटफ्लिक्स, यूट्यूब, मेटा या एक्स हो, सभी को देश के कानूनी ढांचे और संविधान का पालन करना होगा। वैष्णव ने कहा कि डीपफेक की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है और इससे निपटने के लिए कड़े नियमन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि डीपफेक पर कहीं ज्यादा कड़े नियम चाहिए। यह समस्या रोजाना बढ़ती जा रही है। बच्चों और समाज को इनसे होने वाले नुकसान से बचाना बेहद जरूरी है हमें पहले से मौजूद नियमों के अतिरिक्त नियमन चाहिए, इस पर उद्योग जगत के साथ बातचीत शुरू की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि संसदीय समिति ने भी इस विषय पर गहराई से गौर किया है। एआई इम्पैक्ट समिट से इतर संवाददाता सम्मेलन में मंत्री ने कहा कि हमें डीपफेक पर बेहद कड़े नियम बनाने होंगे और संसद के भीतर इस पर व्यापक सहमति बनानी होगी, ताकि समाज को इन खतरों से सुरक्षित रखा जा सके।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा कई देशों ने उम्र आधारित प्रतिबंधों की आवश्यकता को स्वीकार किया है। वैष्णव ने कहा कि यह ऐसी बात है जिसे कई देशों ने माना है कि उम्र आधारित नियमन होना चाहिए। यह हमारे डेटा संरक्षण कानून का भी हिस्सा था जब हमने छात्रों और युवाओं के लिए उपलब्ध सामग्री में उम्र के आधार पर अंतर तय किया था। उसी समय हमने यह दूरदर्शी कदम उठाया था। केंद्रीय मंत्री ने साथ ही कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट में संप्रभु एआई मॉडल उपलब्ध कराए गए हैं और सरकार इन्हें व्यापक रूप से सभी के लिए उपलब्ध कराने को एक विशाल अवसंरचना तैयार करने की योजना बना रही है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि संप्रभु मॉडल वैश्विक स्तर के बड़े एआई मॉडल के सभी मानकों पर खरे उतरे हैं। वैष्णव ने कहा कि यहां संप्रभु मॉडल पेश किए गए हैं। आप जाकर देख सकते हैं कि वैश्विक मानकों पर वे कैसे खरे उतरते हैं। आने वाले समय में, एआई मिशन 2.0 के लिए संप्रभु मॉडल के लिए एक विशाल बुनियादी ढांचा तैयार करने की आवश्यकता होगी।




नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में जानकारी के लिए विभिन्न स्टालों पर उमड़े लोग।

### पहले दिन हुई असुविधा पर जताया खेद

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के पहले दिन लंबी कतारों और भारी भीड़ से उपस्थित लोगों को हुई असुविधा के लिए मंगलवार को खेद जताया और कहा कि सम्मेलन का संचालन सुचारू रूप से करने के लिए आयोजक दल लगातार काम कर रहे हैं। वैष्णव ने कहा कि शिखर सम्मेलन आयोजक दल, लोगों की बात सुनने को तैयार हैं और मुद्दों के तुरंत समाधान के लिए एक 'वॉर रूम' बनाया गया है। मंत्री ने कहा कि आपकी जो भी प्रतिक्रिया है, कृपया हमारे साथ साझा करें। हम खुले विचारों वाले हैं। हमने एक 'वॉर रूम' बनाया है...कोई भी समस्या हो, कृपया हमें बताएं। हम निश्चित रूप से इसे आसान बनाने और आप सभी के लिए इसे और अधिक सुविधाजनक बनाने के प्रयास करेंगे। वैष्णव ने कहा, अगर कल किसी को कोई समस्या हुई हो, तो उसके लिए मुझे खेद है। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

### समिट में शामिल होना न होना व्यक्तिगत निर्णय

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होना या न होना किसी की व्यक्तिगत पसंद का विषय है। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में जेन्सेन हुआंग जैसे प्रौद्योगिकी जगत के कुछ दिग्गजों के शामिल न होने के सवाल पर मंत्री ने यह टिप्पणी की। मंत्री ने साथ ही कहा कि भारत, कृत्रिम मेधा के उचित एवं नैतिक उपयोग पर वैश्विक नेताओं के बीच आम सहमति बनाने का प्रयास कर रहा है। देश के सबसे बड़े वैश्विक कृत्रिम मेधा आयोजनों में शामिल इस शिखर सम्मेलन में नीति निर्माता, उद्योग जगत के दिग्गज एवं प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ एकत्र हुए हैं और कृत्रिम मेधा में नवाचार, संचालन व्यवस्था और वास्तविक उपयोगों पर मंथन कर रहे हैं। वैष्णव ने बताया कि एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने कुछ बेहद जरूरी काम के कारण अपने न आने की जानकारी दी थी।

### एआई सम्मेलन में हिस्सा लेंगे बिल गेट्स

**नई दिल्ली।** गेट्स फाउंडेशन इंडिया ने कहा है कि अमेरिकी व्यापार दिग्गज बिल गेट्स यहां चल रहे एआई इंपैक्ट समिट में हिस्सा लेंगे। फाउंडेशन के इस ऐलान से उन खबरों पर विराम लग गया है जिनमें कहा गया था कि गेट्स इस सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। फाउंडेशन ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए बताया कि वह सम्मेलन में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपना मुख्य भाषण देंगे। फाउंडेशन ने अपनी पोस्ट में कहा कि भारत एआई के क्षेत्र में एक वैश्विक अग्रणी देश है, जिसके पास दुनिया के सबसे बड़े प्रतिभाशाली विशेषज्ञों का समूह है। विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से इसे अपनाने और बड़े पैमाने पर नवाचार की शक्ति भारत के पास है।

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में एआई के प्रयोग में नैतिकता महत्वपूर्ण

- एआई इंपैक्ट सम्मेलन में बोले केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभावी इस्तेमाल में नैतिकता की भूमिका बेहद अहम होगी। सरकार के बहुभाषी एआई इंजन भारतजेन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार किसी भी नयी पहल या उभरती तकनीक के प्रारंभिक चरण में ही आगे आकर भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का अधिकतम और सही उपयोग सुनिश्चित करने में नैतिक मानदंडों की भूमिका बेहद अहम होगी। वह एआई इम्पैक्ट समिट के एक सत्र में बोल रहे थे। सिंह ने कहा कि भारतजेन सरकारी स्वामित्व



वाला संप्रभु मॉडल है, लेकिन निजी क्षेत्र में भी डिजिटल स्वास्थ्य और डिजिटल केस हिस्ट्री जैसे मॉडल पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा, आने वाले समय में हमें भी एकीकृत होना पड़ेगा। न तो वे अकेले काम कर सकते हैं, न ही हम। इसलिए, हमें तैयार रहना होगा। अक्टूबर 2024 में शुरू की गई भारतजेन एक सरकारी परियोजना है, जिसका उद्देश्य स्वदेशी एआई मॉडल विकसित करना है।

# विश्व समुदाय के एजेंडे में भारत का योगदान अहम

- एआई समिट संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस की टिप्पणी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र के एजेंडे में भारत का स्थायी योगदान हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि भारत जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की वैश्विक स्तर पर बढ़ती और सशक्त होती भूमिका एक सकारात्मक मेगा ट्रेंड के रूप में उभर रही है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने ये टिप्पणियां कृत्रिम मेधा पर ग्लोबल साउथ में आयोजित होने वाले पहले शिखर सम्मेलन इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेने के लिए नई दिल्ली रवाना होने से पहले कीं। गुतारेस ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की गतिविधियों के सभी पहलुओं में भारत एक अत्यंत अहम शक्ति बन गया है। मुझे भारत द्वारा आयोजित जी20 की अध्यक्षता याद है जहां बहुत महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे। गुतारेस ने कहा कि एक लोकतांत्रिक देश के रूप में मानवाधिकारों के मामले में भी भारत अहम शक्ति बन गया है, वो भी ऐसी दुनिया में जहां हम लोकतंत्र को संकट में देखते हैं।

# भारत अपने वैश्विक साझेदारों के साथ अधिक गहनता से जुड़ रहा

- वैश्विक आर्थिक कार्यक्रम में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

मुंबई, एजेंसी

विदेशमंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत अंतराष्ट्रीय साझेदारों के साथ मजबूत स्थिति में अधिक गहनता से जुड़ रहा है। उन्होंने देश के बढ़ते आर्थिक प्रभाव के प्रमाण के रूप में हाल ही में हुए कई व्यापार समझौतों का हवाला दिया। उन्होंने वैश्विक आर्थिक सहयोग सम्मेलन में अपने संबोधन में अमेरिका के साथ महत्वपूर्ण व्यापार समझौते सहित कई बड़े सौदों की सफल चर्चा पर प्रकाश डाला। वैश्विक आर्थिक सहयोग कार्यक्रम का आयोजन भविष्य आर्थिक सहयोग परिषद द्वारा विदेश मंत्रालय और महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से किया जाता है।

वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य को शायद हाल के समय में सबसे अस्थिर बताते हुए, मंत्री ने कहा कि दुनिया उत्पादन और वित्त के हथियारीकरण के साथ-साथ निर्यात नियंत्रणों को कड़ा करने और अस्थिर बाजार परिवर्तनों की गवाह बन रही है। उन्होंने कहा कि स्थापित वैश्विक व्यवस्था स्पष्ट रूप से बदल रही है, इसके विकल्प तैयार करना मुश्किल है और ऐसा प्रतीत होता है कि हम एक अनिश्चितता के लंबे दौर की ओर बढ़ रहे हैं। यह दौर अव्यवस्थित, जोखिम भरा, अप्रत्याशित और शायद खतरनाक भी होगा। मंत्री ने कहा कि लंबे समय से बरकरार धारणाएं और अपेक्षाएं अब सवालों के घेरे में आ गई हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख आयाम एक साथ बदल रहे हैं, भले ही वह रणनीतिक हो, राजनीतिक हो, आर्थिक हो या प्रौद्योगिकी हो। उन्होंने कहा कि जोखिम कम करने और कई क्षेत्रों में विविधता लाने में समाधान निहित हैं तथा यह दृष्टिकोण राष्ट्रों की नीति में तेजी से दिखाई दे रहा है। जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि सुधार एक्सप्रेस लगातार जारी रहेगी। विदेश मंत्री ने कहा कि मजबूत स्थिति में भारत अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ अधिक गहनता से जुड़ रहा है। हाल में हुए व्यापार समझौतों में यह बात स्पष्ट रूप से देखी गई। उन्होंने कहा कि आर्थिक सुरक्षा को मजबूत आत्मनिर्भरता और अधिक भरोसेमंद साझेदारों के माध्यम से ही बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने की हाल में घोषणा की।

### अनिश्चित युग में प्रवेश कर चुकी है दुनिया




जयशंकर ने कहा कि दुनिया एक अस्थिर और अनिश्चित युग में प्रवेश कर चुकी है, जो हमारे जीवनकाल में संभवत: सबसे अधिक उथल-पुथल भरा युग है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सेवाओं, प्रौद्योगिकी, कौशल और ज्ञान के क्षेत्र में उत्पादन के वैश्विक समीकरण में भारत की भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगी। जयशंकर ने कहा कि अमेरिका हर कीमत पर पुन: औद्योगीकरण के लिए दृढ़ संकल्पित है और यह प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उसके भविष्य के लिए अहम महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि विनिर्माण और निर्यात पर चीन का लगातार ध्यान है तथा इसमें संभवत: और भी विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा तेज और ध्रुवीकृत होती जा रही है, ऊर्जा व्यापार के प्रवाह में महत्वपूर्ण बदलाव आ रहा है और नए दृष्टिकोण सैन्य तरीके अपनाने सहित अधिक जोखिम को बढ़ावा दे रहे हैं।

# ट्रंप को जिनेवा में ईरान से समझदारी की उम्मीद

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर जून 2025 में हुए हमलों का ज़िक्र करते हुए कहा है कि जिनेवा में होने वाली बैठक में ईरान से समझदारी की उम्मीद है।

ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वह अमेरिका और ईरान के बीच मंगलवार को जिनेवा में होने वाली उच्च स्तरीय परमाणु वार्ता में अप्रत्यक्ष रूप से शामिल रहेंगे। उन्होंने फोर्दो, इस्फहान और नतांज पर हुए अमेरिकी हमलों का उल्लेख करते हुए ईरान से बातचीत के दौरान तर्कसंगत रुख अपनाने की अपील की। ट्रंप ने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में कहा, मैं इन वार्ताओं में अप्रत्यक्ष रूप से शामिल रहूंगा और ये बेहद महत्वपूर्ण होंगी। मुझे उम्मीद है कि वे (ईरान) अधिक तर्कसंगत होंगे।

जिनेवा बैठक में अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति के सलाहकार जेरेड कुशनर के शामिल होने की संभावना है। समझौते की संभावनाओं पर ट्रंप ने कहा कि ईरान पारंपरिक रूप से कड़ा रुख अपनाता रहा है, लेकिन पिछले वर्ष अमेरिकी हमलों से उसने सबक लिया है और अब वार्ता के लिए अधिक इच्छुक है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि वे समझौता न करने के परिणाम चाहते हैं।

### तीन घंटे तक चली दूसरे दौर की परमाणु वार्ता

**जिनेवा।** ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता का नवीनतम दौर लगभग तीन घंटे की बैठक के बाद समाप्त हो गया। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने यह जानकारी दी। जिनेवा में यह वार्ता ऐसे समय में हुई, जब ईरान ने सैन्य अभ्यास के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा की है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य को अस्थायी बंद किया

**जिनेवा।** ईरान ने कहा कि वह अपने सैन्य अभ्यास की वजह से कई घंटों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर रहा है। दोनों देशों में वार्ता की शुरुआत के साथ ही ईरानी मीडिया ने कहा कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर मिसाइलें दागी हैं। जलडमरूमध्य को कई घंटों के लिए बंद कर रहा है।

# गुजरात तट से 200 किग्रा रासायनिक पदार्थ जब्त

- तटरक्षक बल और एटीएस ने दो ईरानी नागरिकों को पकड़ा

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) और तटरक्षक बल ने गुजरात तट से दूर समुद्र में 200 किलोग्राम से अधिक रसायनिक पदार्थ के साथ दो ईरानी नागरिकों को पकड़ा है।

एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने बताया कि एटीएस को पोरबंदर तट से लगभग 140 समुद्री मील दूर अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के निकट भारतीय जलक्षेत्र में संदिग्ध रसायन लाए जाने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि तटरक्षक बल के साथ आठ से दस घंटे तक चलाए गए एक संयुक्त अभियान में सोमवार को रात करीब आठ बजे दो ईरानी नागरिकों को संदिग्ध रसायनों की 203 थैलियों के साथ पकड़ा गया। अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध रसायनिक पदार्थ को प्रथम दृष्टया ईरान से एक स्पीड बोट पर लाया जा रहा था और इसे पंजाब के एक व्यक्ति को सौंपा जाना था। उन्होंने बताया कि स्पीड बोट को जब्त कर लिया गया और सफेद पाउडर वाली थैलियों को आगे की फोरेंसिक जांच के लिए पोरबंदर तटरक्षक स्टेशन लाया गया।

# पाकिस्तान आत्मघाती हमले में 11 सुरक्षाकर्मियों, बच्चे की मौत

- खैबर पख्तूनख्वा में जांच चौकी पर उड़ाई विस्फोट भरी गाड़ी

पेशावर, एजेंसी


उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकियों द्वारा एक जांच चौकी पर विस्फोटक से भरी गाड़ी से किये गये आत्मघाती हमले में 11 सुरक्षाकर्मियों और एक बच्चे की मौत हो गयी। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अफगानिस्तान की सीमा से लगे बाजौर जिले में एफसी जांच चौकी पर हुए इस घातक आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी टीटीपी ने ली है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के अनुसार, 16 फरवरी को बाजौर जिले में फितना अल ख्वारिज से जुड़े ख्वारिजों ने सुरक्षा बलों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों की संयुक्त जांच चौकी पर एक कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले का प्रयास किया। सरकार 'फितना-अल-ख्वारिज' शब्द का इस्तेमाल प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के लिए करती है। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में 12 आतंकवादियों को मार गिराया गया। हताशा में हमलावरों ने विस्फोटक से भरी गाड़ी को सुरक्षा घेरा की दीवार से टकरा दिया।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति: 18 फरवरी, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा 16.57 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर, ऋतु- शिशिर।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल- अश्विनी, कृतिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- शतभिषा 21.16 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** – आज राजनैतिक मामलों में थोड़ी सावधानी रखें। पुरानी बीमारी से राहत मिल सकती है। घर की व्यवस्था में सुधार आयेगा। व्यापार में आपको लाभ की प्राप्ति होगी। दूसरों की सहायता करने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**वृष** – आज समाज में आपके व्यक्तित्व की प्रशंसा होगी। अपनी कार्यप्रणाली को इस समय गुप्त रखें। जीवनसाथी के साथ रिश्ते और मजबूत होंगे। घर में लटके हुए कार्यों को आप पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

**मिथुन** – आज किसी को उधार न दें। आपके पास अत्यधिक काम रहने वाला है। दांपत्य जीवन में थोड़ी समस्या होने की संभावना है। गैस और एसीडिटी के कारण आपको परेशानी हो सकती है। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

**कर्क** – आज किसी से अधिक अपेक्षा न करें। आपको मेहनत अधिक करनी पड़ेगी। अपनी गलतियों से आपको सीखना चाहिए। मन में आशंका हो सकती है। किसी आवश्यक काम में आपको अधिकाधिक धन खर्च करना पड़ सकता है।

**सिंह** – आज किसी जरूरत की वस्तु को प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। आपको अपने काम करने के तरीके को बदलने की आवश्यकता है। घर के लोगों से अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**कन्या** – आज कठिन समस्याओं का हल निकलेगा। स्वार्थ भावना के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं। किसी मित्र को धन उधार देना पड़ सकता है। स्वास्थ्य में थोड़ी कमजोरी होने की सम्भावना है। भावुकता में आकर कोई निर्णय न लें।

**तुला** – आज शंकालु स्वभाव के कारण हानि हो सकती है। सार्वजनिक कार्यक्रमों में आप भाग ले सकते हैं। अपने खर्चों को नियंत्रित रखने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र की व्यवस्था में बदलाव की कुछ योजना बना सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज व्यर्थ की यात्रा करनी पड़ सकती है। परिवार के सभी सदस्य आप से प्रसन्न रहेंगे। गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अतिरिक्त जिम्मेदारियां लेने से बचें। व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं।

**धनु** – आज किसी रिश्तेदार के मिलने से आपका दिन अच्छी तरह बीतेगा। मेहनत का पूर्ण फल आपको प्राप्त होगा। रुचि के अनुसार कार्य मिलने से संतुष्ट रहेंगे। आपके मन की कोई इच्छा पूर्ण हो सकती है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं।

**मकर** – आज अपने जीवनस्तर को अच्छा बनाने का प्रयास करें। अचानक परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। प्रेम संबंधों में समझौते करने पड़ सकते हैं। कार्यक्षेत्र की अतिरिक्त जिम्मेदारियां आपको निभानी पड़ेंगी। सिरदर्द और बुखार जैसी समस्या हो सकती है।

**कुंभ** – आज आप व्यवसाय पर विशेष ध्यान देने वाले हैं। नई कार्ययोजनाओं पर काम कर सकते हैं। अपने जीवनस्तर में परिवर्तन ला सकते हैं। घर की सुख-सुविधाओं और संसाधनों पर आप धन खर्च करेंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**मीन** – आज आपका मन किसी भी काम में अच्छे से नहीं लगेगा। लेन-देन के मामलों में दूरी बनाकर रखें। अपने काम और योग्यता पर विश्वास बनाये रखना आपके लिए अत्यंत आवश्यक है। अहंकारी व्यवहार के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं।


## सुडोकू -65

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | | | | | 8 | | 2 |
| | | 6 | | | 4 | | | |
| | 8 | | | | | 7 | 6 | |
| | 4 | | 1 | | 5 | | | 8 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 8 | | | 6 | | 2 | | 4 | |
| | 6 | 8 | | | | | 9 | 3 |
| | | | 7 | | | 2 | | |
| 2 | | 9 | | | | | 7 | 5 |

### सुडोकू - 64 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 1 |
| 5 | 7 | 9 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 | 9 | 8 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 1 | 2 | 6 | 3 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 2 |



> भारत से हार के बावजूद टीम पर किसी तरह का दबाव नहीं है। सच कहूं तो यह दबाव ज्यादातर दर्शकों और बाहरी शोर से होता है। लोगों को लगता है कि टीम में घबराहट का माहौल है लेकिन टीम के भीतर मैंने ऐसा कोई दबाव महसूस नहीं किया।
>
> –उस्मान तारिक

# स्टेडियम

अयोध्या, बुधवार, 18 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| दक्षिण अफ्रीका–यूएई | पूर्वाह्न 11 बजे |
| नामीबिया–पाकिस्तान | दोपहर 3 बजे |
| भारत–नीदरलैंड्स | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### हरमनप्रीत हुए बाहर हार्दिक संभालेंगे कमान

**नई दिल्ली।** नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह निजी कारणों से 20 से 25 फरवरी तक होबार्ट में होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैचों में नहीं खेल पाएंगे और उनकी जगह मिडफील्डर हार्दिक सिंह को मंगलवार को भारतीय पुरुष की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। भारत, स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट के आगामी चरण में होबार्ट के तस्मानिया हॉकी सेंटर में एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। भारतीय टीम ने राउरकेला में समाप्त हुए चरण में अपने सभी चार मैच गंवा दिए थे, जिसमें अर्जेंटीना के हाथों 0-8 की शर्मनाक हार भी शामिल है।

### वनडे टीम का हिस्सा बनीं प्रतिका रावल

**नई दिल्ली।** प्रतिका रावल को ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ होने जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में 16वीं खिलाड़ी के रूप में जोड़ा गया है। ये सीरीज फिलहाल चल रही तीन मैचों की टी20 सीरीज के बाद खेली जाएगी। 26 अक्तूबर से ही चोट के कारण मैदान से दूर चल रही रावल को इससे पहले टेस्ट टीम में भी शामिल किया गया था। हालांकि, अब अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी वापसी जल्दी होगी।

### भगत की निगाहें एशियाई खेलों पर

**नई दिल्ली।** डोपिंग से जुड़े नियमों के उल्लंघन के कारण 2024 में पेरिस पैरालंपिक खेलों में नहीं खेल पाने वाले बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने हाल में विश्व खिताब जीतकर अपने करियर को नहीं दिशा दी है और उनकी निगाह अब एशियाई खेलों और 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले पैरालंपिक खेलों पर टिकी है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के डोपिंग नियमों का उल्लंघन करने के लिए 18 महीने के प्रतिबंध के बाद वापसी करते हुए भगत ने पैरा विश्व चैंपियनशिप में एसएल3 श्रेणी में अपना छठा एकल स्वर्ण पदक जीतकर खुद को साबित किया। भगत ने इस तरह से लगातार चौथा एकल विश्व खिताब हासिल किया।



## ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर फिरा पानी, जिम्बाब्वे सुपर-8 में

**पल्लेकल, एजेंसी**

जिम्बाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप ग्रुप बी का मैच बारिश में धुलने के बाद सुपर आठ में प्रवेश कर लिया जबकि पूर्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। दोनों टीमों को एक एक अंक मिला जिससे जिम्बाब्वे के पांच अंक हो गए।

अब 26 फरवरी को पहले सुपर आठ मुकाबले में चेन्नई में जिम्बाब्वे का सामना भारत से होगा। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने कहा हमने अभी लक्ष्य हासिल नहीं किया है, बस उसकी ओर कदम बढाया है। थोड़ा बहुत जश्न होगा, लेकिन फोकस अगले मैच पर है।

- सुपर-8 में 26 फरवरी को भारत से टकराएगा जिम्बाब्वे

पिछली बार टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने से चूकी जिम्बाब्वे सुपर आठ में पहुंचने वाली सातवीं टीम बन गई। ग्रुप वन में भारत, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज भी सुपर आठ में पहुंच गए हैं। जिम्बाब्वे को आखिरी ग्रुप मैच 19 फरवरी को श्रीलंका से खेलना है। श्रीलंका छह अंक लेकर पहले ही सुपर आठ में पहुंच चुका है।

आस्ट्रेलिया के दो अंक है जिसे जिम्बाब्वे और श्रीलंका ने हराया। ग्रुप दो में श्रीलंका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान या अमेरिका होंगे। रजा ने कहा मैं और कोच मिलकर श्रीलंकाई टीम के बारे में विश्लेषण करेंगे और यह मैच जीतने की कोशिश करेंगे। क्वालीफाइंग से हमारा लक्ष्य नहीं बदला है। हमें यह मैच भी जीतना है। पूर्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया को जिम्बाब्वे के दोनों मैच हारने के बाद ही सुपर आठ में जगह मिलनी थी लेकिन बारिश ने उसके इरादों पर पानी फेर दिया।

### सुपर-8 में भारत के मुकाबले

| बनाम | तारीख | मैदान | समय |
|---|---|---|---|
| साउथ अफ्रीका | 22 फरवरी | अहमदाबाद | शाम 7 बजे |
| जिम्बाब्वे | 26 फरवरी | चेन्नई शाम | शाम 7 बजे |
| वेस्टइंडीज | 1 मार्च | कोलकाता | शाम 7 बजे |



### पाकिस्तान के लिए करो या मरो का मुकाबला

**कोलंबो।** अपने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से मिली करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान का टी20 विश्व कप में अभियान नाजुक मोड़ पर पहुंच गया है और इससे नामीबिया के खिलाफ बुधवार को होने वाला मैच उसके लिए करो या मरो जैसा बन गया है। एक समय पाकिस्तान सुपर आठ में जगह बनाने की अच्छी स्थिति में दिख रहा था लेकिन भारत से हार ने उसे बुरी तरह से झकझोर दिया है जिसके कारण उसे ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में करो या मरो की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

# अहमदाबाद को अभिषेक शर्मा से आक्रामक पारी का इंतजार


## टी-20 विश्व कप : स्पिनरों के सामने सुधार करना चाहेगा भारत

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अपनी पिछली दो पारियों में खाता खोलने में नाकाम रहे सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा नीदरलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बड़ी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जबकि भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज भी सुपर आठ चरण से पहले स्पिन के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। अभिषेक शर्मा ने पिछले 18 महीने में खुद को इस प्रारूप का खतरनाक खिलाड़ी साबित किया है लेकिन घरेलू मैदान पर खेली जा रही आईसीसी प्रतियोगिता में वह अभी तक अपना जलवा नहीं दिखा पाए हैं।

अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद वह पेट के संक्रमण के कारण नामीबिया के खिलाफ दूसरे मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में वापसी की लेकिन खाता खोलने में नाकाम रहे। लेकिन दूसरे छोर पर ईशान किशन की शानदार फॉर्म के कारण अभिषेक के बल्ले से रनों की कमी का टीम की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ा है। अभिषेक जोखिम लेने से नहीं कतराते हैं और उनकी इस तरह की बेखौफ बल्लेबाजी से भारत को कई मैच में जीत भी मिली है। लेकिन इस 25 वर्षीय बल्लेबाज का पिछली छह पारियों में चार बार शून्य पर आउट होना यह संकेत देता है कि उन्हें पावरप्ले में अपनी रणनीति की समीक्षा करने की जरूरत है। अभिषेक की आक्रामक बल्लेबाज की छवि को देखते हुए यह स्पष्ट है कि विरोधी टीमों ने भारत के इस सलामी बल्लेबाज का सामना करने के लिए अतिरिक्त तैयारी की है।

अभिषेक के स्वयं यह स्वीकार करते हैं कि उनके पास टीम के अन्य बल्लेबाजों की तरह शॉट की व्यापक रेंज नहीं है और वह क्रीज का उपयोग करने और अपने बल्ले की स्विंग पर भरोसा करते हैं ताकि विपक्षी टीम में खौफ पैदा कर सकें।



अभ्यास करते कुलदीप यादव व अर्शदीप सिंह। एजेंसी




### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, इशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह।

**नीदरलैंड :** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), कॉलिन एकरमैन, नोआ क्रोज़, बास डी लीडे, आर्यन दत्त, फ्रेड क्लासेन, काइल क्लेन, माइकल लेविट, ज़ैक लायन–कैशेट, मैक्स ओ 'डोव्ड, लोगान वैन बीक, टिम वैन डेर गुगटेन, रूलोफ वैन डेर मेरवे, पॉल वैन मीकेरेन, साकिब जुल्फिकार।

## नेपाल ने स्कॉटलैंड को हराकर पहली जीत दर्ज की



शॉट लगाते नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी। एजेंसी

**मुंबई, एजेंसी**

नेपाल ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड को सात विकेट से हराया। नेपाल का अभियान चार मैचों में एक जीत के साथ खत्म हुआ। स्कॉटलैंड की चार मैचों में यह तीसरी हार है।

स्कॉटलैड को सात विकेट पर 170 रन पर रोकने के बाद नेपाल ने 19.2 ओवर में तीन विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

नेपाल की ओर से दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 23 गेंद में नाबाद 50 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली।सलामी बल्लेबाज कुशल भुर्तेल ने 43 जबकि आसिफ शेख ने 33 रन का योगदान दिया। स्कॉटलैंड के लिए माइकल लीस्क ने तीन विकेट लिए।



न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र (दाएं), कनाडा के खिलाड़ियों के साथ।

## फिलिप्स की तूफानी पारी से न्यूजीलैंड सुपर-8 में पहुंचा

**चेन्नई, एजेंसी**

युवराज समरा टी20 विश्व कप में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बने लेकिन यह उलटफेर करने के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुई क्योंकि न्यूजीलैंड ने ग्लेन फिलिप्स की तूफानी पारी के दम पर मंगलवार को यहां ग्रुप डी के मैच में कनाडा को 29 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की।

भारत के विश्व कप विजेता ऑलराउंडर युवराज सिंह के नाम पर 19 वर्षीय समरा का नाम रखा गया था और उन्होंने अपने नाम को सही साबित करते हुए आखिरी ओवर में आउट होने से पहले 65 गेंद पर 110 रन बनाए जिसमें 11 चौके और छह छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 173 रन बनाए।

फिलिप्स की 36 गेंद पर चार चौकों और छह छक्कों की मदद से खेली गई नाबाद 76 रन की पारी तथा रचिन रविंद्र (39 गेंद पर नाबाद 59) के साथ उनकी 146 रन की अटूट साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने 15.1 ओवर में दो विकेट पर 176 रन बनाकर कनाडा के स्कोर को बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और शान से अगले चरण में प्रवेश किया।

न्यूजीलैंड ने चार मैच में छह अंक के साथ अपने अभियान का समापन किया। वह ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका के बाद दूसरे स्थान पर है।

## टी-20 विश्व कप में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए युवराज समरा

**खेल डेस्क**

**अमृत विचार।** कनाडा के भारतीय मूल के 19 साल 141 दिन के बल्लेबाज युवराज समरा ने टी-20 विश्व कप इतिहास में शतक जमाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। समरा ने मंगलवार को यहां ग्रुप डी मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ 65 गेंदों में करियर की सर्वश्रेष्ठ 110 रन की पारी खेली। वह इस विश्व कप में अब तक सर्वाधिक स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। क्रिकेट के शौकिन पिता बलजीत समरा ने उनका नाम सिक्सर किंग भारतीय बल्लेबाज युवराज सिंह के नाम पर रखा था। पिछले साल मार्च में पदार्पण करने वाले समरा ने अपने 19वें टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में यह उपलब्धि हासिल की। समरा ने अपनी तूफानी पारी के दौरान 11 चौके और छह छक्के जड़े। वह अंतिम ओवर में जैकब डफी पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में आउट हुए। उनकी यह पारी टी20 विश्व कप में किसी एसोसिएट टीम के बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है। इससे पहले टी20 विश्व कप में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के अहमद शहजाद के नाम था, जिन्होंने 2014 में 22 वर्ष की आयु में यह उपलब्धि हासिल की थी।



- भारतीय सिक्सर किंग युवराज सिंह के नाम पर रखा गया है इस कनाडा खिलाड़ी का नाम

### टी20 विश्व कप में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी

- 19 वर्ष 141 दिन – युवराज सामरा (कनाडा) बनाम न्यूजीलैंड, चेन्नई, 2026
- 22 वर्ष 127 दिन – अहमद शहजाद (पाकिस्तान) बनाम बांग्लादेश, मीरपुर, 2014
- 23 वर्ष 156 दिन – सुरेश रैना (भारत) बनाम दक्षिण अफ्रीका, ग्रोस आइलेट, 2010

> मुझे लगता है कि इस पारी से मेरा जीवन बदल सकता है। मैं खेल में कैरियर बना सकता हूं। मेरे लिए यह सपना सच होने जैसा होगा। मैं हमेशा से इस पल, इस दिन और रात के बारे में सोचता था। मैं विश्व कप में नाम कमाना और खेल में कैरियर बनाना चाहता था। कनाडा में यह आसान नहीं है क्योंकि खेलने के लिये तीन महीने ही मिलते हैं। बाकी समय माइनस 25 या 30 तापमान रहता है। हमने श्रीलंका में अभ्यास किया।
>
> –युवराज समरा

**रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल**

736 रनों का विशाल स्कोर बनाने के बाद उत्तराखंड के पांच विकेट 149 पर चटका दिए

# उत्तराखंड के खिलाफ कर्नाटक ने कसा शिकंजा

**लखनऊ, एजेंसी**

कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को पहली पारी में 700 से अधिक स्कोर बनाने के बाद उत्तराखंड के पांच विकेट 149 रन पर चटका दिए। आठ बार के चैम्पियन कर्नाटक ने दूसरे दिन छह विकेट पर 689 रन बना लिये थे लेकिन तीसरे दिन पारी घोषित नहीं की। रविचंद्रन स्मण और विद्याधर पाटिल ने टीम को 736 रन तक पहुंचाया। अब कर्नाटक ने पूरी तरह से मैच पर शिकंजा कस लिया है।

स्मरण और पाटिल ने कल के स्कोर में 28 रन और जोड़े। पाटिल ने 114 गेंद में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाए। स्मरण और पाटिल के आउट होने के बाद कर्नाटक की पारी का भी अंत हो गया। इससे पहले केएल राहुल ने 141 रन बनाये थे। उत्तराखंड के लिये दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज आदित्य रावत ने चार और स्पिनर मयंक मिश्रा ने तीन विकेट लिए। उत्तराखंड अभी भी पहली पारी में 587 रन से पीछे है। कर्नाटक के लिये पाटिल ने दो विकेट चटकाये। कर्नाटक ने 81 रन पर चार विकेट गंवा दिये थे जिसके बाद लक्ष्य रायचंदानी (नाबाद 52) और जगदीशा सुचित (21) ने पांचवें विकेट के लिये 43 रन की साझेदारी की। सुचित को भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने आउट किया जिससे उत्तराखंड का स्कोर पांच विकेट पर 124 रन हो गया। लक्ष्य और सौरभ रावत (10) क्रीज पर टिके हुए हैं।



बंगाल के सूरज सिंधु जायसवाल का विकेट लेने के बाद टीम के साथ जश्न मनाते जम्मू और कश्मीर के औकिब नबी (बाएं से दूसरे)। एजेंसी

### जम्मू-कश्मीर फाइनल में पहुंचने के करीब

**कल्याणी।** तेज गेंदबाज आकिब नबी के हरफनमौला खेल से जम्मू कश्मीर रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को यहां बंगाल के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत कर फाइनल में पहुंचने के करीब पहुंच गया। मैच में नौ विकेट लेने वाले नबी ने जम्मू कश्मीर की पहली पारी में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 42 रन की अहम पारी खेली जिससे बंगाल की टीम बड़ी बढ़त लेने में नाकाम रही। नबी के हरफनमौला खेल ने भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी की शानदार गेंदबाजी को फीका कर दिया। शमी ने जम्मू कश्मीर की पहली पारी में 22.1 ओवर में 90 रन देकर आठ विकेट लिये। बंगाल की पहली पारी में 328 रन के जवाब में जम्मू कश्मीर की पहली पारी 302 रन पर सिमटी।

# यामल पेनाल्टी से चूके, बार्सिलोना एक सप्ताह में दूसरा मैच हारा

**गिरोना (स्पेन), एजेंसी**

लामिन यामल पेनाल्टी पर गोल करने से चूक गए जिससे बार्सिलोना सोमवार को यहां गिरोना से 2-1 से हार गया और इस तरह से उसने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में रियल मैड्रिड को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया।

बार्सिलोना की एक हफ्ते से भी कम समय में यह दूसरी हार है जिसके कारण वह तालिका में दूसरे स्थान पर आ गया। वह रियल मैड्रिड से दो अंक पीछे है। इस मैच में जीत से बार्सिलोना अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी से आगे हो जाता लेकिन अब उसके 24 मैच में 58 अंक है जबकि रियल मैड्रिड के इतने ही मैच में 60 अंक हैं। बार्सिलोना की टीम पिछले हफ्ते कोपा डेल रे में एटलेटिको मैड्रिड से 4-0 से हार गई थी। यामल ने हाफ टाइम से ठीक पहले पेनल्टी किक को गोलपोस्ट पर मार दिया हालांकि पाउ कुबार्सी के गोल से बार्सिलोना ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही बढ़त बना ली थी। हालांकि, महज तीन मिनट बाद ही गिरोना ने जोरदार वापसी करते हुए मैच पर कब्जा जमा लिया।



स्पेन के गिरोना जोएल रोका से बहस करते बार्सिलोना लामिन यामल। एजेंसी